THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 298 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.6, 2082 शनिवार, 24 जनवरी-2026

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये




**SHOWROOMS: TELANGANA: HYDERABAD:** RENAULT **GACHIBOWLI** Ph: 9289220863, RENAULT **HITECH CITY** Ph: 9311733970, RENAULT **KUKATPALLY** Ph: 7067322620, RENAULT **LB NAGAR** Ph: 9311700671. RENAULT **KARIMNAGAR** Ph: 9582305983. RENAULT **KHAMMAM** Ph: 8527234093. RENAULT **MAHBUBNAGAR** Ph: 9289995319. RENAULT **NIZAMABAD** Ph: 9311700672. RENAULT **SHADNAGAR** Ph: 9311700675.

सुविचार: गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने का प्रयास ही आपको सफलता दिलाता है!

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए 'अराइव अलाइव' जागरूकता कार्यक्रम

### कार्यक्रम में शामिल हुए डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी




हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यभर में 'अराइव अलाइव' कार्यक्रम 27 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे। 13 जनवरी को शुरू हुए ये कार्यक्रम अवकाश के दिनों को छोड़कर लगभग दस दिनों तक चलेंगे।

जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इन कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। 20 जनवरी को निर्मल जिले में मंत्री जूपल्ली कृष्णाराव 'अराइव अलाइव' कार्यक्रम में शामिल हुए थे। वहीं, पुलिस महानिदेशक बी. शिवधर रेड्डी शुक्रवार को निजामाबाद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अब तक राज्यभर में कुल 3,836 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। तेलंगाना पुलिस विभाग सड़क दुर्घटनाओं और जानमाल के नुकसान को उल्लेखनीय रूप से कम करने के उद्देश्य से इस महत्वाकांक्षी सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को लागू कर रहा है। जनता की भागीदारी से सड़क सुरक्षा को एक जन आंदोलन में बदलना इसका मुख्य उद्देश्य है। इस अभियान का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना, दुर्घटनाओं का कारण बनने वाले लापरवाह व्यवहार को कम करना और डिफेंसिव ड्राइविंग संस्कृति को मजबूत करना है। गांव से लेकर जिला स्तर तक सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए व्यापक जागरूकता फैलाई जा रही है। छात्रों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों, कॉर्पोरेट संस्थानों, मीडिया, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सरकारी विभागों और न्यायिक प्रतिनिधियों की भागीदारी से राज्यभर में व्यापक प्रचार किया जा रहा है। तेलंगाना को देश के लिए आदर्श सड़क सुरक्षा राज्य बनाने के उद्देश्य से कदम उठाए जा रहे हैं।

कार्यक्रमों में हेलमेट का उपयोग, सीट बेल्ट पहनना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से परहेज, शराब पीकर वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई, गलत दिशा में वाहन चलाना, सिग्नल जंप करना, स्टॉप लाइन पार करना, हाईवे पर ऑटो ओवरलोडिंग, मीटर-यूनिफॉर्म नियमों का पालन, हाईबीम लाइट का दुरूपयोग न करना, बाईं ओर से ओवरटेक करने जैसी खतरनाक आदतों को समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता दी जा रही है। जिला स्तर पर पुलिस आयुक्त और एसपी सभी विभागों के समन्वय से कार्यक्रम चला रहे हैं। डिवीजन स्तर पर एसडीपीओ, मंडल स्तर पर सीआई और एसआई, तथा गांवों में सरपंच की अध्यक्षता में ग्राम ट्रैफिक सेफ्टी कमेटियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, एनसीसी प्रतिनिधियों, युवाओं, ऑटो चालकों, ट्रैक्टर मालिकों आदि को इस आंदोलन में भागीदार बनाया जा रहा है। डिफेंसिव ड्राइविंग, छात्र-युवा जागरूकता, ग्रामीण सड़क सुरक्षा, महिला एवं पारिवारिक सुरक्षा, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर जीरो टॉलरेंस, कॉर्पोरेट और परिवहन क्षेत्र के सहयोग जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्राम सभाओं, शैक्षणिक संस्थानों, आरटीसी बसों, निजी ट्रैवल्स, कैब सेवाओं, मॉल, बाजार, रैतू बाजार, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, उद्योगों, धार्मिक संस्थानों और स्वय सहायता समूहों के सहयोग से व्यापक प्रचार किया जा रहा है। दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। जनता के सहयोग से सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाकर तेलंगाना को सड़क सुरक्षा में देश के लिए आदर्श बनाने की दिशा में ये कार्यक्रम निरंतर जारी हैं।

## बीआरएओयू में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ.बी.आर. अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीआरएओयू) ने शुक्रवार को तेलंगाना सरकार के निर्देशानुसार अपने परिसर में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम आयोजित किया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ.एल. विजयकृष्ण रेड्डी ने कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में वे किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, संविधान प्रदत्त मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से प्रयोग करेंगे तथा जाति, क्षेत्र, धर्म, लिंग या भाषा के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रो. पुष्पा चक्रपाणी, प्रो.डी. रबींद्रनाथ सोलोमन, प्रो.पी. वेंकट रमणा, प्रो.बी. श्रीनिवास सहित सभी निदेशक, डीन, विभागाध्यक्ष तथा शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## फोन टैपिंग मामले में साजिश के आरोपों को टीपीसीसी प्रमुख ने खारिज किया

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने फोन टैपिंग मामले की जांच को लेकर लगाए जा रहे राजनीतिक साजिश के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह जांच पूरी तरह संविधान के दायरे में की जा रही है। शुक्रवार को विधानसभा स्थित कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) कार्यालय में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर वास्तव में कोई राजनीतिक प्रतिशोध होता, तो कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही कार्रवाई शुरू हो जाती। उन्होंने कहा, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव का यह कहना कि उनके खिलाफ व्यक्तिगत द्वेष से कार्रवाई हो रही है, हास्यास्पद है। क्रेटीआर को



फोन टैपिंग मामले में आत्ममंथन करना चाहिए। महेश कुमार गौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार पर 'अली बाबा और चालीस चोरों' जैसी शैली में भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए बीआरएस को स्टुअर्टपुरम के चोरों का गिरोह करार दिया। उन्होंने कहा, जब केटीआर की अपनी बहन कविता यह कह रही हैं कि उनका फोन टैप किया गया, तब उनके पास कोई जवाब नहीं है। फोन टैपिंग मामला गंभीर है। इसकी तुलना आंदोलन से जुड़े मामलों से करना सही नहीं है। उन्होंने आगे कहा, मुझ पर यह कहकर निगरानी रखी गई और मेरा फोन टैप किया गया कि मेरे नक्सलियों से संबंध हैं। फिर फिल्मी सितारों के फोन टैप करने की क्या जरूरत थी?

टीपीसीसी प्रमुख ने केंद्रीय मंत्री बंडी संजय की भी आलोचना की कि वे बीआरएस का समर्थन कर रहे हैं और सवाल किया कि कलेश्वरम परियोजना से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों पर केसीआर परिवार के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

## ओबीसी संगठनों ने विधायी आरक्षण और अलग केंद्रीय मंत्रालय की मांग दोहराई

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी आरक्षण उपलब्धि समन्वय जेएसी द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी में शुक्रवार को ओबीसी के लिए विधायी निकायों में आरक्षण और ओबीसी मामलों के लिए अलग केंद्रीय मंत्रालय की मांग दोहराई गई। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बीसी दल के अध्यक्ष और जेएसी चेयरमैन दुंद्रा कुमारस्वामी ने कहा कि जब तक संसद ओबीसी को विधायी संस्थाओं में आरक्षण देने का कानून पारित नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक होने के बावजूद ओबीसी राजनीतिक रूप से उपेक्षित हैं। इस संगोष्ठी में पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर राजेशम, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमादेवी, तेलंगाना सीपीआई के राज्य सचिव वेंकटस्वामी, राष्ट्रीय बीसी दल के जीएचएमसी अध्यक्ष राजेश यादव सहित कई राज्यों से आए ओबीसी नेता, शिक्षाविद और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने विधायी आरक्षण के अभाव पर चिंता जताई और केंद्र सरकार पर वर्षों से लंबित मांगों को टालने का आरोप लगाया। कुमारस्वामी ने ओबीसी विधायी आरक्षण विधेयक को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की, ताकि कानूनी अड़चनों से बचा जा सके। संगोष्ठी का समापन देशव्यापी आंदोलन तेज करने और ओबीसी संगठनों के बीच समन्वय मजबूत करने के प्रस्ताव के साथ हुआ।

## नशीले पदार्थ व अवैध हथियार मामले में सजा

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता में मैलारदेवपल्ली के कुख्यात अपराधी मिर्ज़ा रहमत अली बेग को फलकनुमा पुलिस स्टेशन में दर्ज नशीले पदार्थ और अवैध हथियारों के मामले में दोषी ठहराया गया। नामपल्ली स्थित सोलहवें अतिरिक्त मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट न्यायालय ने उसे एनडीपीएस और शस्त्र अधिनियम मामलों में दोषी पाया। अदालत ने हर मामले के लिए 10,000 रुपये के जुर्माने के साथ एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने यह भी कहा कि जुर्माना न भरने की स्थिति में अतिरिक्त तीन महीने का कारावास भुगतना होगा। हैदराबाद पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार ने जांच अधिकारियों और टीम की कार्यकुशलता की सराहना की।

## बीआरएस नेताओं को निशाना बनाने पर हरीश राव की पुलिस अधिकारियों को चेतावनी

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक दल के उपनेता टी हरीश राव ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बीआरएस नेताओं को निशाना बनाकर की जा रही अनुचित और गैरकानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन में बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के समक्ष पेशी से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिस कार्रवाई की निंदा करते हुए हरीश राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के तहत बीआरएस नेताओं को परेशान करने के लिए एसआईटी का दुरूपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ पुलिस अधिकारी अपने राजनीतिक आकाओं को खुश




करने के लिए कानून की सीमाएं लांघ रहे हैं।

हरीश राव ने चेतावनी देते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन करने वाले अधिकारी चाहे कहीं भी छिप जाएं, उन्हें जवाबदेह बनाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचे अधिकारियों को जानबूझकर एसआईटी में शामिल किया जा रहा है और झूठे मामलों व जानबूझकर सूचनाएं लीक कर बीआरएस नेताओं को परेशान किया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि अधिकारी अन्यायपूर्ण व्यवहार करते हैं या गलत सूचनाएं फैलाते हैं, तो उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि जब बीआरएस दोबारा सत्ता में आएगी, तब गैरकानूनी ढंग से काम करने वाले अधिकारियों को सरकार का कोई संरक्षण नहीं मिलेगा और उन्हें अपने खर्च पर कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ेगी। हरीश राव ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी पर विपक्ष को डराने-धमकाने और राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने दोहराया कि बीआरएस नेताओं के पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है और वे जांच में सहयोग कर रहे हैं, लेकिन बिना सबूत मीडिया में खबरें लीक कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

## आज बीएसई में अंतर्राष्ट्रीय निवेश सम्मेलन की मेजबानी करेगी अपटिक

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित अपटिक, जो ग्रोवकैप फिनटेक इकोसिस्टम का हिस्सा है, 24 जनवरी को मुंबई के बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन हॉल में निवेश और वैश्विक मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा।

इस सम्मेलन में वैश्विक निवेश संस्थानों, फैमिली ऑफिसों, सलाहकार फर्मों और नीति-उन्मुख संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे।

मुख्य चर्चा का विषय बदलते वैश्विक निवेश परिदृश्य, सीमा पार पूंजी प्रवाह और जिम्मेदार व पारदर्शी निवेश को सक्षम करने में नियामक ढांचे की भूमिका होगी। सम्मेलन में वैकल्पिक निवेश, वैश्विक पूंजी आवंटन के रुझान और तेजी से जुड़े बाजार परिवेश में भारतीय निवेशकों के निर्णय लेने की प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के प्रभाव पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## विवाद के दौरान चाकू से हमला, एक घायल

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। पेटबशीरबाद उपनगर के मैसम्मागुडा में शुक्रवार को संपत्ति संबंधी विवाद के चलते एक व्यक्ति पर चाकू से हमला किया गया। घायल व्यक्ति शंकर हैं, जो स्थानीय निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, रवि नामक व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला किया, जिससे शंकर के सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। पड़ोसियों ने हस्तक्षेप कर शंकर को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पेट बशीरबाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया है और हमले के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, No.14648184P, Hav, Jeevan, R/o, Dist: Indore, Madhya Pradesh, changed my Mother's name from Bhagvatabai Jenghori to Bhagwati Bai, vide Affidavit No. 284439 dt. 23.01.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## कांग्रेस कार्यकर्ता ने विधायक पर की हमले की कोशिश

वारंगल, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जनगांव में शुक्रवार को तनाव का माहौल बन गया जब कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंचायत राज और ग्रामीण विकास मंत्री डी. अनुसूया की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीआरएस विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी पर हमला करने का प्रयास किया। मंत्री डी. अनुसूया कार्यक्रम में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए जनगांव पहुंचे थे और विधायक पल्ला राजेश्वर रेड्डी भी उपस्थित थे। कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक के प्रवेश का विरोध किया और नारेबाजी शुरू कर दी।

## ओआरआर के आसपास सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। आउटर रिंग रोड (ओआरआर) के आसपास यातायात की भीड़ को कम करने के उद्देश्य से हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) ने एमजीआईटी के शंकरपल्ली रोड से मणिकोंडा तक पाइपलाइन सड़क को चौड़ा और मजबूत करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस योजना में एनपीसीआई क्षेत्र में जंक्शन विकास भी शामिल है। इस प्रस्तावित परियोजना से कोकापेट, मणिकोंडा, गांडीपेट, पुप्पलगुडा और नरसिंगी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था के सुगम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

हैदराबाद ग्रोथ कॉरिडोर लिमिटेड (एचजीसीएल) ने एमजीआईटी स्थित शंकरपल्ली रोड से मणिकोंडा तक 3.57 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन सड़क के विकास का कार्य अपने हाथ में लिया है।

राज्य सरकार ने इसके लिए 110 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। प्रस्तावित विकास कार्यों में 10 मीटर के मध्य भाग के साथ 6 लेन सड़क का निर्माण, दोनों ओर नाली सह फुटपाथ, पुलिया व छोटे पुल, जंक्शन सुधार और भूनिर्माण कार्य शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना के लिए जल्द ही ई-प्रोक्योरमेंट प्लेटफॉर्म पर निविदाएं जारी की जाएंगी।

इसी क्रम में, नानकरामगुडा से गच्चीबावली तक ओआरआर के बाएं मुख्य मार्ग (एमसीडब्ल्यू) के चौड़ीकरण का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में यहां 3+3 लेन का मुख्य मार्ग है, लेकिन गच्चीबावली जंक्शन पर फ्लाईओवर के अप्रोच रैंप के कारण यातायात बाधित होता है। बढ़ती यातायात जरूरतों को देखते हुए एचजीसीएल ने ओआरआर के बाईं ओर के कैरिजवे को तीन लेन से चार लेन तक चौड़ा करने का प्रस्ताव दिया है। राज्य सरकार ने इसके लिए 26.50 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इस परियोजना के लिए 27 जनवरी को निविदाएं जारी की जाएंगी, जिनकी अंतिम तिथि 9 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

## फंक्शन हॉल दस वर्षों के लंबे संघर्ष का परिणाम : विजयलक्ष्मी

### मंत्री और मेयर ने किया लोकार्पण



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। खैरताबाद विधानसभा क्षेत्र के एनबीटी नगर में खैरताबाद का सबसे बड़ा जी+2 मल्टी पर्पस फंक्शन हॉल शुक्रवार को जिला प्रभारी मंत्री श्री पोन्नम प्रभाकर और ग्रेटर हैदराबाद की मेयर श्रीमती गदवाल विजयलक्ष्मी द्वारा विधिवत रूप से उद्घाटित किया गया। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस विशाल मल्टी पर्पस फंक्शन हॉल का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों को विवाह समारोह, महिला संगठनों की बैठकें, सरकारी कार्यक्रम तथा छात्र गतिविधियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर राज्य सरकार के सलाहकार के. केशवराव, सांसद अनिल कुमार यादव, एमएलसी बलमूर वेंकट, डिप्टी मेयर मोथे श्रीलता शोभन रेड्डी, जीएचएमसी आयुक्त आर.वी. कर्णन, जोनल आयुक्त प्रियंका सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि हैदराबाद जैसे महंगे इलाके में इस तरह का मल्टी पर्पस फंक्शन हॉल बनना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह हॉल गरीबों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी की सराहना करते हुए कहा कि अनेक विकास कार्यों के बावजूद यह फंक्शन हॉल उनके जीवन की एक मधुर स्मृति बनकर रहेगा। वसंत पंचमी के शुभ दिन उद्घाटन को उन्होंने शुभ संकेत बताया। मंत्री ने राज्य सरकार द्वारा गरीबों और महिलाओं के लिए लागू की जा रही योजनाओं-राशन कार्ड, सन्ना चावल, मुफ्त घरेलू बिजली, महिलाओं को मुफ्त आरटीसी यात्रा, ब्याज मुक्त ऋण-का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के विजन से हैदराबाद का विकास और तेज होगा। इस अवसर पर उन्होंने मेयर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि यह फंक्शन हॉल दस वर्षों के लंबे संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने बताया कि जनता की सरकार के सहयोग से 10 करोड़ रुपये की लागत से सभी सुविधाओं से युक्त इस विशाल भवन का निर्माण संभव हो सका। उन्होंने कहा कि यह हॉल सामाजिक, सरकारी, महिला एवं छात्र कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रेटर हैदराबाद में 15 लाख महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। सांसद अनिल कुमार यादव ने कहा कि गरीबों, मध्यम वर्ग और महिलाओं को ध्यान में रखकर इस फंक्शन हॉल की रूपरेखा तैयार की स्वतंत्र गई है। उन्होंने दावा किया कि बस्तियों में इतने बड़े फंक्शन हॉल का यह पहला उदाहरण है। डिप्टी मेयर मोथे श्रीलता शोभन रेड्डी ने कहा कि बंजारा हिल्स डिवीजन के एनबीटी नगर में इतने बड़े मल्टी पर्पस फंक्शन हॉल का उद्घाटन गर्व की बात है। उन्होंने इस परियोजना के लिए विशेष प्रयास करने पर मेयर गदवाल विजयलक्ष्मी को बधाई दी।

### मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने मेयर की सराहना की

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिला प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने मेयर को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर विकास एवं जनसेवा के क्षेत्र में मेयर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनके प्रयासों को अनुकरणीय बताया। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण में मेयर की भूमिका महत्वपूर्ण है तथा उनके नेतृत्व में जीएचएमसी नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। इस सम्मान समारोह के दौरान जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नेताजी के आदर्श युवाओं को प्रेरित करते हैं : रामचंदर राव

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का साहस, बलिदान और देशभक्ति आज भी भारतीयों, विशेषकर युवाओं को प्रेरित करती है। वे कुकटपल्ली में पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी की प्रतिमा के अनावरण के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जो स्वतंत्रता सेनानी की 129वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। रामचंदर राव ने कहा कि राष्ट्रसेवा को मजबूत करने के लिए नेताजी के जीवन और आदर्शों का अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने नेताजी को स्वतंत्रता संग्राम का महानायक बताते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को संगठित किया और आजाद हिंद फौज के माध्यम से ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष का नेतृत्व किया। उन्होंने याद दिलाया कि नेताजी ने 30 दिसंबर 1943 को अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में तिरंगा फहराकर भारत की स्वतंत्रता की घोषणा की थी। बाद में उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**NOTICE FOR REGISTRATION OF NEW POLITICAL PARTY**

(Published as per the directions of Telangana State Election Commissioner)

Dated: 24/01/2026

Notice is hereby given to the General public that Sri. TAHER KAMAL KHUNDMIRI, President intends to register a political party without reserved symbol with the State Election Commission, Telangana, under the name and style of MAJLIS ITEHAD MILLAT with location of its head office 16-2-867/A, Jeevan Yaar Jung Colony, Saidabad, Hyderabad, Telangana-500059. under the Registration of Political parties and Allotment of Symbols Order, 2018.The main office bearers of the Party are:1) Sri. TAHER KAMAL KHUNDMIRI, President 2)Sri. SHAFI ALI KHAN, Vice President 3)Sri. MAZHAR PASHA, General Secretary 4)Sri. Syed Ali Murtuza, Joint Secretary 5)Sri. Syed Irshad Miyan, TreasureObjections, if any, for such registration from the general public, shall be sent to the Secretary, State Election Commission, Telangana, 1st Floor, DTCP Building, Opp: PTI Building, A.C. Guards, Hyderabad-500 004 within 15 days from the date of publication of this notice.If no objections are received within the time stipulated, the Commission will process to register MAJLIS ITEHAD MILLAT as a Political Party to contest elections to Local Bodies (Sthanika Samsthalu) held on party basis in Telangana State.

*President*
MAJLIS ITEHAD MILLAT

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 298 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.6, 2082 शनिवार, 24 जनवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये




## मुख्यमंत्री जन आवास योजना-3A

के तहत जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एवं रेरा में पंजीकृत नितल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा विकसित आवासीय योजना

**90% तक लोन उपलब्ध**

**विश्वस्तरीय क्लब हाउस व स्विमिंग पूल**

केन्द्रीय व राज्य कर्मचारियों, कॉर्पोरेट्स एवं प्रवासी राजस्थानवासियों के लिए 1 लाख रुपये तक की विशेष छूट।

## नितल

स्टूडियो और 3 बीएचके अपार्टमेंट

आवेदन की अंतिम तिथि

**24 जनवरी, 2026**

| उपलब्ध फ्लैट | पंजीकरण राशि | मूल कीमत |
|---|---|---|
| स्टूडियो फ्लैट | ₹66,000 | ₹23.0 लाख* |
| 3 BHK फ्लैट | ₹96,000 | ₹44.0 लाख* |

आवेदन हेतु SCAN करें
www.nitalcmjanawas.in

9785 30 7000
9772 51 1112

विकासकर्ता -
नितल
इंफ्राप्रॉजेक्ट्स
एलएलपी

*Terms & Conditions Apply

## सुभाष चंद्र बोस जयंती सीएम योगी ने पुष्पार्पित कर किया नमन, बोले- देश के लिए नेता जी का योगदान अविस्मरणीय

लखनऊ, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर हजरतगंज स्थित नेताजी सुभाष चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। उन्होंने नेता जी के चित्र पर पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि क्रांतिकारियों के सिरमौर के रूप में नेता जी ने भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने भारतवासियों से आह्वान किया।

।। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। 'दिल्ली चलो।।।' के नारे ने हर किसी के अंदर जोश भरा। नेता जी ने देश में रहते हुए, देश के बाहर रहकर जो योगदान दिया, वह अविस्मरणीय है।

## आजम खान ने पत्नी और बेटे समेत जौहर ट्रस्ट से दिया इस्तीफा

# बहन और बड़े बेटे को सौंपी जिम्मेदारी



रामपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान ने अपने सपनों के प्रोजेक्ट 'मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट' को लेकर एक चौंकाने वाला फैसला लिया है। कानूनी मुश्किलों और जेल यात्राओं के बीच, आजम खान ने स्वयं, अपनी पत्नी डॉ। तंजीन फातिमा और छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ ट्रस्ट के सभी पदों से आधिकारिक तौर पर इस्तीफा दे दिया है। ट्रस्ट के सुचारू संचालन के लिए अब एक नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें आजम खान की बहन को सर्वोच्च पद दिया गया है। आजम खान की बहन निकहत अफलाक को ट्रस्ट का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आजम खान के बड़े बेटे मोहम्मद अदीब आजम, जो अब तक केवल सदस्य थे, उन्हें अब ट्रस्ट का नया सचिव बनाया गया है।

मुश्ताक अहमद सिद्दीकी को उपाध्यक्ष, सपा विधायक नसीर अहमद खान को संयुक्त सचिव और जावेद उर रहमान खान को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। आजम खान का यह कदम उनके और उनके परिवार पर कसते कानूनी शिकंजे का परिणाम माना जा रहा है।

जौहर ट्रस्ट पर किसानों की जमीन कब्जाने समेत 30 से अधिक गंभीर मुकदमे चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि आजम खान, डॉ। तजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम के जेल में होने के कारण ट्रस्ट और उससे जुड़े शैक्षणिक संस्थानों (जौहर यूनिवर्सिटी, रामपुर पब्लिक स्कूल) के कामकाज में काफी दिक्कतें आ रही थीं।

प्रशासन द्वारा ट्रस्ट की संपत्तियों और लीज को लेकर की जा रही कार्रवाई के बीच आजम खान ने खुद को ट्रस्ट से अलग कर इसे एक नई दिशा देने की कोशिश की है। इस फेरबदल को आजम खान की एक बड़ी रणनीतिक चाल के रूप में देखा जा रहा है ताकि उनके परिवार की गैर-मौजूदगी में भी जौहर यूनिवर्सिटी और अन्य प्रोजेक्ट्स का काम कानूनी बाधाओं के बिना चलता रहे।

## रेलवे घूसकांड में चीफ इंजीनियर समेत चार से पूछताछ

पटना, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पटना में रेलवे परियोजना में घूसखोरी कांड में गिरफ्तारी किए गए चीफ इंजीनियर समेत चार आरोपियों से सीबीआई की टीम पूछताछ कर रही है। कोर्ट से सीबीआई को इन आरोपियों की सात की दी रिमांड मिली है। घूसकांड के आरोपी चीफ इंजीनियर और कंपनी के अधिकारियों को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ कराया जा रहा है। शुरुआती पूछताछ और जांच में सीबीआई को कई अहम साक्ष्य हाथ लग हें। इतना ही नहीं इस पूरे घूसखोरी नेटवर्क में शामिल अन्य कई अधिकारियों और पदाधिकारियों के नाम भी सामने आ रहे हैं। अब सीबीआई की एक टीम पुराने फाइलों को भी खंगाल रही है। सूत्रों की मानें तो इस घूसकांड में शामिल कई अधिकारी और कर्मचारी सीबीआई की रडार पर हैं। सबकी कुंडली खंगाली जा रही है। बता दें कि एक दिन पहले महेंद्रूघाट स्थित मध्य रेलवे निर्माण कार्यालय, डेहरी ऑन सोन के कार्यालय समेत 12 से अधिक जगहों पर सीबीआई की अलग-अलग टीम ने छापेमारी की थी।

# सांसद के नाम का स्टीकर लगी गाड़ी से शराब बरामद



गाजीपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। गाजीपुर में राज्यसभा सांसद डॉ संगीता बलवंत के नाम का स्टीकर लगी एक काली स्कॉर्पियो से बिहार में 277 लीटर शराब बरामद की गई है। इस मामले में सांसद के पति डॉ अवधेश ने गाजीपुर की सदर कोतवाली में तहरीर दी है। यह घटना बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लुरपुरवा गांव के पास हुई। वाहन संख्या यूपी 61 बीक्यू 9062 के पीछे के शीशे पर डॉ संगीता बलवंत के नाम का स्टीकर लगा था, और आगे बीजेपी का झंडा भी था। डॉ. अवधेश ने दी गई तहरीर में स्पष्ट किया है कि इस पूरे प्रकरण से उनका या उनकी पत्नी का कोई संबंध नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वाहन मालिक ने जानबूझकर सांसद के नाम का दुरुपयोग किया है। डॉ. अवधेश के अनुसार, इस कृत्य से राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत की छवि और मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने वाहन मालिक के खिलाफ उचित और सख्त कार्रवाई की मांग की है।सदर कोतवाली प्रभारी ने तहरीर मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

## सपा नेता ने बीजेपी विधायक पर लगाया एक करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप, कहा- 'सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी है'

गोंडा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे ने कटरा बाजार से भाजपा के मौजूदा विधायक बावन सिंह पर एक करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया है। दुबे का आरोप है कि यह घोटाला 1997 से 2002 के बीच उनके विधायक कार्यकाल के दौरान हुआ था।



**करदाताओं के धन का किया गया दुरुपयोग**

दुबे ने आरोप लगाया कि उक्त अवधि में विभिन्न कंपनियों के माध्यम से कटरा विधानसभा क्षेत्र में करीब एक करोड़ रुपये के कार्य कराए गए। ये कार्य अधूरे छोड़ दिए गए और करदाताओं के धन का दुरुपयोग किया गया। इस मामले में प्राथमिकी भी दर्ज हुई थी, लेकिन आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व विधायक ने कहा कि बाद में इस प्रकरण से जुड़े एक ठेकेदार ने आत्महत्या कर ली जिसके बाद मामला दब गया। उन्होंने कहा कि न तो सरकार ने धन की वसूली कराई और न ही पूरे प्रकरण की जांच कराई गई।

**'सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है'**

बैजनाथ दुबे ने इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक बावन सिंह और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य की मौजूदा सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। कटरा विधायक बावन सिंह ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि इस मामले में उसी समय प्राथमिकी दर्ज कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। जिन लोगों को अभियुक्त बनाया गया था उनके खिलाफ मुकदमा अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है।

## डायमंड शोरूम में करोड़ों की चोरी:छत के रास्ते घुसे, दीवार में छेद किया, दरवाजा तोड़ा

सहारनपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सहारनपुर में एक डायमंड शोरूम में बड़ी चोरी हुई। चोरों ने गुरुवार देर रात टाटा कंपनी की जानी-मानी डायमंड फ्रेंचाइजी 'कैरट लेन' को निशाना बनाया। 2 लाख कैश और करोड़ों रुपए के गहने चुराकर भाग गए। शुक्रवार सुबह जब स्टाफ शोरूम खोलने पहुंचा तो दीवार टूटी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्टाफ से पूछताछ की। शोरूम के अंदर के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। हालांकि, अब तक उसमें कुछ खास नहीं मिला है। पॉश इलाके में इतनी बड़ी चोरी की खबर लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस के मुताबिक, शोरूम में करीब 20 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन चोरों ने वारदात से पहले सारे कैमरे बंद कर दिए।

## संगम स्नान के बाद रामनगरी पहुंचे बाबा रामदेव

### अविमुक्तेश्वरानंद को नसीहत, सनातन पर दिया संदेश



अयोध्या, 23 जनवरी (एजेंसियां)। योग गुरु बाबा रामदेव शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने एक आश्रम में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। इस दौरान राम जन्मभूमि सहित कई धार्मिक और सामाजिक विषयों पर अपनी बात रखी। प्रयागराज में स्नान करने के बाद वह रानमनगरी पहुंचे हैं। बाबा रामदेव ने कहा कि अयोध्या हमारा पवित्र तीर्थ है, जिसे विदेशी आक्रांताओं ने अपने अत्याचारों से बहुत नुकसान पहुंचाया। राम जन्मभूमि जाकर रामलला के दर्शन करेंगे। रामत्व, कृष्णत्व, हनुमत्व और शिवत्व की प्रतिष्ठा जब जन-जन में होगी, तभी सनातन का गौरव समाज और जीवन में स्थापित होगा। सनातन हमारे आचरण में उतरे। राम और राम की मर्यादाएं हमारे जीवन का हिस्सा बनें। इसी संकल्प के साथ वह अयोध्या आए हैं।

**सनातन की रक्षा के लिए एकजुट हों**

प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े विवाद पर भी बाबा रामदेव ने प्रतिक्रिया दी। कहा कि तीर्थ स्थलों पर किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए। आपसी विवाद से सनातन का अपयश होता है। हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए, बल्कि सनातन की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

## तेंदुए ने अटैक कर युवक की नाक काटी

अंबेडकरनगर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सुल्तानपुर में वन विभाग की जाल से छूटकर एक तेंदुआ अंबेडकरनगर पहुंच गया। यहां ग्रामीणों ने उसे घेरा तो एक युवक पर अटैक कर दिया। उसका चेहरा नोच लिया। नाक कटकर लटक गई। आंख में भी गंभीर चोट आई है। वन विभाग की टीम पकड़ने गई, तो उनपर भी हमला कर दिया। तेंदुआ जैसे ही पकड़ में आया, ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। 15 से ज्यादा लोग करीब 5 मिनट तक उस पर लाठी बरसाते रहे। ऐसा लगा जैसे तेंदुआ मर जाएगा। वन विभाग की टीम ने जब उसे पिंजरे में बंद किया, तो वह पहले गुर्राया, फिर बेहोश होकर गिर गया। तेंदुए के हमले में वन्य कर्मी समेत 5 लोग घायल हुए हैं। तेंदुए के अटैक और उसको पीटने का वीडियो भी सामने आया है। घटना दोपहर की अखंडनगर थाना क्षेत्र के नेमपुर गांव की है।

## तंगी में मां ने 95 हजार में बेच दिया 6 महीने का बच्चा

कौशाम्बी, 23 जनवरी (एजेंसियां)। आम तौर पर मां को बच्चे की सबसे बड़ी संरक्षक माना जाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश के कौशाम्बी जिले से आई यह घटना सभी को हैरान कर देने वाली है। यहां एक महिला ने सिर्फ 95 हजार रुपये के लिए अपने छह महीने के बेटे को बेच दिया। इस अमानवीय कृत्य से लोगों में गुस्सा और दुख दोनों है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 24 घंटे के भीतर बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया। यह घटना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। पुलिस ने बच्चे की मां ममता देवी को गिरफ्तार कर लिया है।

साथ ही इस घटना में शामिल होने के आरोप में अनीता शुक्ला नाम की एक और महिला को गिरफ्तार किया गया है। वह प्रयागराज जिले के धूमनगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि बच्चे को किसने खरीदा, इसकी तलाश जारी है।

## यूपी में आप की हुंकार! संजय सिंह बोले जाति-धर्म नहीं, अब होगी रोजगार और सामाजिक न्याय की राजनीति

वाराणसी, 23 जनवरी (एजेंसियां)। 16 जनवरी को मिर्ज़ापुर से शुरू हुई आम आदमी पार्टी की "रोजगार दो–सामाजिक न्याय दो" पदयात्रा का सातवें और अंतिम दिन वाराणसी में ऐतिहासिक समापन हुआ। बीते सात दिनों में इस पदयात्रा को युवाओं, मजदूरों, किसानों, बुनकरों, दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और बेरोजगारों का व्यापक समर्थन मिला।

सारनाथ में दर्शन के साथ पदयात्रा का समापन हुआ, जिसके बाद लाल बहादुर शास्त्री घाट, सिकरौल में विशाल जनसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने ऐलान किया कि "रोज़गार दो–सामाजिक न्याय दो" आंदोलन यहीं नहीं रुकेगा और संभवतः फरवरी के अंत में चौथे चरण की पदयात्रा की शुरुआत की जाएगी, जिसमें जनता की और भी बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सातवें व अंतिम दिन संजय सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा दोपहर 12 बजे गोकुल निकुंज बैंक्वेट, हवेलिया चौराहा, सारनाथ, वाराणसी से प्रारंभ होकर लगभग डेढ़ किलोमीटर चलने के बाद सारनाथ मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में लोगों ने फूलों की वर्षा, नारों और स्वतःस्फूर्त सहभागिता के साथ पदयात्रा का स्वागत किया।

युवाओं के हाथों में रोज़गार की मांग वाले पोस्टर थे और बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि यह संघर्ष केवल एक दिन का नहीं, बल्कि भविष्य की लड़ाई है।

## विराट हिंदू सम्मेलन: 'वो धर्म पूछकर मारते हैं'

# बुर्के वाली तीन महिलाओं का किया जिक्र, ऐशान्या ने सुनाया दर्द



आगरा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। विराट हिंदू सम्मेलन में पहलगाम हमले में आतंकियों की गोली का निशाना बने कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या ने कहा कि 'मेरे पति को बस इसलिए मार डाला कि वह हिंदू थे। उन्हें कलमा पढ़वाने को मजबूर किया और गोली मार दी। हर आतंकी घटना के पीछे एक ही धर्म के लोग होते हैं। वे धर्म पूछकर मारते हैं, आप धर्म पूछकर उनसे सामान खरीदना बंद कर दो।'

जीआईसी मैदान आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन में ऐशान्या ने कहा कि 'मेरी कथा और व्यथा सबको पता है, लेकिन इस घटना को अपनी ताकत बनाकर आगे चलना चाहती हूं। 22 अप्रैल, 2025 का दिन वो 'ब्लैक डे' था, जिस दिन हिंदुओं से कहा गया था कि कलमा पढ़ो। नहीं पढ़ोगे तो गोली मार देंगे। फिर भी मेरे पति ने गर्व से कहा था कि मैं हिंदू हूं। उन्होंने कहा कि हम किसी से धर्म पूछकर सामान नहीं खरीदते हैं। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना के बाद वे अपनी बहन के स्टोर पर गई थीं। वहां बुर्के में तीन महिलाएं आईं। उन्होंने कहा कि ये तीनओं महिलाएं उन्हें देखकर लौट गईं। कुछ आगे चलकर आपस में कहने लगीं कि यह वही पहलगाम वाली लड़की है। इसके यहां से कुछ नहीं खरीदना है। ऐशान्या ने कहा कि उनका क्या बिगाड़ा था?

उन्होंने मेरा धर्म पूछा था, मेरे मुसलमान न होने और हिंदू होने की वजह से हम पर गोलियां चलाईं। उनके साथ गलत नहीं किया था। फिर भी वो मुंह पर बोल कर गईं कि इनके यहां से कुछ नहीं लेना। क्योंकि, ये वही पहलगाम वाली हिंदू लड़की है।

## मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट का काम इसी साल होगा पूरा

मुजफ्फर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पुरमुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि बिहार का विकास सरकार का संकल्प है और इसे पूरा करने के लिए दिन-रात प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नीतीश कुमार और केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार मिलकर बिहार को विकास की नई रफ्तार दे रही है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुजफ्फरपुर के पताही में बन रहा एयरपोर्ट इसी वर्ष तैयार हो जाएगा। इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिहार के अलग-अलग जिलों में एयरपोर्ट निर्माण की योजना है, जिसमें मुजफ्फरपुर भी शामिल है। एयरपोर्ट निर्माण को लेकर टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही यहां से हवाई सेवाओं का लाभ मिलने लगेगा।

## डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार कार के उड़े परखच्चे, युवती की मौत

नोएडा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। नोएडा में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे एक युवती की मौत हो गई। मामला नोएडा के फेस थ्री थाना क्षेत्र के सेक्टर 71 का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार में एक लग्जरी स्कूडा कार डिवाइडर से टकरा गई थी। डिवाइडर से टक्कर की वजह से कार में मौजूद युवती गुलफिशा की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि मुर्तजा और अनुष्का चौधरी नाम के दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मृतक युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## स्कूल ड्रेस में पुल पर खड़ी थी लड़की, देवदूत बनकर पहुंची पुलिस, पूछते ही उगल दिया सच

वैशाली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। एक नाबालिग स्कूली छात्रा वैशाली के गांधी सेतु पर जा पहुंची। परिवार वाले भी उसके घर नहीं लौटने से परेशान थे। तभी किसी ने उसे पुल के 28 नंबर पाया पर देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पुलिस देवदूत बनकर पहुंची और बच्ची को जानलेवा कदम उठाने से बचा लिया। उसने जब ऐसा करने की वजह बताई, तो हरकोई भावुक हो गया। बच्ची के बचाने वाली डायल 112 की टीम की सराहना की जा रही है।

# 12वीं का छात्र होने का मतलब यह नहीं कि उसकी कोई आय नहीं थी

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मृतक के परिजनों को दिया 16 लाख का मुआवजा



प्रयागराज, 23 जनवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि सिर्फ इस आधार पर यह मान लेना कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 12वीं के छात्र की कोई इनकम नहीं थी, सही नहीं है। इसी टिप्पणी के साथ कोर्ट ने सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 22 वर्षीय छात्र के परिवार को दिए गए मुआवजे की राशि में बड़ा इजाफा किया है। न्यायमूर्ति संदीप जैन मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) के उस आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें पीड़ित परिवार को केवल 2.60 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया था।

यह मामला यूपी के बुलंदशहर का है, जहां साल 2014 में यूपीएसआरटीसी की बस से हुए हादसे में कक्षा 12 के छात्र अंकित की मौत हो गई थी। इसके बाद बुलंदशहर स्थित एमएसीटी ने 2.60 लाख रुपये का मुआवजा तय किया था, जिसके खिलाफ परिवार ने हाईकोर्ट में अपील दायर की, परिवार का कहना था कि यह राशि नुकसान की भरपाई नहीं करती है और न ही ये न्यायसंगत है। बता दें कि अदालत ने पाया कि मृतक के पिता का पहले ही निधन हो चुका था और परिवार पूरी तरह मृतक की आय पर निर्भर था। परिवार में उसकी मां, दो अविवाहित भाई और एक अविवाहित बहन शामिल थे।

पीड़ित परिवार का दावा था कि मृतक छात्र मजदूरी करता था और करीब 9,000 रुपये प्रतिमाह कमाता था। हालांकि, आय से संबंधित दस्तावेज पेश न होने के कारण एमएसीटी ने मृतक की वार्षिक आय मात्र 15,000 रुपये मानकर मुआवजा तय किया था, जिसे हाईकोर्ट ने पूरी तरह से अपर्याप्त बताया।

**न्यूनतम मजदूरी के आधार पर तय होनी चाहिए थी आय**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब आय से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध न हों, तो मृतक को अकुशल श्रमिक मानते हुए संबंधित राज्य में लागू न्यूनतम मजदूरी के आधार पर आय तय की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश में उस समय अकुशल श्रमिक की न्यूनतम मजदूरी 6,362 रुपये प्रतिमाह थी।

**16 लाख रुपये से ज्यादा का मुआवजा मंजूर**

इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एमएसीटी के आदेश में संशोधन करते हुए पीड़ित परिवार को कुल 16 लाख रुपये से ज्यादा का मुआवजा, साथ ही 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज (दावा याचिका दाखिल करने की तारीख से भुगतान तक) देने का आदेश दिया। यह राशि यूपीएसआरटीसी द्वारा अदा की जाएगी, जिसे दो महीने के भीतर मृतक के परिजनों को देना होगा।

## पति ने खोला दरवाजा तो प्रेमी संग लिपटी मिली पत्नी

कुशीनगर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जिले में विशुनपुरा थाने के दुदही नगर से ऐसी घटना सामने आई है, जिसने पति-पत्नी के पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया है। चंडीगढ़ से मजदूरी कर लौटे युवक ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद जमकर हंगामा हुआ। युवक चंडीगढ़ में मजदूरी करता था और अचानक भोर में घर पहुंच गया। दरवाजा खुलने पर उसने कमरे में पत्नी के साथ एक युवक को बिस्तर पर देखा, जिससे वह सन्न रह गया। जब पति ने उस युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो पत्नी बीच में आ गई और प्रेमी को छूने तक नहीं दिया।

शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर बिजली के खंभे से बांध दिया। हालांकि कुछ देर बाद जब उन्हें खोला गया, तब भी महिला अपने प्रेमी से चिपकी रही। लोगों ने महिला के प्रेमी को पोल से भी बांध दिया, लेकिन प्रेमिका उससे अलग नहीं हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची विशुनपुरा पुलिस ने प्रेमी-प्रेमिका को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया।

## शंकराचार्य विवाद पर अफजाल अंसारी का बड़ा बयान अखिलेश सरकार ने तब उनसे माफी मांगी थी



गाजीपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी का बयान सामने आया है। उन्होंने इस घटना की निंदा की और कहा कि जब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की सरकार में अधिकारियों ने उनसे बदसलूकी की थी तो उन्होंने हरिद्वार जाकर उनसे माफी मांगी थी। वहीं उन्होंने वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियां तोड़े जाने और वीडियो को एआई बताने पर भी सरकार पर निशाना साधा। अफजाल अंसारी ने कहा कि देश के चारों शंकराचार्य ने माघ मेले में अविमुक्तेश्वरानंद के साथ हुई कार्रवाई की निंदा की है।

ऐसे में अधिकारियों को उनसे माफी मांगनी चाहिए। अब उनसे शंकराचार्य होने का सर्टिफिकेट मांगा जा रहा है कि आप संत हैं या नहीं? इस दौरान एक ऐसे संत को भी घसीटा गया जो नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से है और बहुत बड़े तांत्रिक हैं। उन्हें देखकर मेरे आंखों से आंसू आ गए।

सपा सांसद ने कहा कि सपा सरकार में जब प्रशासनिक अमले ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया था तो उस वक्त अखिलेश यादव ने स्वीकार किया था कि ये गलता किया गया था तब उन्होंने हरिद्वार में उनसे मिलकर इस बात के लिए माफी मांगी थी। लेकिन, इस बार तो पाप करने वालों ने तो हद कर दी।

वाराणसी के अहिल्याबाई घाट पर हुए मंदिर के तोड़फोड़ के वीडियो को एआई का बताने पर सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा कि योगी जी को गुमराह किया कि जो दिखलाया जा रहा है वह एआई से जेनरेटेड है। 2000 साल पुराने मंदिरों को तोड़ दिया गया और जिस व्यक्ति ने वीडियो को वायरल किया था उसने भी कैमरे पर आकर कहा कि यदि कोई सिद्ध कर दे कि यह एआई जेनरेटेड वीडियो है तो मैं सजा ए मौत भोगने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि जो लोग आरोप लगाते हैं उन्हें ही यह सब सिद्ध करना पड़ता है इसलिए योगी जी को सिद्ध करना है कि वह एआई वीडियो था।

अफजाल अंसारी ने इस दौरान गाय को राष्ट्र माता घोषित करने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस बात को हर किसी को मनाना चाहिए। आप गाय को क्यों नहीं राष्ट्र माता घोषित कर सकते हैं।





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 298 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ शु.6, 2082 शनिवार, 24 जनवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## कार्ति चिदंबरम की याचिका पर सुनवाई से जज ने खुद को किया अलग

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली हाई कोर्ट के जज गिरीश कथपालिया ने शुक्रवार को कथित चीनी वीजा घोटाले से जुड़े मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की उस याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ भ्रष्टाचार और साजिश के आरोपों को चुनौती दी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) इस मामले की जांच कर रहा है। जस्टिस कथपालिया ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं इस मामले की सुनवाई कर पाऊंगा। जस्टिस ने आदेश दिया कि व्यक्तिगत कारणों से इस मामले को किसी अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश का आतंकी ढेर

कठुआ, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शुक्रवार शाम सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी को मार गिराया। आईजीपी जम्मू ने आतंकी के मारे जाने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए आतंकी नाम उस्मान है।

अभी आधिकारिक पुष्टि होना जारी है। सुरक्षाबलों की मुठभेड़ आतंकियों के ग्रुप से हुई है। बिलावर इलाके में अभी भी एनकाउंटर जारी है। पिछले हफ्ते सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम ने बिलावर इलाके में आतंकियों के 3 ठिकानों का भंडाफोड़ किया था। मौके से कई चीजें बरामद की गईं थीं। इससे पहले 7 जनवरी और 13 जनवरी को भी बिलावर इलाके के ही कहोग और नजोत जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकियों की मुठभेड़ हुई थीं।

# 'डीएमके सरकार का काउंटडाउन शुरू'

### पीएम ने कहा-यहां भाजपा की नींव पड़ गई, डीएके के कुशासन का अंत होगा

चेन्नई-तिरुवनंतपुरम, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया। यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया। केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी। अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं।

1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है। तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं। डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है।



पीएम ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि तमिलनाडु सरकार बस एक परिवार की जी हुजूरी में लगी है। पीएम का तमिलनाडु और केरल का दौरा इसलिए भी खास है क्योंकि इसी साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। डीएमके ने वादे बहुत किए लेकिन काम जीरो रहा। डीएमके सरकार को लोग सीएमसी सरकार बोल रहे हैं। यानी करप्शन माफिया और क्राइम को बढ़ावा देने वाली सरकार। तमिलनाडु की जनता डीएमके को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यहां एनडीए की डबल इंजन सरकार बनना तय है। डीएमके में वही आगे बढ़ता है जिसके पास करप्शन रूट, एब्यूज वूमेन रूट और एब्यूज अवर कल्चर रूट हैं। यही कारण है कि डीएमके में वहीं लोग आगे बढ़ रहे हैं जिन्हें ये सब काम आते हैं। तमिलनाडु का बच्चा बच्चा जानता है कि कहां कितना करप्शन हो रहा है और ये कमाई किसकी जेब में जा रही है।

बीते 11 सालों में एनडीए की केंद्र सरकार ने अभूतपूर्व काम किया है। 2014 से पहले दिल्ली में जब कांग्रेस गठबंधन की सरकार थी। तब तमिलनाडु के विकास के लिए कम फंड दिया जाता था। पिछले 11 साल में एनडीए सरकार ने 3 लाख करोड़ रुपये तमिलनाडु को दिए हैं। ये कांग्रेस सरकार की तुलना में करीब 3 गुना है।

# 'नेशनल सिक्योरिटी का मतलब देश की जनता और उसकी विचारधारा की सुरक्षा'

### जेएनयू में सीडीएस अनिल चौहान ने कहा

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक जोरदार स्पीच दी। उन्होंने कहा कि आज भी जब भारत दुनिया की बदलती और अनिश्चित परिस्थितियों से गुजर रहा है, तब नेताजी की आक्रामक कूटनीति और यथार्थवादी सोच बहुत काम की है। नेताजी ने एक सरकार बनाई, सेना तैयार की, हमले की योजना बनाई, समझौते किए और सेना के लिए सामान की व्यवस्था की। इससे पता चलता है कि राजनीतिक सोच, चतुर कूटनीति और सेना की कार्रवाई आपस में कितनी जुड़ी हुई थीं। जनरल चौहान ने कहा कि नेताजी एक बेहतरीन सैन्य नेता थे। उन्होंने यह भी कहा कि आईएनए (इंडियन नेशनल आर्मी) की उपलब्धियों का भारत की आजादी में जो योगदान है, उसे अभी पूरी तरह से समझा नहीं गया है। सीडीएस अनिल चौहान ने कहा



कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मतलब अब सिर्फ जमीन की रक्षा नहीं है, बल्कि देश की जनता और उसकी विचारधारा की सुरक्षा भी है। उन्होंने यह भी बताया कि आईएनए (इंडियन नेशनल आर्मी) ने सबसे ज्यादा नुकसान झेला था, जो किसी भी सेना के लिए सबसे ज्यादा था। जनरल चौहान ने कहा कि उन्होंने एक मध्य-स्तर के अधिकारी के तौर पर जो सैन्य इतिहास पढ़ा था, वह अंग्रेजों ने लिखा था।

उन्होंने आईएनए को एकता और विविधता का प्रतीक बताया, क्योंकि यह संगठन क्षेत्र, जाति, धर्म या लिंग से ऊपर था।जनरल अनिल चौहान ने कहा, मैंने अपनी किताब में राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में लिखा है और मैंने राष्ट्रीय सुरक्षा को तीन संकेंद्रित वृत्तों के रूप में देखा है। सबसे बाहरी वृत्त समस्या को संबोधित करता है, आप राष्ट्र को कैसे सुरक्षित रखते हैं? इसका एक उपसमूह मध्य वृत्त है, जो खुद को समस्या के साथ पहचानता है, आप अपने राष्ट्र की रक्षा कैसे करते हैं?

## 5 दिन से धरने पर बैठे अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ी-तेज बुखार

प्रयागराज, 23 जनवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज माघ मेले में 5 दिन से धरने पर बैठे अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हें तेज बुखार है। शिष्यों ने बताया कि अविमुक्तेश्वरानंद सुबह से वैनिटी वैन से बाहर नहीं आए हैं। वह अंदर लेटे हैं। वसंत पंचमी पर उन्होंने संगम स्नान भी नहीं किया। अविमुक्तेश्वरानंद मौनी अमावस्या यानी 18 जनवरी को हुए बवाल के बाद शिविर के बाहर ही पालकी पर धरने पर बैठे हुए थे। शिष्यों का कहना है कि सर्दी के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई है। इधर, माघ मेला प्रशासन से शंकराचार्य विवाद पर उनका टकराव खत्म नहीं हो रहा है।

अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा था-जब तक प्रशासन माफी नहीं मांगता, तब तक मैं स्नान नहीं करूंगा। प्रशासन नोटिस-नोटिस खेल रहा है। अभी मेरा मौनी अमावस्या का स्नान नहीं हुआ है, तो मैं वसंत का स्नान कैसे कर लूं? हालांकि, दो नोटिस भेजने के बाद से प्रशासनिक अफसर इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद माघ मेले में सवा लाख मिट्टी के शिवलिंग स्थापित करने के लिए लेकर आए थे। हालांकि, मौनी अमावस्या को हुए विवाद के बाद वह स्थापित नहीं कर पाए हैं। इससे पहले, गुरुवार को सीएम योगी ने अविमुक्तेश्वरानंद का नाम लिए बिना कहा था कि किसी को परंपरा बाधित करने का हक नहीं।

# '45 करोड़+नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में, मोदी जवाबदेह'

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो क्लिप साझा की है।

राहुल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का जिक्र करते हुए भारत पर हो रहे कथित दुष्प्रभावों को रेखांकित किया है। राहुल ने कहा है कि टैरिफ के कारण देश में करोड़ों नौकरियों के अलावा लाखों व्यवसायी भी खतरे में हैं। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि लोगों को राहत दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रभावी फैसले नहीं लिए।

राहुल की इस टिप्पणी को तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। राहुल ने कहा, अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ की मार का उल्लेख करते हुए लिखा, अमेरिका ने जो 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है इससे अनिश्चितता के माहौल में भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। कारखाने बंद हो रहे हैं, नौकरियां छिन रही हैं। ऑर्डरों में कमी हमारी 'बेहाल अर्थव्यवस्था' की हकीकत बन चुकी है। उन्होंने ऐसे हालात के लिए पीएम मोदी को जवाबदेह बताया।




**नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में :**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राहत के लिए प्रभावी कदम न उठाने के आरोप लगाते हुए राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी ने न तो कोई राहत दी और न ही टैरिफ के बारे में आज तक कोई बयान दिया है।

उन्होंने लिखा, 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में हैं। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं, कृपया इस मामले पर ध्यान दें! कांग्रेस देश की आर्थिक नीतियों के अलावा सरकार पर मनरेगा में बदलाव को लेकर भी लगातार हमले कर रही है। एक ऐसे ही कार्यक्रम में राहुल ने पीएम मोदी की नीतियों को घातक बताते हुए कहा था कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (वीबी- जी रामजी) कानून लाने का मकसद केवल जुमलेबाजी है।

## सबरीमाला मंदिर मामले में अदालत का फैसला पूर्व टीडीबी अधिकारी मुरारी बाबू को दी जमानत

तिरुवनंतपुरम, 23 जनवरी (एजेंसियां)। केरल के सबरीमला मंदिर से जुड़े कथित सोने के नुकसान मामले में न्यायिक प्रक्रिया ने एक अहम मोड़ लिया है। एक तरफ लंबे समय से चर्चा में रहे इस मामले में जांच एजेंसियों की देरी अब सवालों के घेरे में है। वहीं दूसरी ओर अदालत के एक फैसले ने पूरे मामले की दिशा बदल दी है। शुक्रवार को यहां की एक अदालत ने सबरीमाला मंदिर से सोने के कथित नुकसान से जुड़े दो मामलों में त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मुरारी बाबू को कानूनी जमानत दे दी।

बताया जा रहा है कि यह जमानत इसलिए दी क्योंकि बाबू की गिरफ्तारी को 90 दिन पूरे हो चुके थे, लेकिन विशेष जांच टीम (एसआईटी) अब तक दोनों मामलों में चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई। बता दें कि मुरारी बाबू द्वारपालक (रक्षक देवता) की मूर्तियों की सोने की प्लेटों से कथित सोना गायब होने के मामले में दूसरे आरोपी हैं। वहीं श्रीकोविल (गर्भगृह) के दरवाजों के फ्रेम से सोना गायब होने के मामले में छठे आरोपी हैं। ऐसे में फिलहाल मुरारी बाबू तिरुवनंतपुरम की विशेष उप-जेल में बंद हैं। उम्मीद है कि उन्हें शुक्रवार शाम तक रिहा कर दिया जाएगा।

# कांग्रेस-थरूर में फिर छिड़ी रार? अहम बैठक में नहीं पहुंचे

### संदीप दीक्षित बोले-कोई फर्क नहीं पड़ता



तिरुवनंतपुरम, 23 जनवरी (एजेंसियां)। शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच के मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। केरल चुनाव को लेकर हुई एक अहम बैठक में तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर नहीं पहुंचे।

जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जो भी बड़े नेता थे, वो सभी बैठक में शामिल हुए, जो बड़े नेता नहीं हैं, वे इस बैठक से गायब रहे। शशि थरूर और कांग्रेस पार्टी के बीच इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अब ये नाराजगी सतह पर आ गई है। केरल में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और कांग्रेस पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी है। हालांकि पूरे चुनावी परिदृश्य से शशि थरूर नदारद हैं और वे पार्टी की अहम बैठकों से भी दूरी बना रहे हैं। जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कह दिया कि शशि थरूर के आने या न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता। दीक्षित ने कहा कि जो बड़े नेता नहीं हैं, अगर वे बैठक में शामिल नहीं होते हैं तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संदीप दीक्षित ने कहा, सभी मजबूत और जनाधार वाले वरिष्ठ नेता पार्टी की बैठकों में शामिल हो रहे हैं। जो भी जरूरी हैं, वे सब आ रहे हैं। अगर कोई बड़ा नेता नहीं हैं और उसकी जरूरत नहीं है तो उसके न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता।'

बीते काफी समय से कांग्रेस पार्टी और शशि थरूर के बीच मतभेद चल रहे हैं। हालांकि खुलकर शशि थरूर या कांग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं कहा है, लेकिन इशारों-इशारों में थरूर कई बार कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साध चुके हैं। बीते दिनों अपने एक बयान में थरूर ने कांग्रेस पार्टी को चेताते हुए कहा था कि अगर पार्टी ने अपने जनाधार को नहीं बढ़ाया तो लगातार तीसरी बार कांग्रेस को विपक्ष में बैठना पड़ेगा। उन्होंने ये भी कहा कि कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लगता है कि केरल कांग्रेस में नेतृत्वकर्ता की कमी है। थरूर ने कहा कि अगर पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास अन्य विकल्प भी हैं, जिनमें किताबें लिखना भी शामिल है।

## उज्जैन के तराना में बस फूंकी-दुकान जलाई, मंदिर पर पथराव

### सीसीटीवी में युवक पथराव करते दिखे, 13 बसों में तोड़फोड़-15 गिरफ्तार

उज्जैन, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उज्जैन के तराना कस्बे में गुरुवार रात शुरू हुआ विवाद शुक्रवार दोपहर बाद हिंसा में बदल गया। हालात उस समय बेकाबू हो गए, जब एक दुकान में आग लग गई और एक बस को फूंक दिया गया। आगजनी के बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया, जिसमें एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार रात एक युवक से मारपीट की घटना के बाद दो समुदाय आमने-सामने आ गए थे। इस दौरान उपद्रवियों ने 13 बसों में तोड़फोड़ की। शुक्रवार को तनाव और बढ़ गया, जब हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तराना थाने का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों का जुलूस निकालने और उनके घर तोड़ने की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे और नारेबाजी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से शुक्रवार को बाजार बंद रखने का फैसला किया।

क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। जुमे की नमाज भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। नई बाखल इलाके में पुलिस के सामने ही उपद्रवी दुकानों में तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं।

फिलहाल, इलाके में तनाव है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं जबलपुर में उज्जैन के तराना को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा-हमारी सरकार सुशासन के लिए जानी जाती है। जहां व्यवस्थाओं में ढिलाई होती है। हम कठोरता से पेश आते हैं। मध्य प्रदेश शांति का टापू है।

# 'क्या बिगाड़ लिया मेरा, सुप्रीम कोर्ट से आदेश ले आया'

### सीजेआई सूर्यकांत ने खारिज कर दी अर्जी, कहा-जाइए माफी मांगिए

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक एडवोकेट महेश तिवारी के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया और उन्हें झारखंड हाई कोर्ट में बिना शर्त माफीनामा दाखिल करने को कहा। कोर्ट एडवोकेट महेश तिवारी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिन्होंने कथित तौर पर झारखंड हाईकोर्ट की कार्यवाही बाधित की थी। कार्यवाही बाधित करने के दौरान तिवारी ने कथित तौर पर कहा था कि 'न्यायपालिका के कारण देश जल रहा है' और 'अपने तरीके से' बहस करने पर अड़े रहे। एडवोकेट ने हाईकोर्ट को अपनी सीमा पार न करने की चेतावनी भी दे डाली थी।

**सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट की ओर से क्या दलीलें दी गईं :**

सुप्रीम कोर्ट में महेश तिवारी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे उपस्थित हुए। याचिकाकर्ता झारखंड उच्च न्यायालय में कार्यरत वकील हैं। 16 अक्टूबर, 2025 को हाईकोर्ट की कोर्ट संख्या 24 में एक अप्रिय घटना घटी। इस घटना की सोशल मीडिया पर




व्यापक रूप से चर्चा हुई, जिसके परिणामस्वरूप उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाकर्ता के विरूद्ध अवमानना का आपराधिक मामला स्वतः संज्ञान लेते हुए शुरू किया। इस नोटिस से व्यथित होकर याचिकाकर्ता ने यह अपील दायर की है। वरिष्ठ अधिवक्ता दवे ने कहा- मैं एक अन्य मामले का इंतजार कर रहा था... पांच न्यायाधीशों की नियुक्ति की, मानो मैंने कुछ बहुत बुरा कर दिया हो... कृपया देखें, ये वीडियो लीक करने वाले किसी भी व्यक्ति के माध्यम से वायरल हो गए।

**सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने क्या आदेश दिया :**

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से क्षमा याचना पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और उचित आदेश पारित करने का अनुरोध किया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने आदेश दिया- याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता ने विस्तार से स्पष्ट किया है कि याचिकाकर्ता का माननीय न्यायाधीश का अनादर करने या न्यायिक कार्यवाही में बाधा डालने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता इस घटना के लिए अत्यंत पश्चातापी है और बिना शर्त क्षमा याचना करने को तैयार है।

## भगदड़ रोकने के नियम बनाने से सुप्रीम कोर्ट का साफ इनकार



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका (पीआईएल) पर दिशानिर्देश जारी करने से इनकार कर दिया, जिसमें धार्मिक आयोजनों, राजनीतिक रैलियों और यात्राओं सहित बड़े सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भगदड़ की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक निर्देश मांगे गए थे। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग के सामने उठाने की अनुमति दी।

अदालत ने कहा कि यह मुद्दा ऐसे सार्वजनिक आयोजनों और जमावड़ों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी को लेकर राज्यों और केंद्र सरकार के दायित्व से जुड़ा है। बेंच ने कहा कि इस प्रकार ये निर्देश एक नीति के निर्माण से संबंधित हैं, जिसके लिए कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों के क्षेत्र के विशेषज्ञ अधिक उपयुक्त हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी उन नीति मामलों में हस्तक्षेप किया है, जहां कमजोर वर्गों के जीवन दांव पर लगे हों। चीफ जस्टिस ने कहा, मान लीजिए लोग मौलिक अधिकार का प्रयोग करते हुए दिल्ली में धरना देना चाहते हैं। हम इसे इस तरह नियंत्रित कर सकते हैं कि किसी को परेशानी न हो और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे। लेकिन अगर चेन्नै में रैली होनी है, मैदान की क्षमता 10,000 की है। और वहां 50,000 लोग आ जाएं, तो फिर हम क्या करेंगे?

# 'अभी हम जिंदा हैं' : एसआईआर वोटर लिस्ट से नाम गायब होने को लेकर चुनाव आयोग पर भड़के लोग

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। असम में वोटर लिस्ट के एसआईआर का ड्राफ्ट जारी होने के बाद चुनाव आयोग लगातार संदिग्ध लोगों को नोटिस भेज रहा है। वहीं, बड़ी संख्या में लोगों के नाम ड्राफ्ट में शामिल भी नहीं है।

चुनाव आयोग के नोटिस में कहा गया था कि राज्य में चल रही विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया में कई लोगों का नाम मृत्यु के चलते हटा है, जबकि इनमें से कई लोगों ने खुद सामने आकर आपत्ति जताई और यह तक कहा, वे जिंदा हैं। चुनाव आयोग के नोटिस पर सरकारी कर्मचारी हाफिजुद्दीन अहमद को स्थानीय सरकारी कार्यालय में सुनवाई के लिए तलब किया गया, जबकि उनका कहना है कि वे सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सुनवाई उसी दिन निर्धारित थी, इसलिए वह अपने दस्तावेजों के साथ तुरंत कार्यालय पहुंचा।

**मेरे दस्तावेजों की जांच :**

मध्य असम के नागांव कस्बे के हाफिजुद्दीन अहमद ने कहा, मैंने उन्हें अपना वोटर आईडी कार्ड दिखाया और चूंकि मैं लोक स्वास्थ्य एवं इंजीनियरिंग विभाग का कर्मचारी था, इसलिए मैं वहां के अधिकारियों से परिचित था। उन्होंने मेरे दस्तावेजों की जांच की और कहा कि सब ठीक है। बता दें कि वह अकेला नहीं था। दर्जनों अन्य लोगों को भी इसी तरह के नोटिस मिले हैं, जिनमें से कई नोटिस एक ही व्यक्ति द्वारा दायर आपत्तियों पर आधारित हैं। जिसके चलते बरहमपुर, नागांव-बटाद्रबा और राहा, इन तीन निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक सुनवाई स्थगित कर दी गई है। अहमद को नोटिस मिलने से एक रात पहले, उनके पड़ोसी जावेद अख्तर को



सुनवाई के लिए दो नोटिस मिले।

**ससुर और पत्नी को भी मिला नोटिस**

एक नोटिस उनके 80 वर्षीय ससुर अजिरुद्दीन अहमद के नाम था, जो बिस्तर पर पड़े थे और युवावस्था में एक वरिष्ठ वकील थे। इस नोटिस में भी आपत्ति का कारण मृत्यु बताया गया था। दूसरा नोटिस उनकी पत्नी फरहाना यास्मीन के नाम था, जिसमें आपत्ति का कारण स्थानांतरित लिखा था। कुछ इसी तरह ढिंग कॉलेज के 77 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रोफेसर अब्दुल सलाम अपनी पत्नी के साथ पश्चिम बंगाल की यात्रा पर थे। उनको रविवार को पता चला कि उन दोनों के खिलाफ इस आधार पर आपत्ति दर्ज की गई है कि वे मृत हैं।

उन्होंने कहा कि चूंकि हम शहर से बाहर थे, हमने अपने बेटे को सुनवाई के लिए भेजा, लेकिन उसे बताया गया कि हमें दावा एवं आपत्ति प्रक्रिया समाप्त होने से पहले वहां उपस्थित होना चाहिए। इसलिए हम गुरुवार को नागांव पहुंचेंगे और कार्यालय जाएंगे।

## 'एसआईआर के डर के कारण रोजाना आत्महत्या कर रहे तीन से चार लोग'



कोलकाता, 23 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर केंद्र और चुनाव आयोग (ईसीआई) पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बढ़ी चिंता के कारण हर दिन तीन से चार लोग आत्महत्या कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर रेड रोड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जिम्मेदारी चुनाव आयोग और केंद्र सरकार को लेनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अब तक 110 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि एआईआर के डर के कारण हर दिन तीन से चार लोग आत्महत्या कर रहे हैं। राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर बंगाल के खिलाफ साजिश रचने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर, सुभाष चंद्र बोस और भीमराव आंबेडकर जैसे देश की विभूतियों का अपमान किया जा रहा है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 24 जनवरी- 2026

# हवाओं की बिगडती सेहत

वायु प्रदूषण का खतरा अब तक दिल्ली, मुंबई व कोलकाता जैसे महानगरों तक ही सीमित थे लेकिन अब यह रोग कई मझोले और बडे शहरों को भी लग गए हैं। यदि अब भी नहीं चेता गया तो आप की सेहत पर भी इसका असर पड सकता है। कभी धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर की वादियां भी जहरीले हवाओं से प्रदूषित हो चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 308 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में है। इस स्तर की हवा में सांस लेना लगभग चार सिगरेट पीने के बराबर नुकसानदायक है। यह उस गंभीर खतरे की चेतावनी है, जो अब पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरे मैदानी शहरों तक पहुँच चुका है। वायु गुणवत्ता निगरानी के आंकड़े बताते हैं कि जनवरी महीने में श्रीनगर की हवा लगातार बिगड़ती गई। वर्ष 2026 को श्रीनगर का सबसे प्रदूषित वर्ष माना जा रहा है, जहाँ औसत AQI लगभग 159 रहा। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि यदि सतर्क नहीं हुए, तो छोटे और पहाड़ी शहर भी प्रदूषण आपदा की श्रेणी में आ जाएंगे। प्राकृतिक सुंदरता, कम औद्योगिकीकरण और अपेक्षाकृत कम जनसंख्या के बावजूद श्रीनगर का इस स्तर तक प्रदूषित होना गंभीर खतरे की चेतावनी है। दिल्ली का AQI 339 तक है, जो 'बहुत खराब' श्रेणी का द्योतक है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा समेत कई राज्यों में हवा स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। हरियाणा में दिल्ली की तुलना में वाहनों की संख्या कम होने के कारण प्रदूषण का स्तर भी कम है, लेकिन यह तुलना बताती है कि वाहनों की बढ़ती संख्या आज जहर उगल रहे हैं। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का सबसे बड़ा योगदान वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का है। इसके बावजूद, हर वर्ष पराली जलाने को ही प्रदूषण का मुख्य कारण ठहराया जाता है। प्रदूषण अब केवल स्वास्थ्य संकट नहीं रहा, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। पर्यावरणीय गिरावट की आर्थिक लागत दीर्घकाल में विकास दर पर भारी बोझ डालती है। इससे कार्यक्षमता घटती है, बीमारियाँ बढ़ती हैं और इलाज पर खर्च कई गुना बढ़ जाता है, जिसका सीधा असर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आज प्रदूषण से निपटने के लिए दीर्घकालिक और ठोस नीतियों की जरूरत है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है, जिनमें वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी या अन्य स्वच्छ ईंधन पर स्थानांतरित करना प्रमुख है। इसके साथ-साथ सार्वजनिक परिवहन को भी मजबूत किया जाए। निजी वाहनों की निर्भरता भी कम की जाए। छोटे शहरों में भी एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क को मजबूत किया जाए, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए कि प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयास से ही संभव है। यदि अभी भी इसे नजरंदाज किया गया, तो वह दिन दूर नहीं जब 'स्वर्ग' कहे जाने वाले दक्षिणी राज्यों के शहर भी सांस के लिए तरसते नजर आएंगे।

# विपरीत परिस्थितियों में भी भारत की नीतियों का कमाल



संजीव ठाकुर

निश्चित रूप से यह चमत्कार से कम नहीं है कि वर्ष 2014 के पहले मनमोहन सिंह की कांग्रेस की सरकार के समय भारत विश्व में 11वीं आर्थिक शक्ति में गिना जाता था। 2014 में भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही सबसे पहले आर्थिक मजबूती की नीतियों पर ध्यान देते हुए भारत की अंदरूनी अर्थशास्त्र मरम्मत करते हुए आज 2025 में विश्व की जापान जैसी चौथी आर्थिक शक्ति को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर चौथी महाशक्ति बन गया है। सकल जीडीपी में भारत ने उत्साह जनक वृद्धि करते हुए आश्चर्यजनक रूप से चौथी अर्थव्यवस्था बनने का कम समय में रिकॉर्ड बनाया है और अब तीसरी महाशक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर है1 यह भी सर्व विदित है कि भारत अपनी आर्थिक मजबूती के पायदान पर खड़ा होकर एक बड़ी सामरिक शक्ति भी बन गया है.यह ऐसे समय में भारत ने किया है जब भारत के समक्ष विपरीत परिस्थितियों पहाड़ बनकर खड़ी हुई है ऑपरेशन सिंदूर में सामरिक तौर पर पाकिस्तान को परास्त करते हुए अमेरिका चीन पाकिस्तान तुर्की जैसे देशों का मुकाबला डटकर किया है। भारत ऑपरेशन सिंधु चलते हुए पाकिस्तान के 9 हवाई बेस अड्डों को नष्ट किया है के अलावा 100 आतंकवादियों को मार भी गिराया है ट्रंप ने इस मामले में दबाव डालने का भरपूर प्रयास किया था भारत के कड़े रुख के कारण अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने बयान से यू टर्न लेना पड़ा और भारत और पाकिस्तान के बीच से अपना हाथ खींच लिया है।

अब भारत में कूटनीतिक तौर पर अपने 60 से अधिक सांसदों को विदेश विभिन्न देशों में अपने सांसदों का दल भेज कर भारत का रुख साफ करने एवं पाकिस्तान की काली करतूत के तहत विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने का पर्दाफास भी किया है। भारत ना सिर्फ चौथी आर्थिक शक्ति बना है बल्कि सामरिक तौर पर अपनी फौज के दम पर पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देश को परास्त करते हुए चौथी आर्थिक महाशक्ति बन गया है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत अपनी वर्तमान की आर्थिक नीतियों पर चलते हुए बहुत शीघ्र जर्मन जैसे शक्तिशाली देश को पीछे छोड़ते हुए तीसरी महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो गया है। भारत सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि किसी भी देश की नियत साफ हो तो वह किसी भी दिशा में सकारात्मक रूप से शांति स्थापना की अच्छी मंशा को लेकर वैश्विक स्तर पर अच्छी छवि बनाकर सिरमौर भी बन सकता है। भारत 142 करोड लोगों के श्रम के हाथों और मजबूत आर्थिक नीतियों के चलते 4000 अरब डॉलर वाला कुल सकल उत्पाद की ताकत के बाद वैश्विक स्तर पर चौथी आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। भविष्य में भारत को अपने नागरिकों के श्रम के दम पर बहुत शीघ्र जर्मनी जैसे ताकतवर पश्चिमी देश को पीछे छोड़कर तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वर्तमान में भारत अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 40 पैसे मजबूत हुआ है। इंटरनेशनल मोनेटरी फंड तथा विश्व बैंक ने भारत की प्रशंसा करते हुए कहा है कि विश्व की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के लगातार प्रदर्शन के बीच भारत की अंदरुनी अर्थव्यवस्था काफी मजबूत हुई है तथा यह मजबूत अर्थव्यवस्था लगातार जारी रहने की संभावना है। ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात यह बहुत शुभ खबर है कि पाकिस्तान में हमले के बाद इसराइल फ्रांस ब्रिटेन एवं अन्य यूरोपीय देशों के साथ-साथ खाड़ी के देश भी भारत के सामरिक अस्त्र-शस्त्र खरीदने की होड़ में शामिल हो गए हैं एवं भारत में बने रक्षा उत्पादों को खरीदने की मंशा रखते हैं। भारत को न सिर्फ निर्यात बल्कि देश के लिए उपयोगी आवश्यक वस्तुओं का आयात भी करना होगा तब जाकर हम तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर उन्मुख हो सकते हैं। भारत के प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब हमें चीन के सामानों का उपयोग ना करके घर में ही उत्पादन बढ़ाकर आर्थिक रूप से चीन को करारा जवाब देकर उसे आर्थिक रूप से परास्त करना है।

# एयरपोर्ट के बाजार में उछाल



अशोक भाटिया

जेफरीज के विश्लेषण से पता चलता है कि भारत का एयरपोर्ट सेक्टर तेजी से एक आकर्षक रिटेल बाज़ार में बदल रहा है, जो अपनी पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ रहा है। नॉन-एरोनॉटिकल राजस्व (भोजन, पेय, ड्यूटी-फ्री शॉपिंग, कार पार्किंग सब कुछ) एफवाई25 से एफवाई28 के बीच 16% की मजबूत वार्षिक दर से बढ़ने का अनुमान है। ये सेगमेंट पहले से ही कुल एयरपोर्ट आय का 40-50% हैं और महत्वपूर्ण रूप से लगभग 80% एयरपोर्ट ऑपरेटरों के मूल्यांकन का आधार बनते हैं। जीएमआर एयरपोर्ट्स, जो दिल्ली और हैदराबाद जैसे प्रमुख हब का प्रबंधन करता है, पर्याप्त वित्तीय लाभ के लिए तैयार है। जेफरीज का अनुमान है कि कंपनी का समेकित ईबीआईटीडीए एफवाई25 और एफवाई28 के बीच सालाना 28% बढ़ सकता है। इस आक्रामक विकास का अनुमान इसके प्रमुख हवाई अड्डों पर लगातार बढ़ते प्रति-यात्री खर्चों से प्रेरित है, जो टर्मिनलों के भीतर रिटेल माहौल के सफल मुद्रीकरण को दर्शाता है। यह रिटेल-फर्स्ट रणनीति 2026 में तीन प्रमुख हवाई अड्डों के खुलने के साथ और तेज होगीः नवी मुंबई (अडानी), नोएडा अंतर्राष्ट्रीय (फ्लगहफेन ज्यूरिख), और विशाखापत्तनम के पास भभोगपुरम (ईबीआई टीडीए)। ये विकास केवल पारगमन बिंदु के रूप में नहीं, बल्कि एकीकृत वाणिज्यिक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में डिज़ाइन किए गए हैं। अडानी एंटरप्राइजेज, जो पहले से छह हवाई अड्डों का प्रबंधन करता है, अपने मुंबई, नवी मुंबई और अहमदाबाद स्थानों पर सिटी-साइड परियोजनाओं का सक्रिय रूप से विकास कर रहा है, ताकि निरंतर आय के लिए एरोट्रोपोलिस मॉडल का लाभ उठाया जा सके।

मजबूत रिटेल गति के बावजूद, एयरपोर्ट राजस्व वृद्धि यात्री फुटफॉल पर निर्भर करती है, जो एयरलाइन क्षमता की बाधाओं के प्रति संवेदनशील है। पायलटों की कमी और फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन जैसे कारकों के कारण हवाई यात्री वृद्धि में पहले ही महत्वपूर्ण मंदी आ चुकी है। यदि ये समस्याएं बनी रहती हैं, तो एयरलाइन्स क्षमता वृद्धि को सीमित कर सकती हैं, जिससे ऑपरेटरों के लिए लाभप्रदता बनाए रखने के लिए नॉन-एरोनॉटिकल राजस्व धाराएँ और भी महत्वपूर्ण हो जाएंगी।आगे देखते हुए, सरकार द्वारा मार्च 2026 तक भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 11 संपत्तियों के नियोजित निजीकरण से विस्तार के नए रास्ते खुलेंगे। भुवनेश्वर और वाराणसी जैसे शहरों में ये आगामी हवाई अड्डे नए बंदी बाजार प्रस्तुत करते हैं जहां एयरपोर्ट ऑपरेटर अपने सफल रिटेल-केंद्रित व्यवसाय मॉडल को दोहरा सकते हैं, जो दीर्घकालिक विकास क्षमता को मजबूत करता है। देखने वाली बात यह है कि अब जब आप आज दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर हैं, तो देरी का कारण प्रस्थान द्वार नहीं हो सकता है। तो नया चैनल एक बुटीक होगा। हैदराबाद में फ्लाइट में चढ़ने से पहले गॉर्डन रामसे बर्गर खाना आकर्षक हो सकता है। पूरे भारत में हवाई यात्रा को इसी तरह से नया रूप दिया जा रहा है। अब हवाई यात्रा केवल गंतव्य तक पहुंचने तक ही सीमित नहीं है; यह देखना भी महत्वपूर्ण है कि यात्री बीच में अपने घंटे कैसे बिताते हैं।

भारत के विमानन उद्योग के लिए सबसे महत्वपूर्ण वृद्धि अब आसमान में नहीं, बल्कि जमीन पर है। गैर-टिकटिंग और गैर-विमानन राजस्व धाराएं इस क्षेत्र के सबसे मजबूत विकास इंजन बन गए हैं। लेकिन सीट अपग्रेड, लाउंज, प्रीमियम डाइनिंग, एडवरटाइजिंग, ब्रांडेड रिटेल और एक्सक्लूसिव एक्सपीरियंस जैसी अतिरिक्त सेवाओं के साथ मुनाफा बढ़ रहा है।चांगी और दुबई जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर, 40 से 50 प्रतिशत राजस्व गैर-टिकटिंग स्रोतों से आता है। भारत भी पीछे नहीं है। हवाई अड्डों और एयरलाइनों के राजस्व में सहायक सेवाओं का योगदान 25 से 35 प्रतिशत है। उद्योग के अनुमानों के अनुसार, डिजिटलीकरण और प्रीमियम अनुभवों की बढ़ती मांग इस बदलाव को तेज कर रही है। भारत में, यह बदलाव दो स्तरों पर हो रहा हैः एयरलाइंस अपने सेवा नेटवर्क को टिकटिंग से परे सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में बदल रही हैं, हवाई अड्डे खुदरा, खानपान और मीडिया के केंद्र बन रहे हैं। टाटा समूह एयर इंडिया में जो परिवर्तन कर रहा है, वह नए विमानों और नई ब्रांडिंग तक सीमित नहीं है। एयरलाइन यात्रियों की यात्रा के हर चरण का मुद्रीकरण करने के लिए एक मजबूत पूरक सेवा पोर्टफोलियो का निर्माण कर रही है। सहायक राजस्व वित्त वर्ष 2024 में 1,700 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 2,500 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी का लक्ष्य सीट अपग्रेड, अतिरिक्त सामान, किराया लॉक, यात्रा बीमा, उपहार कार्ड और वीएफएस ग्लोबल के 'वनवास्को वीजा कंसीयज' जैसी सेवाओं के माध्यम से इस राजस्व को तीन गुना करना है। अन्य सेवाएं जैसे प्राथमिकता चेक-इन, टैक्सी बुकिंग के लिए टाई-अप और टाटा एआईजी यात्रा बीमा को सुविधा को राजस्व में बदलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एयरलाइन के एक अधिकारी ने कहा, 'सीट चयन से लेकर टैक्सी बुकिंग तक, हर उत्पाद ब्रांड को यात्रियों की निर्णय लेने की प्रक्रिया में रखता है। इंडिगो के बड़े पैमाने पर लाभ से पता चलता है कि पूरक राजस्व वृद्धि कितनी दूर तक जा सकती है। वर्तमान में, निजी एयरलाइंस एयरलाइन की रणनीति का पालन कर रही हैं। गैर-विमानन राजस्व अब उनके व्यवसाय मॉडल का केंद्र बन गया है। दिल्ली और हैदराबाद हवाई अड्डों का संचालन करने वाले जीएमआर हवाई अड्डों पर गैर-एयरो राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 में 43 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 47 प्रतिशत और वित्त वर्ष 25-26 की दूसरी तिमाही में हो गया इसमें पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

खुदरा, शुल्क मुक्त उत्पादों की बिक्री, खाद्य और पेय (एफ एंड बी) और अन्य सेवाएं विकास का नेतृत्व कर रही हैं। जीएमआर एयरपोर्ट्स के अध्यक्ष और सीईओ राजेश अरोड़ा कहना है कि , ₹जैसा कि भारत का विमानन क्षेत्र विस्तार के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है, हम यात्री वृद्धि और खर्च दोनों को चलाने वाले मजबूत अनुकूल कारक देख रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सिर्फ एक बुनियादी ढांचा ऑपरेटर से एक विविध ग्राहक मंच के रूप में विकसित हुए हैं और हवाई अड्डों को मूल्य वर्धित गंतव्यों में बदल रहे हैं। आठ हवाई अड्डों का संचालन करने वाली अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने एफवाई25 में गैर-विमानन राजस्व में 4,926 करोड़ रुपये कमाए, जो अडानी हवाई अड्डों के कुल राजस्व का लगभग आधा है। अप्रैल मून रिटेल और मुंबई ट्रैवल रिटेल जैसी सहायक कंपनियां एक विस्तारित इन-हाउस रिटेल मॉडल को बढ़ावा दे रही हैं।

# बेटियों के सम्मान से ही संभव है राष्ट्र का उत्थान



योगेश कुमार गोयल

हर साल 24 जनवरी को 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जाता है, जो केवल एक दिवस मात्र नहीं है बल्कि भारतीय समाज के आत्ममंथन और उत्तरदायित्व बोध का दिवस है। यह वह अवसर है, जब हम यह सोचने को विवश होते हैं कि क्या हमारी बेटियां वास्तव में सुरक्षित हैं, क्या उन्हें समान अवसर मिल रहे हैं और क्या समाज ने उन्हें बोझ नहीं बल्कि संभावना के रूप में स्वीकार किया है? बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उनके साथ होने वाले भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध सामूहिक चेतना विकसित करने तथा उनके सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। जब तक देश की बालिकाएं सशक्त नहीं होंगी, तब तक न तो समाज संतुलित हो सकता है और न ही राष्ट्र प्रगति के शिखर को छू सकता है।

एक समय था, जब भारतीय समाज में बेटी का जन्म चिंता का विषय माना जाता था। पुत्र मोह, सामाजिक कुरीतियां, दहेज जैसी अमानवीय परंपराएं और आर्थिक असुरक्षा की मानसिकता ने बेटियों को कोख में ही मार देने जैसी जघन्य प्रवृत्तियों को जन्म दिया। कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह लंबे समय तक सामाजिक स्वीकृति के साथ फलते-फूलते रहे, जिसके दुष्परिणामस्वरूप देश का लिंगानुपात बुरी तरह बिगड़ गया। हालांकि आजादी के बाद से ही सामाजिक चेतना, कानूनों और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से इस सोच को बदलने के प्रयास हुए लेकिन यह सच है कि मानसिकता में बदलाव सबसे कठिन प्रक्रिया होती है। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का निर्णय वर्ष 2008 में भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लिया गया था और पहली बार 24 जनवरी 2009 को यह दिवस मनाया गया था। यह दिवस मनाए जाने की शुरूआत करने का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं बल्कि बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस सामाजिक संकल्प को मजबूती देना था। यूनिसेफ स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रत्येक बालिका को सुरक्षित, स्वस्थ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से युक्त बचपन का अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार किसी भी देश की जनसांख्यिकीय और आर्थिक स्थिरता का सीधा संबंध वहां की महिलाओं और बालिकाओं की स्थिति से जुड़ा होता है।

भारत में बीते दो दशकों में बालिकाओं की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, समग्र शिक्षा अभियान, किशोरी शक्ति योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार, उच्च शिक्षा में आरक्षण और सैन्य सेवाओं में महिलाओं की भागीदारी जैसे कदमों ने बालिकाओं के लिए नए द्वार खोले हैं। आज बालिकाएं शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन, राजनीति, रक्षा, अंतरिक्ष और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में न केवल भागीदारी निभा रही हैं बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में भी दिखाई दे रही हैं। यह परिवर्तन बताता है कि अवसर मिलने पर बालिकाएं किसी से कम नहीं हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के समानांतर एक भयावह यथार्थ भी मौजूद है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और संयुक्त राष्ट्र की हालिया रिपोर्टें बताती हैं कि बालिकाओं और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी आने के बजाय कई क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की जा रही है। देश में यौन शोषण, घरेलू हिंसा, बाल तस्करी, ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर अपराधों के मामले तेजी से बढ़े हैं। यह तथ्य अत्यंत चिंताजनक है कि अधिकांश अपराध घर या परिचित परिवेश में ही होते हैं, जहां बालिकाएं स्वयं को सबसे अधिक सुरक्षित समझती हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में विश्वभर में 85 हजार महिलाओं और लड़कियों की हत्या हुई, जिनमें से 60 फीसदी यानी करीब 51 हजार हत्याएं महिलाओं और लड़कियों के परिवार के सदस्यों, करीबी रिश्तेदारों या उनके पार्टनर ने की। औसतन प्रतिदिन लगभग 140 महिलाएं और बालिकाएं अपने घरों में हिंसा का शिकार होकर जीवन गंवा रही हैं। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी महिलाओं और लड़कियों की हत्या के हजारों मामले सामने आना यह दर्शाता है कि लैंगिक हिंसा केवल विकासशील देशों की समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक मानवीय संकट है। भारत में स्थिति इसलिए और गंभीर हो जाती है क्योंकि यहां अपराध के साथ-साथ सामाजिक चुप्पी और पीड़िता को दोष देने की मानसिकता भी जुड़ी हुई है। कई मामलों में न्याय प्रक्रिया की धीमी गति, सामाजिक दबाव और भय के कारण अपराध दर्ज ही नहीं हो पाते। बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों में वृद्धि इस बात का संकेत है कि कानून तो बने हैं लेकिन उनके प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक चेतना में अभी भी गंभीर कमी है। यह भी सच है कि बालिकाओं को आज भी समानता साबित करने के लिए बालकों की तुलना में कहीं अधिक संघर्ष करना पड़ता है। शिक्षा से लेकर कैरियर, स्वतंत्रता से लेकर सुरक्षा तक, हर स्तर पर उन्हें अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। लैंगिक भेदभाव केवल किसी एक चरण तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह बालिका के जन्म से लेकर जीवन के हर पड़ाव पर उसका पीछा करता है।

यही कारण है कि बालिका दिवस जैसे आयोजनों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। कुल मिलाकर, राष्ट्रीय बालिका दिवस हमें यह स्मरण दिलाता है कि सशक्तिकरण केवल योजनाओं और नारों से संभव नहीं है, इसके लिए परिवार, समाज, शिक्षा व्यवस्था, मीडिया और शासन, सभी को मिलकर अपनी भूमिका निभानी होगी।

बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण देना, उनकी बात सुनना, उनकी पसंद का सम्मान करना और उन्हें निर्णय लेने की स्वतंत्रता देना ही वास्तविक सशक्तिकरण है। जब समाज यह स्वीकार करेगा कि बेटियां बोझ नहीं बल्कि भविष्य की आधारशिला हैं, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम बालिकाओं को दया या सहानुभूति की दृष्टि से नहीं, अधिकार और समानता की दृष्टि से देखें। यही बालिकाएं देश की वर्तमान ऊर्जा हैं और भविष्य की दिशा भी। यदि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर मिले तो वे न केवल अपने परिवारों बल्कि पूरे राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं। राष्ट्रीय बालिका दिवस की सार्थकता इसी में है कि यह दिन हमें आत्मविश्लेषण के साथ-साथ ठोस सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणा दे।

# इन्फ्लुएंसर का इन्फ्लुएंजा



डॉ. सुरेश कुमार

शहर के उस वीरान और धूल भरे सरकारी मुहल्ले में, जहाँ हवा भी रिश्वत लिए बिना खिड़की के भीतर नहीं आती थी, भीखम सिंह 'भौंरा' का घर एक पुरानी कचहरी जैसा दिखाई देता था। भीखम सिंह जी उम्र के उस पड़ाव पर थे जहाँ व्यक्ति को अपनी याददाश्त से ज्यादा अपनी शुगर की रिपोर्ट पर भरोसा होता है। वे जीवन भर 'आदर्शवाद' के उस खंभे को पकड़े रहे, जो अंदर से दीमक खा चुका था। उनके घर में मेजपोश से लेकर पर्दों तक पर ऐसी अनुशासनप्रियता थी कि मक्खी भी बैठने से पहले 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' ढूंढती थी। एक दोपहर, उनके पुराने लंगोटिया यार और जिला शिक्षा विभाग के रिटायर्ड शेर ठाकुर ज्वाला सिंह उनके घर पधारे। ज्वाला सिंह जी का व्यक्तित्व ऐसा था जैसे किसी प्राइमरी स्कूल का वह मास्टर, जिसकी छड़ी की गूंज से आज भी पुराने छात्र रात को सोते समय सिहर जाते हैं। ज्वाला सिंह जी ने सोफे पर बैठते ही कमरे के वातावरण को अपनी तीखी नज़रों से स्कैन किया और सीधे 'अटैक' मोड में आ गए। क्यों भाई भीखम, सुना है आजकल तुम्हारा छोरा गुलकंद बड़ा भारी 'इन्फ्लुएंसर' बन गया है? मोबाइल के उस कांच के टुकड़े में मुँह घुसाकर दिन-भर क्या ज्ञान बांटता रहता है? हमारे जमाने में ज्ञान मंदिर में मिलता था या मार में, पर ये आजकल का 'डिजिटल ज्ञान' तो मुझे कतई गुड़ में मिली मिट्टी जैसा लग रहा है। ज्वाला सिंह ने अपनी मूंछों को वह चिर-परिचित ताव दिया, जो तहसील में पटवारियों का बीपी बढ़ाने के लिए मशहूर था। भीखम सिंह ने चाय का प्याला आगे बढ़ाते हुए एक लंबी और ठंडी सांस ली, जो फेफड़ों से कम और उनकी हारती हुई उम्मीदों से ज्यादा निकल रही थी। ज्वाला भाई, जमाना अब 'रील्स' का है। गुलकंद कहता है कि वह 'सोशल एक्टिविज्म' कर रहा है। वह कैमरे के सामने खड़ा होकर चिल्लाता है कि 'सिस्टम को नंगा करना' ही असली देशभक्ति है। मुझे तो डर लगता है कि कहीं सिस्टम को नंगा करते-करते वह खुद अपनी मर्यादा की चादर न फाड़ ले। ज्वाला सिंह ने चाय की चुस्की ऐसे ली जैसे वह किसी भ्रष्ट क्लर्क का स्पष्टीकरण पी रहे हों और बोले, यही तो रोना है! ये जो तू इसे 'एक्टिविज्म' कह रहा है न, ये असल में 'व्यवहार की बदहजमी' है। मैंने सुना है कल वो बाजार के बीचों-बीच खड़ा होकर राह चलते लोगों को गालियां दे रहा था और कह रहा था कि यह 'प्रैंक' है, यानी सामाजिक शोध है। अरे भाई, किसी शरीफ आदमी की पगड़ी उछालना कब से शोध हो गया? भीखम सिंह की आँखों में बेबसी का वह कीचड़ जमा हो गया जो केवल उन पिताओं की आँखों में होता है जिनके बेटे आधुनिकता के नाम पर आवारागर्दी को 'करियर' मान लेते हैं। ज्वाला सिंह की बातों ने भीखम सिंह के कलेजे में वैसी ही हलचल मचा दी जैसी किसी सरकारी फाइल के खो जाने पर दफ्तर में मचती है। उन्होंने मेज पर रखे गुलकंद के उस मंहगे मोबाइल को देखा, जो किसी 'इलेक्ट्रॉनिक विलेन' की तरह चमक रहा था। ज्वाला सिंह ने कहा देख भीखम, यो जो तेरा छोरा 'कंटेंट' के नाम पै सड़कों पै तमाशा करै है, इसे तू मॉडर्न मत समझ। यो तो समाज की उस सड़ी हुई मानसिकता का 'लाइव टेलीकास्ट' है जहाँ बदतमीजी को बहादुरी और नंगापन को बोल्डनेस कहा जाता है। मैंने देखा है उसकी एक वीडियो में, वो एक बुजुर्ग रेहड़ी वाले का तराजू फेंक रहा था और पीछे से बैकग्राउंड म्यूजिक ऐसा बज रहा था जैसे कोई किला फतह कर लिया हो। इसे तू 'अभिव्यक्ति की आजादी' कहता है? अरे, आजादी और आवारागर्दी के बीच की लकीर उतनी ही बारीक है जितनी कि सरकारी बजट और असल खर्च के बीच होती है। तू इसे समझाता क्यों नहीं कि ये जो 'व्यूज' और 'लाइक्स' की नशीली गोलियां वो खा रहा है, ये एक दिन उसकी इंसानियत का पोस्टमार्टम कर देंगी। भीखम सिंह ने कांपते हाथों से चश्मा उतारा और उसे धोती के कोने से पोंछने लगे, मानो चश्मा साफ होने से दुनिया का सारा कीचड़ धुल जाएगा।

समझाया तो बहुत ज्वाला भाई, पर वो कहता है कि 'पापा, आप आउटडेटेड हो चुके हो'। उसका तर्क है कि आज के दौर में जो जितना बड़ा 'विद्रूप' पैदा करेगा, वह उतना ही बड़ा सेलिब्रिटी होगा। वह कहता है कि नफरत और विवाद ही आज की असली करेंसी हैं। वह सड़क पर किसी भी राहगीर को पकड़कर उसके चरित्र का 'सत्यापन' करने लगता है और उसे 'सोशल एक्सपेरिमेंट' का नाम देता है।

# स्पेस डेब्रिस : अंतरिक्ष अभियानों पर मंडराती अदृश्य मौत



स्नेहा सिंह

हजारों की संख्या में निष्क्रिय सैटेलाइट, रॉकेटों के टुकड़े और छोटे-बड़े कण पृथ्वी की निचली कक्षा में घूमते हुए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। अंतरिक्ष कचरा आपस में टकराकर और भी छोटे टुकड़ों में बदलता जा रहा है, जिससे इसकी संख्या और घनत्व लगातार बढ़ रहा है। यदि इसका शीघ्र और सटीक समाधान नहीं निकाला गया तो भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए यह एक बड़ी चुनौती बन जाएगा। अंतरिक्ष ऐसा क्षेत्र है जहाँ कण भर का छोटा टुकड़ा भी इंसान के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे हालात में अंतरिक्ष यात्री भारी जोखिम उठाकर मिशन अंजाम दे रहे हैं। अत्यधिक गति से घूमता यह कचरा न सिर्फ इंसानों के लिए, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन और दुनिया के सबसे शक्तिशाली हबल टेलिस्कोप के लिए भी खतरनाक है। अंतरिक्ष में सैटेलाइटों की बढ़ती संख्या और उनके नीचे गिरने की आशंका को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता—खासकर तब, जब भारत सहित अमेरिका, रूस और चीन मानवयुक्त अभियानों की योजना बना रहे हैं। दुनिया भर के देशों ने हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर अंतरिक्ष अभियान शुरू किए हैं। कभी अंतरिक्ष क्षेत्र कुछ गिनेचुने देशों तक सीमित था, लेकिन अब कई देश अपने सैटेलाइट प्रक्षेपित कर रहे हैं और अनुसंधान में सक्रिय हैं। निजी कंपनियों के प्रवेश के बाद यह क्षेत्र और भी तेजी से बढ़ा है। मौसम पूर्वानुमान, इंटरनेट सेवाएं, दूरसंचार, सैन्य सहयोग और आपदा प्रबंधन, इन सभी के लिए आज अंतरिक्ष में सैटेलाइट तैनात हैं। नतीजतन, रोजमर्रा के जीवन से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और वैश्विक भूराजनीति तक, अंतरिक्ष क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

लेकिन इस विकास के साथ विनाश की एक अनदेखी परत भी बनती जा रही है। अंतरिक्ष कचरे निष्क्रिय सैटेलाइट, उनके टुकड़े, पुराने राकेट हिस्से और अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा छोड़ा गया कचरे का साम्राज्य फैलता जा रहा है। इससे अंतरिक्ष अभियानों पर सीधा खतरा मंडरा रहा है। एक ओर मंगल, चंद्रमा और अन्य ग्रहों पर मानव भेजने की तैयारी है, वहीं पृथ्वी के आसपास ही खतरनाक कचरा घूम रहा है। यदि इसके निपटान पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया, तो जोखिम कई गुना बढ़ जाएगा।

विशेषज्ञों के अनुसार पिछले 60 से अधिक वर्षों में अंतरिक्ष अभियानों में भारी वृद्धि हुई है, खासकर बीते एक दशक में। हजारों उपग्रह, लाखों प्रयोग और अनगिनत प्रक्षेपणों के कारण अंतरिक्ष में कचरे का अंबार लग गया है। यह कचरा सूक्ष्म कणों से लेकर बड़े निष्क्रिय उपग्रहों तक, अब बाधा बन चुका है। सबसे बड़ी समस्या इसकी बढ़ती संख्या है, क्योंकि टकराव से यह और छोटे-छोटे टुकड़ों में बदलता जा रहा है। यदि समय रहते ठोस समाधान नहीं निकला, तो विशेषकर मानवयुक्त मिशनों में गंभीर दुर्घटनाएं और जानमाल का बड़ा नुकसान हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (ISS), जो मानवता के लिए बेहद अहम अनुसंधान केंद्र है, भी खतरे में है। यह पृथ्वी से लगभग 400 किमी ऊपर स्थित है, यही वह क्षेत्र है, जहां सबसे अधिक अंतरिक्ष कचरा घूम रहा है। अंतरिक्ष में अत्यधिक गति से घूमते कण स्टेशन और वहां मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों दोनों के लिए जानलेवा हो सकते हैं। हालांकि बड़े टुकड़ों पर शक्तिशाली दूरबीनों और उन्नत रडार से नजर रखी जाती है, लेकिन छोटे और सूक्ष्म कण अक्सर पकड़ में नहीं आते और वही सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। टकराव की आशंका होने पर स्पेस स्टेशन की कक्षा बदली जाती है, लेकिन यह समाधान दीर्घकालिक नहीं है। यदि कई टुकड़े एक साथ आ जाएं, तो स्थिति संभालना बेहद मुश्किल हो सकता है। स्पेस स्टेशन की कक्षा बदलना एक स्वीकार्य सुरक्षा उपाय है, लेकिन यह जोखिम भरा और अत्यंत महंगा भी है। इसके लिए अतिरिक्त ईंधन की जरूरत पड़ती है और उस दौरान कई वैज्ञानिक प्रयोग रोकने पड़ते हैं। बारबार ऐसा करने से भविष्य में लागत और खतरा दोनों बढ़ेंगे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि ISS को लंबे समय तक उपयोग के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन अब इसमें लगातार मरम्मत की आवश्यकता पड़ रही है। कक्षा में बारबार बदलाव से स्टेशन के उपकरणों को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। छोटे कणों से बचाव के लिए कुछ सुरक्षा उपाय किए गए हैं, पर वे कितने समय तक कारगर रहेंगे, इस पर कोई ठोस दावा नहीं किया जा सकता। यदि बड़े और तेजी से आते टुकड़ों का सामना हुआ, तो अचानक कक्षा बदलना भी संभव नहीं होगा और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाएगा। अंतरिक्ष यात्रियों को आपात स्थितियों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, फिर भी किसी अप्रत्याशित हादसे में जान का जोखिम बना रहता है। भारत सहित कई देशों के हालिया अभियानों में असफलताएं भी इस खतरे की गंभीरता को रेखांकित करती हैं। निजी कंपनियों के सैटेलाइट और हबल टेलिस्कोप का संकट दुनिया का सबसे शक्तिशाली हबल टेलिस्कोप भी जोखिम में है। स्पेसएक्स और अन्य निजी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर छोड़े गए सैटेलाइट इसके काम में बाधा डाल रहे हैं। तस्वीरें धुंधली हो रही हैं और वैज्ञानिक अवलोकन प्रभावित हो रहे हैं। केवल हबल ही नहीं, बल्कि अन्य अंतरिक्ष दूरबीनों की कार्यक्षमता पर भी असर पड़ सकता है। हबल टेलिस्कोप 1990 में प्रक्षेपित हुआ था और आज भी ब्रह्मांड की उम्र, ब्लैक होल, तारों के निर्माण जैसी अहम जानकारियां दे रहा है।

# गुरुग्राम में 6. 30 करोड़ का हनीट्रैप

## ब्रेन स्ट्रोक-पैरालिसिस होने पर भी नहीं बख्शा 4 साल तक कारोबारी को लूटती रही हसीना

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर आप भी कहेंगे- ऐसा भी होता है क्या? मामला सेक्टर-54 स्थित गोल्फ कोर्स रोड की एक पॉश सोसाइटी का है। यहां रहने वाले कारोबारी को 'हनीट्रैप' के जाल में फंसाकर 5 सालों के भीतर 6 करोड़ 30 लाख रुपये की चपत लगा दी गई। आरोपी इतने बेरहम थे कि ब्रेन स्ट्रोक और पैरालिसिस होने के बाद भी उन्होंने पीड़ित को ब्लैकमेल करना जारी रखा। यह सिलसिला साल 2020 में फेसबुक पर एक फ्रेंड रिक्वेस्ट से शुरू हुआ। प्रियंका संगमा उर्फ किम नाम की एक महिला ने पीड़ित कारोबारी से दोस्ती की। खुद को दुबई की एमिरेट्स एयरलाइंस में एयरहोस्टेस बताया। विश्वास जीतने के लिए उसने विमानों के अंदर की अपनी कई तस्वीरें भी साझा कीं। धीरे-धीरे बातचीत वॉट्सऐप तक पहुंच गई। पुलिस के अनुसार, ठगों ने पीड़ित को अपनी तस्वीरें भेजने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद डीपफेक और मोर्फिंग तकनीक का इस्तेमाल कर कारोबारी की साधारण तस्वीरों को अश्लील तस्वीरों और चैट्स के साथ जोड़ दिया गया। यहीं से ब्लैकमेलिंग का वह दौर शुरू हुआ जो जुलाई 2025 तक चलता रहा। मानसिक प्रताड़ना के चलते कारोबारी को ब्रेन स्ट्रोक हुआ और वे पैरालिसिस (लकवा) के शिकार हो गया। गंभीर बीमारी के बावजूद ठगों ने रहम नहीं दिखाया। वो अस्पताल के फर्जी बिल और भावनात्मक झूठी कहानियां सुनाकर लगातार मोटी रकम ऐंठते रहे। कारोबारी ने डर के मारे पहली बार 2021 में महज 5 हजार रुपये भेजे थे, जो समय के साथ करोड़ों में बदल गए। साल 2021 में पायलट ट्रेनिंग के बहाने 32.38 लाख वसूले।

# रोने लगे कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़, पार्षद बेटे पर लगे गंभीर आरोपों से दिखे आहत, वीडियो आया सामने



देहरादून, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड में कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ का रोते सुबकते वीडियो सामने आया है। बेटे पर लगे गंभीर आरोपों से आहत बेहड़ ने यहां तक कहा कि अपना ही सिक्का खोटा निकला तो क्या करें। बेहड़ के बेटे और रुद्रपुर नगर निगम के पार्षद सौरभ राज को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। पुलिस जांच में सामने आया कि सौरभ राज ने खुद पर हमले की साजिश रची थी और इसके लिए 1500 रुपये देकर युवकों को बुलाया गया था। इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने सार्वजनिक रूप से अपने बेटे से सभी संबंध खत्म करने का ऐलान कर दिया है और उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**सहानुभूति पाने के लिए रची गई पूरी साजिश**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंह नगर मणिकांत मिश्रा के अनुसार, 18 जनवरी की देर शाम रुद्रपुर के आवास विकास क्षेत्र में सौरभ राज पर तीन नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से हमला किया था। गंभीर हालत में सौरभ को आईसीयू में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया था। लेकिन पुलिस जांच के दौरान बुधवार देर रात सिडकुल रोड पर बिना नंबर प्लेट की बाइक से घूम रहे तीन हथियारबंद युवकों को पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से दो अवैध तमंचे, एक जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवकों ने कबूल किया कि यह हमला किसी दुश्मनी का नतीजा नहीं था, बल्कि खुद सौरभ राज द्वारा रची गई साजिश थी। पुलिस ने सौरभ के मित्र इंदर नारंग को भी गिरफ्तार किया है, जिसने पूरी योजना बनाने में मदद की थी।

**खुलासे की भनक लगते ही अस्पताल से फरार हुआ सौरभ**

पुलिस के मुताबिक, जब इस मामले की सच्चाई सामने आने लगी तो अस्पताल में भर्ती सौरभ राज वहां से फरार हो गया। फिलहाल उसकी तलाश जारी है। सभी आरोपियों पर आपराधिक साजिश के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि सौरभ ने पत्नी के साथ चल रहे विवाद के चलते सहानुभूति हासिल करने के मकसद से यह खतरनाक कदम उठाया था।

**बेटे की करतूत से टूटे तिलकराज बेहड़**

पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ ने मीडिया के सामने भावुक बयान देते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे की करतूत से गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा- मेरा अपना ही सिक्का खोटा निकला। बेटे ने जो किया, वह माफी के काबिल नहीं है। मैं उससे सभी संबंध खत्म करता हूं। उन्होंने बताया कि बेटे और बहू के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था और दोनों अलग रह रहे थे। तिलकराज बेहड़ ने उत्तराखंड सरकार, पुलिस प्रशासन और राजनीतिक दलों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके बेटे को कानून के अनुसार कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

# फैमिली कोर्ट में हंगामा:नाजिर के सिर पर महिला ने जूता मारा एफआईआर दर्ज; बाउचर नहीं मिलने से थी नाराज

इंदौर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। इंदौर के संयोगितागंज स्थित कुटुंब (फैमिली) न्यायालय में शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब कोर्ट में मौजूद एक नाजिर के सिर पर महिला ने जूता मार दिया। घटना के बाद नाजिर की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संयोगितागंज थाना पुलिस के अनुसार राकेश कुमार गुप्ता निवासी आनंद वैली ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राकेश फैमिली कोर्ट में नायब नाजिर के पद पर पदस्थ हैं। राकेश गुप्ता ने बताया कि वे कोर्ट परिसर में अपनी सीट पर बैठकर शासकीय कार्य कर रहे थे। इसी दौरान श्रद्धा सिंह पंवार पत्नी गजेंद्र सिंह पंवार निवासी स्लाइस-3 स्कीम नंबर 103 उनकी टेबल पर पहुंचीं और अपने बाउचर भुगतान को लेकर सवाल करने लगीं। नाजिर के अनुसार उन्होंने महिला को बताया कि उनका बिल पहले रिजेक्ट हो गया था,

# 'हिंदू अपने धर्म में दखलंदाजी स्वीकार नहीं करेगा' भोजशाला मामले पर बोलीं साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर

भोपाल, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भोजशाला विवाद को लेकर कहा है कि यह मां सरस्वती का स्थायी मंदिर है। यहां शांति से पूजा जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू अपने धर्म में दखलअंदाजी स्वीकार नहीं करेगा। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कहा, मैं सुप्रीम कोर्ट का बहुत सम्मान करती हूं। यह एक संवैधानिक संस्था है। हालांकि, भोजशाला मामले में उसका फैसला अस्थायी है। सिर्फ एक व्यवस्था बनाई गई है, जिससे वे (मुस्लिम पक्ष) अपनी नमाज पढ़ सकें और हम अपने धर्म के अनुसार पूजा कर सकें।

साध्वी प्रज्ञा सिंह ने कहा कि परतंत्र काल में सरस्वती मंदिर पर कुठाराघात हुआ था। आज भी उस मंदिर के साथ न्याय नहीं हुआ है। हिंदू समाज को हमेशा से दबाया और सताया गया है।



पूर्व सांसद ने कहा कि आज हिंदू समाज जाग चुका है, जिसे अपने देवी-देवताओं या मंदिरों के अपमान का बदला नहीं लेना है, बल्कि उस दाग को हटाकर फिर से मंदिरों के वैभव को लौटाकर लाना है। उन्होंने कहा, यह मां सरस्वती का मंदिर था, जिस तरह से वर्तमान में उसे रखा जा रहा है। अब हिंदू प्रयास कर रहे हैं। मंदिर का स्थायी हल निकलना जरूरी है। हमें अपना मंदिर स्वतंत्र चाहिए। मुगल काल में जिस तरह मंदिरों के अपमान के लिए मस्जिदें खड़ी की गईं, वह अब स्वीकार नहीं होना चाहिए। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी इस मंदिर पर ध्यान नहीं दिया, बल्कि हिंदुओं और सनातन धर्म के ऊपर कुठाराघात किया। दशकों से यही देखा गया है कि कभी भी हिंदुओं के साथ न्याय नहीं हुआ।

उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारी मां सरस्वती का स्थायी मंदिर है। इसे बिना किसी रुकावट के रहना चाहिए, और यहां शांति से पूजा जारी रहनी चाहिए। किसी भी तरह की पाबंदी की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि भारत आजाद है। हर किसी को अपनी पूजा पद्धति का पालन करने की आजादी है। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म में समुदायों और संप्रदायों को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता दी गई है, लेकिन हमने कभी भी हिंदू धर्म में दखलअंदाजी स्वीकार नहीं की है और न ही कभी करेंगे।

# गोमांस मामले में भोपाल महापौर को हटाने की मांग

## संभागायुक्त से मिलने पहुंचे कांग्रेस पार्षद; बोले-स्लॉटर हाउस में जिम्मेदारों की ही भूमिका

भोपाल, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भोपाल के जिंसी स्थित आधुनिक स्लॉटर हाउस से निकले मीट में गोमांस मिलने के मामले में अब उच्च स्तरीय जांच होगी। अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के आसंदी से आदेश के बाद निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के आयुक्त को पत्र लिख दिया है। इसमें शासन की उच्च स्तरीय कमेटी बनाने का अनुरोध किया है। इससे निगम के जिम्मेदारों की भूमिका की जांच होगी। हिंदूवादी संगठनों ने ही महापौर मालती राय के बंगले का घेराव कर दिया था। वहीं, 'मुल्ला' कहकर संबोधित किया था। दूसरी ओर, गुरुवार को हिंदू उत्सव समिति ने स्लॉटर हाउस पहुंचकर पड़ताल की। देर रात स्लॉटर हाउस में अवैध गतिविधियां होने या सबूत छिपाए जाने की खबरों के बाद समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी समेत कई पदाधिकारी-कार्यकर्ता पहुंचे थे। हालांकि, पुलिस ने किसी को अंदर नहीं जाने दिया। शुक्रवार को निगम में कांग्रेस के पार्षद संभागायुक्त संजीव सिंह से मिलने पहुंचे।

# तेजस्वी यादव की सुरक्षा घटी तो राजनीति बढ़ी, आरजेडी का सरकार पर हमला, भाजपा-जनता दल ने क्या कहा?



पटना, 23 जनवरी (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा जेड से वाई + श्रेणी कर दी गई है। इसको लेकर सियासत शुरू हो गई है। आरजेडी के नेता इसे बदले की राजनीति बता रहे हैं। शुक्रवार (23 जनवरी, 2026) को बीजेपी पर हमला करते हुए पार्टी के प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि आप अपने प्रदेश अध्यक्ष की सुरक्षा बढ़ा रहे हैं, अपने इधर-उधर के नेता की सुरक्षा बढ़ा रहे हैं, विपक्ष का काम सत्ता पक्ष को आईना दिखाना नहीं है क्या? हम विपक्ष हैं दुश्मन नहीं हैं। यही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है। शक्ति यादव के बयान के बाद उधर जेडीयू की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। तेजस्वी यादव की सुरक्षा घटाने को लेकर जेडीयू कोटे के मंत्री जमा खान से सवाल किया गया तो इस पर उन्होंने कहा कि ये एनडीए सरकार नहीं करती है। मैं सिर्फ जानता हूं कि मैं जिस नेता के नेतृत्व में काम करता हूं मेरे आदर्श हैं, नीतीश कुमार के पदचिह्नों पर चलने का काम करता हूं।

**'जो भी विपक्ष के लोग हैं वो भी हमारे अपने'**

जमा खान ने कहा, मैं इतना जरूर कहूंगा कि जो भी विपक्ष के लोग हैं वो भी हमारे अपने हैं। काम की बात करें। फालतू बात करते हैं, फालतू किसी पर आलोचना करते हैं, ऐसा नहीं करना चाहिए। आज जो हमें प्रचंड बहुमत मिला वो नीतीश कुमार के कारण मिला है। न जाति के नाम पर न धर्म के नाम पर... हमारे नेता ने पूरे बिहार को दिखाया कि कैसे काम किया जाता है। जमा खान ने कहा, विपक्ष के साथियों से मैं बराबर कहता हूं कि काम करने का तौर-तरीका, रहने का तौर-तरीका, हमारे नेता (नीतीश कुमार) से लोग सीखें। आपने देखा होगा कि जब सदन चल रहा था तो वो (तेजस्वी यादव) लोग गायब हो गए थे।

ऐसे नहीं होता है। अगर के कुछ ही लोगों ने आप पर विश्वास किया तो सदन में रहना चाहिए। जो काम अधूरा है बताना चाहिए। हमारे नेता (नीतीश कुमार) बराबर कहते हैं कि जो अधूरा कार्य हैं आप बताएं हम पूरा करेंगे। उधर बीजेपी के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि यह राजनीतिक नहीं प्रशासनिक प्रक्रिया है। खुफिया एजेंसियों ने रिपोर्ट की। जिन पर खतरा ज्यादा है उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई। यह राजनीति का विषय नहीं है।

# अवध एक्सप्रेस में यात्रियों को खिलाए जा रहे थे सड़े आलू-अंडे

## अधिकारियों ने मारा छापा, अंदर का नजारा देख खुली रह गई आंखें



मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और बिहार के बीच चलने वाली अवध एक्सप्रेस ट्रेन की पेंट्री कार का राजस्थान के कोटा स्टेशन पर संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण यात्रियों को साफ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया। जांच मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर कुमार पटेल के नेतृत्व में संबंधित विभागीय अधिकारियों की टीम द्वारा की गई।

यह निरीक्षण कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर ट्रेन के ठहराव के दौरान किया गया, जहां पेंट्री कार की गहन जांच की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि जांच के दौरान पेंट्री कार में रखी गई खाद्य सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। कच्चा खाद्य सामान घटिया गुणवत्ता का था और पेंट्री कार में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी। निरीक्षण में आलू, पोहा, दाल, छोला समेत अन्य खाद्य सामग्री अमानक पाई गई, जिसे खाने के लिए सुरक्षित नहीं माना गया। यह सामग्री यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती थी। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक की मौजूदगी में इस पूरी खाद्य सामग्री को तुरंत जब्त कर लिया गया और रेलवे नियमों के अनुसार रेलवे ट्रैक के पास नष्ट कराया गया, ताकि उसका किसी भी तरह से दोबारा इस्तेमाल न हो सके।

निरीक्षण के बाद संबंधित एजेंसी को भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराने से बचने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही एजेंसी के खिलाफ कड़ी आर्थिक दंडात्मक कार्रवाई और आवश्यक अनुशासनात्मक कदम उठाने के आदेश भी जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्य खानपान निरीक्षक हंसराज बैरवा, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक विष्णु शर्मा, मुख्य टिकट निरीक्षक दीपक शर्मा, उप स्टेशन पर्यवेक्षक (वाणिज्य) संजय चौहान और आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक विशाल यादव भी मौजूद रहे। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में लगातार निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कर्नल सोफिया कुरैशी विवाद: मंत्री विजय शाह को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाने पर बवाल





भोपाल, 23 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा रतलाम में गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए मंत्री विजय शाह को मुख्य अतिथि बनाए जाने के फैसले ने नया सियासी विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस ने इस निर्णय का तीखा विरोध करते हुए इसे सेना और राष्ट्रीय सम्मान से जुड़ा मामला बताया है।

कांग्रेस का कहना है कि जिस मंत्री पर देश की बेटी और भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है, उसे गणतंत्र दिवस जैसे गरिमामय राष्ट्रीय पर्व पर मंच देना गलत संदेश देता है।

**कांग्रेस का तीखा हमला**

कांग्रेस प्रदेश विवेक त्रिपाठी ने कहा कि देश की बेटी और भारतीय सेना की बहादुर अधिकारी के खिलाफ अपमानजनक शब्द बोलने वाले मंत्री को रतलाम में तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह न सिर्फ सेना का अपमान है, बल्कि संविधान और राष्ट्रीय मूल्यों के भी खिलाफ है।

**क्या था पूरा मामला**

दरअसल, मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक सार्वजनिक बयान दिया था, जिसे विपक्ष और कई सामाजिक संगठनों ने अमर्यादित और अपमानजनक करार दिया। कर्नल सोफिया कुरैशी भारतीय सेना की वरिष्ठ अधिकारी हैं और ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े प्रेस ब्रीफिंग में अहम भूमिका निभा चुकी हैं। बयान सामने आने के बाद देशभर में नाराजगी देखने को मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर संज्ञान लिया और मंत्री विजय शाह के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति को लेकर मध्यप्रदेश सरकार से जवाब तलब किया। कोर्ट ने सरकार को तय समय-सीमा में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं।

**भाजपा ने किया बचाव**

वहीं, भाजपा ने सरकार के फैसले का बचाव किया है। प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि सरकार ने मंत्री के बयान को गंभीरता से लिया है और मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि एसआईटी दो सप्ताह के भीतर सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

**राजनीति गरम, नजर सुप्रीम कोर्ट पर**

गणतंत्र दिवस से ठीक पहले यह मामला प्रदेश की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन गया है। एक तरफ विपक्ष मंत्री को कार्यक्रम से हटाने की मांग कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ सरकार जांच का हवाला देकर फैसले पर कायम है। अब सबकी नजरें सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई और सरकार के रुख पर टिकी हैं।

# सांबा में सड़क हादसा: सिडको चौक पर पलटा ट्रक, दो गंभीर रूप से घायल, घायलों को एम्स विजयपुर भेजा गया



जम्मू, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सांबा जिले के सिडको चौक में आज एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के तुरंत बाद स्थानीय लोग, पुलिस और एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सांबा भेजा गया। दोनों घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए एम्स विजयपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटना की वजह का पता लगाने और आगे की कार्रवाई के लिए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बीएमडब्ल्यू केस: कोर्ट ने चार्जशीट पर लिया संज्ञान, आरोपी गगन प्रीत को समन

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 2025 में बीएमडब्ल्यू एक्सीडेंट में फाइनेंस मिनिस्ट्री में डिप्टी सेक्रेटरी नवजोत सिंह की मौत के मामले में आरोपी गगन प्रीत कौर मक्कड़ को समन जारी किया। कोर्ट ने गगन प्रीत कौर खिलाफ फाइल की गई दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद समन जारी किया है।

चार्जशीट में गैर-इरादतन हत्या की कोशिश से जुड़ी एक धारा लगाई गई है और दिल्ली पुलिस ने कहा कि एक्सीडेंट आरोपी की गलती से हुआ और वह जानबूझकर आरोपी को दूर के हॉस्पिटल ले गई थी। इसलिए, पुलिस ने कहा कि कौर पर बीएनएस की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या) के साथ-साथ सेक्शन 281, 125बी और 238ए बीएनएस के तहत चार्जशीट दायर की गई है। दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के बाद पटियाला हाउस के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अंकित गर्ग ने चार्जशीट पर लिया और गगन प्रीत मक्कड़ को 2 फरवरी के लिए समन जारी किया।

कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर दलीलें सुनी। चार्जशीट में बीएनएस के सेक्शन 105 के साथ-साथ सेक्शन 281, 125बी और 238ए के तहत सजा वाला अपराध शामिल किया गया है।

# कस्टडी में गैंगस्टर रवि पुजारी उगलेगा राज! रेमो डिसूजा से रंगदारी मांगने का क्या है मामला?

मुंबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी-एक्सटॉर्शन सेल ने गैंगस्टर रवि पुजारी को बॉलीवुड कोरियोग्राफर और फिल्म निर्माता रेमो डिसूजा से जुड़े एक रंगदारी मामले में अपनी कस्टडी में लिया है। यह मामला एक पुराने फिल्म विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसकी जांच अब एक बार फिर तेज कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला साल 2016 में बनी फिल्म 'डेथ ऑफ अमर' से जुड़ा है, जिसमें रेमो डिसूजा निर्माता के रूप में जुड़े थे। बता दें कि फिल्म को लेकर नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट, मुनाफे के बंटवारे और रिलीज से जुड़े अधिकारों को लेकर विवाद सामने आया था। जांच में आरोप है कि रवि पुजारी ने फिल्म से जुड़े सतेंद्र त्यागी की ओर से रेमो डिसूजा की पत्नी लिजेल डिसूजा को धमकियां दी थीं। आरोपों के अनुसार, त्यागी का हिस्सा बताते हुए 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी, वहीं अलग से 50 लाख रुपये की मांग भी की गई थी। पैसे न देने की स्थिति में परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देने का भी आरोप है।

# घर से नोटों का पहाड़ और 61 किलो चांदी बरामद, कानपुर में पुलिस ने मारी रेड

कानपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। कानपुर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अवैध आर्थिक गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर धनकुट्टी इलाके के एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित मकान पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में हवाला और अवैध मुद्रा लेन-देन से जुड़े बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। मौके से लगभग 2 करोड़ रुपये नकद और करीब 61 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। चांदी की अनुमानित बाजार कीमत भी लगभग 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा, पुलिस ने नेपाली मुद्रा भी जब्त की है, जो इस रैकेट के अंतरराष्ट्रीय आयाम की ओर इशारा करती है।

**4 लोग गिरफ्तार हुए**

इस छापेमारी के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मकान किसी गुप्ता से संबंधित बताया जा रहा है, जहां ये अवैध गतिविधियां संचालित हो रही थीं।



कार्रवाई की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल और ज्वाइंट कमिश्नर विनोद कुमार भी मौके पर पहुंचे और पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। यह छापेमारी कानपुर पुलिस की उस मुहिम का हिस्सा है, जिसमें अवैध धन संचय, हवाला कारोबार और काला धन के नेटवर्क को तोड़ने पर विशेष फोकस किया जा रहा है।

**पुलिस ने क्या बताया?**

एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि छापेमारी गुप्त सूचना पर आधारित थी। उन्होंने कहा, ₹हमने इस मकान में छापा मारा और चार आरोपियों को हिरासत में लिया। मौके से लगभग दो करोड़ रुपये कैश, 61 किलोग्राम चांदी और नेपाली करेंसी बरामद हुई है। जांच में पता चला है कि यह एक बड़ा गिरोह है, जिसमें और भी लोग शामिल हो सकते हैं। हम आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं और उनके नेटवर्क, स्रोत, प्राप्तकर्ता तथा अन्य संदिग्ध ठिकानों की तलाश जारी है। जो भी नए तथ्य सामने आएंगे, उन्हें समय-समय पर सार्वजनिक किया जाएगा।

**नेपाल तक फैला हो सकता है नेटवर्क**

यह कार्रवाई कानपुर में हवाला और अवैध लेन-देन के खिलाफ पुलिस की सख्ती को दर्शाती है। ऐसे रैकेट न केवल अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि आतंकवाद, तस्करी और अन्य अपराधों को फंडिंग भी प्रदान करते हैं। पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के जरिए देश-विदेश में अवैध धन का लेन-देन हो रहा था। नेपाली करेंसी की बरामदगी से संकेत मिलता है कि यह नेटवर्क नेपाल तक फैला हुआ हो सकता है।

**बैंक खातों, मोबाइल डेटा, संपत्तियों की जांच जारी**

पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों, मोबाइल डेटा, संपत्तियों और सहयोगियों की गहन जांच कर रही है। इस सफलता से कानपुरवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। अधिकारी बताते हैं कि आने वाले दिनों में और छापेमारी की जा सकती है, ताकि इस तरह के रैकेट को जड़ से खत्म किया जा सके। कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की यह कार्रवाई एक मिसाल है कि कैसे सतर्कता और समन्वय से बड़े अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। जांच जारी है और जल्द ही और खुलासे होने की उम्मीद है।

## महिला की हत्या, हाथ-पैर बंधे मिले: घर में मिला शव

इंदौर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बाणगंगा इलाके में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। शुक्रवार सुबह उसका शव घर के कमरे में मिला है। महिला के हाथ और पैर बंधे हुए थे और मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ था। महिला अपने पति से अलग रहती थी और सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करती थी। शुरुआती जांच में हत्या के पीछे प्रेम संबंध की बात सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार यह घटना नंदबाग इलाके की है। यहां गायत्री (35) पत्नी सुनील कुर्मी का शव उसके घर में पड़ा मिला।

महिला सुबह साढ़े 6 बजे टीसीएस में ड्यूटी पर जाती थी। जब वह लगभग एक घंटे तक नहीं पहुंची, तो इंचार्ज बद्रीलाल ने उसके घर जाकर देखा। महिला मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली थी। उसके परिवार में कोई बच्चे नहीं हैं। आसपास के लोगों को महिला के पति की जानकारी नहीं थी। महिला के माता-पिता को छिंदवाड़ा में सूचना दी गई है।

# तिरुपरंकुंद्रम दीपथून विवाद मामला: सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और एएसआई से मांगा जवाब



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मदुरै जिले में तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दरगाह के पास 'दीपथून' (दीप स्तंभ) पर कार्तिकई दीपम जलाने को लेकर चल रहे विवाद में शुक्रवार को सुप्रीम सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से जवाब तलब किया है। यह मामला हिंदू धर्म परिषद द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है, जिसमें संस्था ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में तिरुपरंकुंद्रम मंदिर और उससे जुड़े धार्मिक अधिकारों को लेकर कई अहम मांगें की गई हैं।

इससे पहले, जनवरी में ही मद्रास हाई कोर्ट ने भक्तों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कार्तिकई दीपम के अवसर पर दीप जलाने की अनुमति दी थी। इस फैसले को लेकर क्षेत्र में धार्मिक आस्था और परंपरा से जुड़े लोगों ने संतोष जताया था। बाद में मद्रास हाई कोर्ट की दो जजों की खंडपीठ (डिवीजन बेंच) ने भी सिंगल जज के आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें दीप जलाने के निर्देश दिए गए थे।

इसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। इन सब के बीच, सुप्रीम कोर्ट में हिंदू धर्म परिषद की ओर से दायर याचिका में मांग की गई है कि एएसआई को तिरुपरंकुंद्रम मंदिर का अधिग्रहण करने का निर्देश दिया जाए। इसके अलावा, मंदिर परिसर में रोज़ाना 24 घंटे दीपक जलाए रखने का आदेश पारित किया जाए।

याचिकाकर्ता का तर्क है कि तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी और दीपथून से जुड़ी परंपराएं प्राचीन धार्मिक आस्था का हिस्सा हैं और इन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार और एएसआई से जवाब मांगा है। बता दें कि इस मामले में 6 जनवरी को मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने एक पुराने आदेश को बरकरार रखते हुए निर्देश दिया था कि तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी की चोटी पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम जलाया जाए। बेंच ने तमिलनाडु सरकार और मंदिर प्रशासन द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया था। यह फैसला जस्टिस जी जयचंद्रन और केके रामकृष्णन की डिवीजन बेंच ने सुनाया था, जिसने सिंगल जज जस्टिस जी।आर। स्वामीनाथन द्वारा पारित आदेश की पुष्टि की।

यह विवाद मदुरै के पास एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थल तिरुपरनकुंद्रम में पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपक जलाने की अनुमति मांगने वाली एक याचिका से शुरू हुआ था। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि दीपक जलाना मंदिर और कार्तिगई दीपम समारोहों से जुड़ी एक पुरानी धार्मिक प्रथा है, और इस प्रथा का ऐतिहासिक समर्थन है।

## इंदौर के बाद अब महू में दूषित पानी का कहर

### 15 दिनों के भीतर 2 दर्जन लोग बीमार

इंदौर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दूषित पानी से हो रही मौतों की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि जिले के महू से भी गंभीर हालात सामने आ गए हैं। यहां गंदा पानी पीने से पीलिया जैसे संक्रमण तेजी से फैल रहे हैं और सबसे ज्यादा असर बच्चों पर दिखाई दे रहा है। महू के पत्ती बाजार और मोती महल क्षेत्र में बीते 10 से 15 दिनों के भीतर 2 दर्जन लोग बीमार हो चुके हैं। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि नलों से आ रहा पानी मटमैला है और उसमें तेज बदबू है, जिसे पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी।

इलाके के कई घरों में एक साथ बच्चे बीमार पड़ गए हैं। किसी घर में स्कूल जाने वाले बच्चे बिस्तर पर हैं, तो कहीं परीक्षाएं छूट रही हैं। 12वीं की छात्रा अलीना संक्रमण के चलते प्री-बोर्ड परीक्षा नहीं दे सकी, वहीं 9 साल की लक्षिता और 12 साल का गीतांश पीलिया से जूझ रहे हैं। एक ही परिवार के छह बच्चे कई दिनों से बीमार हैं। मोती महल इलाके में हालात और चिंताजनक हैं। छोटे बच्चों को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, जबकि एक बुजुर्ग को लिवर इंफेक्शन के चलते इंदौर रेफर किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वे लंबे समय से दूषित पानी की शिकायत करते आ रहे थे, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रहवासियों के मुताबिक, पेयजल पाइप लाइन गंदे नालों के बीच से गुजर रही है, और जगह-जगह लीकेज के कारण नालियों का पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है।

यही कारण है कि घरों तक दूषित पानी पहुंच रहा है। मामला उजागर होने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है। अधिकारियों ने प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं। फिलहाल कुछ मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि बाकी का इलाज घर पर चल रहा है।

# कर्नाटक हाईकोर्ट ने बाइक टैक्सी पर बैन हटाया, ओला-उबर को मिली बड़ी राहत



बेंगलुरु, 23 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य में बाइक टैक्सी सर्विस पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। इस फैसले से ओला, उबर और अन्य ऐप आधारित कंपनियों को बड़ी राहत मिली है। अब बाइक को टैक्सी के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति मिल गई है, बशर्ते सभी कानूनी नियमों का पालन किया जाए। चीफ जस्टिस एनवी अंजारिया और जस्टिस केवी अराविंद की डिवीजन बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने सिंगल जज के उस पुराने आदेश को पूरी तरह रद्द कर दिया, जिसमें राज्य सरकार द्वारा बाइक टैक्सी पर लगाए गए बैन को सही ठहराया गया था। ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर कंपनियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी, जिसमें उन्होंने तर्क दिया था कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत बाइक को कमर्शियल टैक्सी सर्विस के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, अगर उचित परमिट और लाइसेंस लिए जाएं। कोर्ट ने इन कंपनियों की दलील को सही ठहराते हुए कहा कि कानून में कोई रोक नहीं है कि बाइक को ट्रांसपोर्ट व्हीकल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने साफ निर्देश दिए कि बाइक मालिकों या एग्रीगेटर कंपनियों को पहले ट्रांसपोर्ट विभाग से कमर्शियल परमिट के लिए आवेदन करना होगा। राज्य सरकार को मौजूदा कानूनी प्रावधानों के अनुसार ऐसे आवेदनों पर विचार कर परमिट जारी करने होंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि सुरक्षा, बीमा और अन्य सभी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

यह फैसला बेंगलुरु समेत पूरे कर्नाटक में लाखों यात्रियों और युवा राइडर्स के लिए राहत लेकर आया है। पिछले कुछ सालों से बाइक टैक्सी पर विवाद चल रहा था। 2022 में राज्य सरकार ने बाइक टैक्सी पर प्रतिबंध लगाया था, जिसके खिलाफ कंपनियों ने अदालत का रुख किया। इस फैसले से बेंगलुरु की ट्रैफिक समस्या में कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि बाइक टैक्सी छोटी दूरी की यात्रा के लिए तेज और सस्ता विकल्प साबित हो सकती है, हालांकि कई लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, खासकर महिलाओं और बच्चों की। कोर्ट ने सरकार से कहा है कि वह बाइक टैक्सी के लिए सख्त गाइडलाइंस बनाए ताकि दुर्घटना और अन्य जोखिम कम हो सकें।

## विदेशी पर्यटकों से दुष्कर्म और हत्या को बताया छोटी घटना, सांसद के बयान पर बवाल; माफी की मांग

बंगलूरू, 23 जनवरी (एजेंसियां)। कोप्पल के सांसद के राजशेखर हितनाल के एक बयान पर हंगामा हो गया है। दरअसल बीते साल कोप्पल के सानापुर गांव में एक विदेशी पर्यटक के साथ दुष्कर्म और एक पर्यटक की हत्या की घटना हुई थी। कोप्पल के सांसद ने एक कार्यक्रम के दौरान इसे छोटी घटना बताया। जिस पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कई नेताओं ने भी सांसद के बयान पर आपत्ति जताई। सोशल मीडिया पर भी सांसद की आलोचना की जा रही है। बुधवार को कोप्पल के जिला प्रशासन कार्यालय में कोप्पल में पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कोप्पल सांसद के राजशेखर हितनाल भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कोप्पल सांसद ने बीते साल सानापुर गांव में विदेशी पर्यटक से दुष्कर्म और एक पर्यटक की हत्या को छोटी घटना करार दिया।

# गोवा नाइटक्लब अग्निकांड में ईडी की बड़ी कार्रवाई

### 25 मौतों के आरोपी लूथरा बंधुओं के ठिकानों पर छापे



गोवा, 23 जनवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को गोवा, दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की। यह कार्रवाई गोवा के एक नाइटक्लब के मालिकों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करने के बाद की गई है। इस क्लब में पिछले साल दिसंबर में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी।

**दिल्ली, गोवा और हरियाणा में एक साथ रेड**

ईडी ने करीब आठ से नौ ठिकानों पर तलाशी ली है।

इनमें भाई सौरभ और गौरव लूथरा और सह-मालिक अजय गुप्ता के दिल्ली के किंग्सवे कैंप स्थित दफ्तरों और रिहाइशी जगहों के साथ-साथ गुरुग्राम (हरियाणा) के तत्वम विला भी शामिल हैं। इसके अलावा गोवा में सरपंच रोशन रेडकर और पंचायत सचिव रघुवीर बागकर के ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। ईडी अधिकारियों के अनुसार, रेडकर और बागकर पर क्लब के लिए अवैध व्यापार लाइसेंस और एनओसी जारी करने में मदद करने का आरोप है।

**अवैध लाइसेंस और जमीन का पूरा खेल**

एजेंसी के अधिकारी क्लब के मालिकों में से एक माने जाने वाले ब्रिटिश नागरिक सुरिंदर कुमार खोसला के परिसरों पर भी मौजूद हैं। यहां 'खाजान' भूमि (नमक बनाने वाली जमीन) के अवैध रूपांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल की जांच की जा रही है, जिस पर 'बिर्च बाय रोमियो लेन' क्लब बना हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई संघीय जांच एजेंसी द्वारा प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करने के बाद की जा रही है।

**25 लोगों की मौत का वो दिन**

यह आग 6 दिसंबर, 2025 को गोवा के अर्पोरा गांव में स्थित नाइटक्लब में लगी थी, जब वहां एक डांस पार्टी चल रही थी। इस घटना में 25 लोगों की जान चली गई थी और करीब 50 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के कुछ घंटों बाद ही लूथरा बंधु देश छोड़कर थाईलैंड भाग गए थे। बाद में उन्हें पिछले साल 17 दिसंबर को भारत डिपोर्ट किया गया था और वे वर्तमान में गोवा पुलिस की हिरासत में हैं।

## 9वीं क्लास में पढने वाली लड़की से रेप, सुनसान जगह पर ले गया था स्कूल बस ड्राइवर

राजकोट, 23 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात के राजकोट में एक और शर्मनाक और चिंता बढ़ाने वाली घटना सामने आई है। क्लास 9 में पढ़ने वाली एक 14 साल की छात्रा के साथ उसके स्कूल वैन ड्राइवर रमेश खरा पर वैन में दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की मां ने मालवियानगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत 35 साल रमेश खरा को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि रमेश खरा ने छात्रा का नंबर लेकर व्हाट्सएप पर उससे बातचीत की। इसके बाद दो दिन पहले अमीन मार्ग के पास सुनसान जगह पर ले जाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ जैसी धाराओं में मामला दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक, पीड़िता पिछले एक साल से स्कूल वैन में जा रही थी। यह मामला स्कूल वैन और बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाता है।

# खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### गणतंत्र दिवस से पहले पोस्टर लगवाने का दावा झूठा



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली26 जनवरी से पहले दिल्ली में अशांति फैलाने की कथित साजिश रचने के आरोप में सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पन्नू द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो के बाद हुई है। जिसमें उसने दावा किया था कि उसने अपने स्लीपर सेल के माध्यम से दिल्ली के रोहिणी और डाबरी इलाकों में खालिस्तान समर्थक पोस्टर लगाए हैं। स्पेशल सेल ने पन्नू के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 196, 197, 152 और 61 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। यह कदम दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोहों से पहले किसी भी प्रकार की अशांति को रोकने के लिए उठाया गया है।

पुलिस के अनुसार, पन्नू ने एक वीडियो जारी कर यह दावा किया था कि उसके संगठन के सदस्यों ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में खालिस्तान के समर्थन में पोस्टर लगाए हैं। हालांकि, स्पेशल सेल द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में रोहिणी और डाबरी इलाकों में ऐसे कोई पोस्टर बरामद नहीं हुए हैं। पुलिस इस मामले की आगे की जांच कर रही है ताकि पन्नू की गतिविधियों और उसके नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

**खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने जारी किया था वीडियो**

खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख खालिस्तानी आतंकी गुरवतपंत सिंह पन्नू ने एक बुधवार को एक वीडियो जारी कर फिर धमकी दी है कि भारत के गणतंत्र दिवस से पहले उसने राजधानी दिल्ली में भारत विरोधी नारे लिखवा दिए हैं।

**पुलिस ने पन्नू की धमकी के बाद की जांच**

उसने जारी वीडियो में कहा था कि उसके लड़कों ने दिल्ली में दो जगह देश विरोधी नारे लिखे हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस की जांच में नारे की बात गलत साबित हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां गणत्रंत्र दिवस को लेकर पहले से ही सतर्क हैं। इस तरह की धमकियों को नजरअंदाज न करते हुए बारीकी से जांच की जा रही है।

**बांग्लादेश के रास्ते पाक प्रशिक्षित आतंकी भारत में घुसे**

देश के खुफिया विभाग ने दिल्ली पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट दिए है कि पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित किए गए आतंकी बांग्लादेश के रास्ते भारत में घुस चुके हैं। हालांकि खुफिया विभाग ने ये नहीं बताया कि ये आतंकी कहां हैं और कितने आतंकी हैं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पाक के आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद और लश्कर ए तैय्यबा ने बांग्लादेश में अपने आतंकी कैंप खोले हैं।

इन कैंप में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के अफसर भी जाते हैं। इन कैंप में आतंकियों को आईएसआई की ओर से आतंकी ट्रेनिंग दिलवाई गई है। इन इनपुट्स के बाद दिल्ली पुलिस, पड़ोसी राज्यों की पुलिस व देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है।

# कपिल मिश्रा एफआईआर विवाद गहराया

### दिल्ली विधानसभा ने पंजाब पुलिस के डीजीपी को भेजा नोटिस, मांगी पूरी जांच रिपोर्ट

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने पंजाब पुलिस द्वारा दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर सख्त रुख अपनाया है। विधानसभा ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर एफआईआर दर्ज करने से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है।

विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जालंधर पुलिस कमिश्नरेट में दर्ज एफआईआर के संबंध में पहले भी जानकारी मांगी गई थी, लेकिन मांगी गई अतिरिक्त सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। ऐसे में डीजीपी, पंजाब को निर्देश दिया गया है कि 28 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। पंजाब पुलिस ने मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर इस आरोप में दर्ज की है कि दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी द्वारा दिए गए बयान के वीडियो से कथित तौर पर छेड़छाड़ कर उसे इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया गया। पुलिस का आरोप है कि वीडियो को संपादित कर भ्रामक रूप में साझा किया गया। हालांकि, दिल्ली विधानसभा की ओर से कराई गई जांच में दावा किया गया है कि संबंधित वीडियो के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है।

विधानसभा की जांच रिपोर्ट में वीडियो को मूल रूप में बताया गया है। यह मामला अब राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर महत्व ग्रहण करता जा रहा है। एक ओर पंजाब पुलिस वीडियो से छेड़छाड़ का आरोप लगा रही है, वहीं दिल्ली विधानसभा की जांच में इसे खारिज किया गया है। ऐसे में दोनों पक्षों की जांच रिपोर्ट और दस्तावेज सामने आने के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। विधानसभा द्वारा नोटिस भेजे जाने के बाद अब निगाहें पंजाब पुलिस की ओर हैं

# चारधाम यात्रा को लेकर गुड न्यूज, इस बार 11 दिन पहले खुल जाएंगे कपाट, तैयारी का खाका पूरा



देहरादून, 23 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को लेकर इस साल श्रद्धालुओं के लिए अच्छी खबर है। साल 2026 में चारधाम यात्रा पिछले साल की तुलना में 11 दिन पहले शुरू होने जा रही है। यात्रा का आगाज 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ होगा। पिछले वर्ष (2025) चारधाम यात्रा 30 अप्रैल को शुरू हुई थी, लेकिन इस बार तिथियों के शुभ संयोग के कारण यह 19 अप्रैल से ही शुरू हो जाएगी। यात्रा का समय बढ़ने से न केवल देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए अधिक समय मिलेगा, बल्कि स्थानीय होटल कारोबारियों, टैक्सी संचालकों और व्यापारियों के चेहरे भी खिल गए हैं। माना जा रहा है कि इस अतिरिक्त समय से पर्यटन कारोबार में बड़ी बढ़ोत्तरी होगी।

**क्या होती है अक्षय तृतीया?**

चारधाम यात्रा के शुभारंभ के लिए अक्षय तृतीया का दिन विशेष माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहते हैं। 'अक्षय' का अर्थ है जिसका कभी क्षय (नाश) न हो। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन किया गया दान, जप और पुण्य कर्म अनंत फलदायी होता है। इसी दिन से सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ माना जाता है। बद्रीनाथ धाम के कपाट खोलने की प्रक्रिया और गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट खोलने के लिए इस दिन को सबसे शुभ माना जाता है क्योंकि यह दिन नई शुरुआत और समृद्धि का प्रतीक है।

**बीते साल की चुनौतियों से सबक**

वर्ष 2025 की यात्रा कई विपरीत परिस्थितियों के कारण प्रभावित रही थी। सीमा पर तनाव और उसके बाद धराली व थराली में आई प्राकृतिक आपदाओं ने श्रद्धालुओं की राह रोकी थी। कई बार प्रशासन को सुरक्षा कारणों से यात्रा रोकनी पड़ी थी। इन अनुभवों को देखते हुए, इस बार प्रशासनिक मशीनरी पहले से ही 'अलर्ट मोड' पर है।

**प्रशासनिक तैयारियां तेज**

गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने ऋषिकेश में यात्रा की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा पूरी कर ली है। सड़कों की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था और यात्रियों के पंजीकरण को लेकर खाका तैयार किया जा रहा है। जल्द ही मुख्य सचिव स्तर पर अंतिम समीक्षा बैठक की जाएगी ताकि यात्रियों को किसी भी तरह की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

## बच्चा न होने पर पत्नी को गला घोंटकर मार डाला, कहा कि दिल का दौरा पड़ा, कैसे पकड़ा गया आरोपी पति?

बेलगावी, 23 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेलगावी जिले से हत्या की एक बड़ी ही दर्दनाक वारदात निकलकर सामने आ रही है। यहां एक शख्स ने बच्चा न होने पर अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी है। हत्या के बाद खुद को बचाने के लिए पति ने ये कह दिया कि उसकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ा है। हालांकि, आखिरकार इस हत्या का खुलासा हो गया और पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, यह पूरी घटना बेलगावी जिले के बैलहोंगल तालुक के नेगिनहाल गांव में घटी है।

यहां पीड़िता राजेश्वरी फकीरप्पा गिलक्कनवर की उसके पति ने हत्या कर दी। दोषी पति ने कहानी गढ़ी कि हत्या के बाद उसकी पत्नी की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। उसने सभी रिश्तेदारों को बुलाया और उन्हें बताया कि उसकी पत्नी की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। जब मृतका के माता-पिता बेटी के अंतिम संस्कार के लिए आए तो उन्हें शव देखने के बाद मौत के बारे में संदेह हुआ। राजेश्वरी के गले पर निशान देखकर उसके माता-पिता का शक बढ़ गया।

# समीर वानखेड़े के प्रमोशन को लेकर केंद्र की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज, कहा- हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे



मुबई, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी और पूर्व एनसीबी ऑफिसर समीर ज्ञानदेव वानखेड़े के प्रमोशन को लेकर दायर केंद्र सरकार की याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें समीर ज्ञानदेव वानखेड़े के प्रमोशन को बरकरार रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह इस फैसले में हस्तक्षेप नहीं करेगा। जस्टिस पीएस नरसिंह और जस्टिस आलोक अराढे की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही थी।

केंद्र सरकार की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज करते हुए बेंच ने कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत इस फैसले में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि इस खारिज का किसी अन्य मामले पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दिल्ली हाईकोर्ट के 28 अगस्त 2025 के फैसले को लेकर यह एसएलपी दायर की गई थी, जिसमें सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (सीएटी) के आदेश को बरकरार रखा गया था।

सीएटी ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि समीर वानखेड़े के प्रमोशन विवरण वाले सील बंद लिफाफे को खोला जाए और अगर यूपीएससी ने अनुशंसा की तो उन्हें जनवरी 2021 से एडिशनल कमिश्नर के पद पर प्रमोट किया जाए। 17 अक्टूबर 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र की रिव्यू पिटीशन खारिज करते हुए उस पर 20,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। इससे पहले, जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस मधु जैन की बेंच ने केंद्र सरकार के व्यवहार की आलोचना की थी और कहा था कि रिव्यू पिटीशन दाखिल करने से पहले सभी तथ्य सच-सच उजागर किए जाने चाहिए थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने यह भी नोट किया कि केंद्र सरकार ने सीएटी की ओर से अगस्त 2025 में दिए गए आदेश का खुलासा नहीं किया, जिसमें समीर वानखेड़े के खिलाफ विभागीय कार्रवाई को रोकने का निर्देश था। सीएटी ने दिसंबर 2024 में सरकार को आदेश दिया था कि सील बंद लिफाफा खोला जाए और यदि यूपीएससी वानखेड़े का नाम सुझाए, तो उन्हें जनवरी 2021 से एडिशनल कमिश्नर के पद पर पदोन्नत किया जाए।

अब एसएलपी खारिज होने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने सीएटी और दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशों की वैधता और सही होने की पुष्टि कर दी है और केंद्र सरकार की सभी स्तरों पर चुनौती को खारिज कर दिया है। समीर वानखेड़े का नाम पहली बार तब चर्चा में आया था, जब 2021 के कॉर्डेलिया क्रूज ड्रग केस की छापेमारी की थी और इसमें कथित तौर पर अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का नाम भी जुड़ा था। बाद में उन पर दुराचार और नकली जाति प्रमाण पत्र से जुड़े आरोप भी लगे थे।

# वित्त-वाणिज्य





## सोने के हर किलो पर 11.5 लाख का मुनाफा बजट से हो सकता है सब मटियामेट !




नई दिल्ली,23 जनवरी (एजेंसियां)। सोने की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। पिछले साल सोने की कीमत में करीब 67 फीसदी तेजी आई थी और इस साल यह अब तक 11 फीसदी बढ़ चुका है। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट पेश करने से पहले सोने की कीमतें उपभोक्ताओं के लिए एक संवेदनशील मुद्दा बन गई हैं। बढ़ती कीमतों के बीच बजट अब सोने पर लगने वाले आयात शुल्क पर केंद्रित हो गया है।

बजट की चर्चाओं में आयात शुल्क और कीमतों का मुद्दा छाया हुआ है। पिछले साल शेयर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया, लेकिन सोने की कीमतें लगातार बढ़ती रहीं। सोने ने 1979 के बाद अपना सबसे अच्छा सालाना प्रदर्शन किया। 2025 में सोने ने कई रिकॉर्ड तोड़े। इसकी वजह यह थी कि लोग सुरक्षित निवेश की तलाश में थे, अमेरिका में ब्याज दरें कम हुईं और डॉलर कमजोर हुआ। पिछले साल सोने की वैश्विक कीमतें 67% बढ़ीं और 26 दिसंबर को यह $4,549.7 प्रति औंस के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया और अब यह 5000 डॉलर के करीब पहुंच चुका है।

**सोने का आकर्षण**

भारत में सोने के प्रति लोगों का आकर्षण जगजाहिर है। मॉर्गन स्टेनली के अनुमान के मुताबिक भारतीय घरों में लगभग 34,600 टन सोना है, जिसकी कीमत करीब $3.8 ट्रिलियन है। यह अमेरिका, जर्मनी, इटली, फ्रांस, रूस और चीन के केंद्रीय बैंकों में जमा सोने के कुल भंडार से भी ज्यादा है। भारत की आबादी करीब 1.4 अरब है। इस हिसाब से हर व्यक्ति के पास लगभग 25 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत मौजूदा भाव पर 3,250 से अधिक है। इससे पता चलता है कि भारतीय सोने की कीमतों में बदलाव के प्रति कितने संवेदनशील हैं।यूनियन बजट आने में बस एक हफ्ता बाकी है और सोने की कीमतों के प्रति इस संवेदनशीलता के कारण सोने से जुड़े नीतिगत सुझावों पर ध्यान केंद्रित हो रहा है। सरकार ने जुलाई 2024 में सोने पर लगने वाली बेसिक कस्टम ड्यूटी को 15% से घटाकर 6% कर दिया था। इसके बाद, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के खरीदार भारत में सोने की तस्करी के मामले कम हो गए थे। लेकिन कीमत में आई तेजी के बाद हाल के हफ्तों में तस्करी बढ़ गई है। एयरपोर्ट्स पर सोने की तस्करी की कई कोशिशों को नाकाम किया गया है। सोने की कीमतें आसमान छू रही हैं, ऐसे में ग्रे मार्केट के ऑपरेटरों के लिए सोने की तस्करी करना बहुत फायदेमंद हो गया है। 6% कस्टम ड्यूटी और 3% सेल्स टैक्स से बचकर वे हर किलो सोने पर 11.5 लाख रुपये से अधिक का मुनाफा कमा रहे हैं। मुंबई के एक बुलियन डीलर ने बताया कि जैसे-जैसे सोने की कीमतें बढ़ रही हैं, तस्करों की कमाई भी बढ़ रही है। सीएमएस इंडसलॉ में पार्टनर शशि मैथ्यूज ने कहा कि सोने पर ड्यूटी काफी समय से कम है। लेकिन इन उपायों के बावजूद भारतीय बंदरगाहों पर सोने की तस्करी के कई मामले सामने आ रहे हैं। इससे पता चलता है कि ये उपाय तस्करी को रोकने में नाकाम रहे हैं। तस्करी फिर से बढ़ रही है और उद्योग जगत से ड्यूटी को और घटाकर 3% करने की मांग तेज हो रही है।भारत में सोने की मांग कस्टम ड्यूटी में बदलाव से काफी गहराई से जुड़ी हुई है। आईसीआरए की सीनियल वाइस-प्रेसिडेंट और को-ग्रुप हेड किंजल शाह ने को बताया कि जुलाई 2024 में कस्टम ड्यूटी में 9% कटौती से सोने की कीमतों में 5% की गिरावट आई थी और वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में सोने के आभूषणों की बिक्री में 10% की वृद्धि हुई थी।

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

### सेंसेक्स 770 अंक टूटा, निफ्टी 25100 के नीचे

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 769.67 अंक या 0.94 प्रतिशत गिरकर 81,537.70 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 241.25 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 25,048.65 पर आ गया।

भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के पीछे कई अहम कारण रहे। सबसे बड़ा कारण प्रमुख शेयरों में भारी बिकवाली रहा, जिससे बेंचमार्क इंडेक्स दबाव में आ गए। सेंसेक्स के कई दिग्गज शेयरों में कमजोरी देखने को मिली, जिसने बाजार को नीचे खींच लिया। दोपहर के कारोबार में एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, इंडिगो और इटरनल जैसे बड़े शेयरों में तेज गिरावट दर्ज की गई। इन शेयरों में करीब 2% से लेकर 6% से अधिक तक का नुकसान हुआ, जिससे बाजार की धारणा कमजोर हुई। अदाणी समूह के शेयरों में 13 प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली। गिरावट का असर किसी एक सेक्टर तक सीमित नहीं रहा। ऑटो, मीडिया, फाइनेंशियल, रियल्टी और ऑयल एंड गैस जैसे कई सेक्टरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला। खासकर रियल्टी सेक्टर में 2% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जिसने बाजार की कमजोरी को और बढ़ाया। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी बाजार पर दबाव बनाया। जनवरी महीने में लगातार 13वें कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार में नेट सेलर रहे, जिससे बाजार की चाल कमजोर बनी रही।

## 8वें वेतन आयोग से पहले सरकार ने बढ़ाई इन कर्मचारियों की सैलरी, पेंशन भी बढ़ी, कितना होगा फायदा?



नई दिल्ली,23 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों , नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन और पेंशन में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से करीब 46,322 कर्मचारियों, 23,570 पेंशनर्स और 23,260 फैमिली पेंशनर्स को फायदा होगा।

एक सरकारी बयान के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन 1 अगस्त 2022 से लागू होगा। इससे उनके वेतन बिल में कुल 12.41% की बढ़ोतरी होगी। मूल वेतन और महंगाई भत्ते में 14% की वृद्धि की गई है। इस फैसले से पीएसजीआईसीएस के 43,247 कर्मचारी लाभान्वित होंगे। 1 अप्रैल 2010 के बाद नौकरी में आए कर्मचारियों के लिए नेशनल पेंशन सिस्टम में सरकार का योगदान 10% से बढ़ाकर 14% कर दिया गया है।पारिवारिक पेंशन को भी एक समान दर से 30% कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी आधिकारिक गजट में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होगी। इससे कुल 15,582 मौजूदा पारिवारिक पेंशनभोगियों में से 14,615 को फायदा होगा। इस पूरे संशोधन का कुल वित्तीय बोझ लगभग 8170.30 करोड़ रुपये होगा। इसमें वेतन संशोधन के बकाए के लिए 5822.68 करोड़ रुपये, एनपीएस के लिए 250.15 करोड़ रुपये और पारिवारिक पेंशन के लिए 2097.47 करोड़ रुपये शामिल हैं।पीएसजीआईसीएस में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड , न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड , ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड , यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड , जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया , और एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसी तरह नाबार्ड के कर्मचारियों के लिए भी वेतन बढ़ोतरी 1 नवंबर 2022 से लागू की गई है। वेतन संशोधन से ग्रुप 'ए', 'बी' और 'सी' के सभी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में लगभग 20% की बढ़ोतरी होगी। इससे नाबार्डी के लगभग 3800 कार्यरत और पूर्व कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। नाबार्ड के उन रिटायर कर्मचारियों की मूल पेंशन और फैमिली पेंशन को अब पूर्व-आरबीआई नाबार्ड रिटायरी के बराबर कर दिया गया है, जिनकी भर्ती मूल रूप से नाबार्ड में हुई थी और जो 1 नवंबर 2017 से पहले सेवानिवृत्त हुए थे।वेतन संशोधन से सालाना लगभग 170 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वेतन बिल आएगा और बकाए के रूप में कुल 510 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

## अडानी ग्रुप को 1.1 लाख करोड़ का झटका

### 13% तक गिरे शेयर, जान लीजिए वजह



नई दिल्ली,23 जनवरी (एजेंसियां)। देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के शेयरों में आज भारी गिरावट आई। खासकर अडानी ग्रीन, अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी एनर्जी और अडानी पोर्ट्स में 13% तक गिरावट रही। अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने एक अमेरिकी अदालत से गौतम अडानी और सागर अडानी को सीधे ईमेल से समन भेजने की इजाजत मांगी है। रॉयटर्स ने कोर्ट की फाइलों के हवाले से यह खबर दी है।

इस गिरावट के चलते ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप एक दिन में 1.1 लाख करोड़ रुपये घटकर 12.45 लाख करोड़ रुपये रह गया। अडानी ग्रीन के शेयर 13% गिरकर 785 रुपये प्रति शेयर पर आ गए। वहीं ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर 9% से अधिक लुढ़ककर 1886.80 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए। यह इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर है। अडानी पोर्ट्स के शेयर भी करीब 8% गिरकर 1295.40 रुपये पर आ गए जबकि अडानी एनर्जी के शेयर 11% फिसलकर 822.15 रुपये पर आ गए। अडानी ग्रुप के अन्य सभी शेयरों अंबुजा सीमेंट, एसीसी और अडानी टोटल गैस में भी गिरावट रही। एसईसी ने अदालत को बताया कि भारत ने पहले दो बार आधिकारिक तरीकों से समन भेजने के अनुरोध को ठुकरा दिया था। यह मामला अमेरिका में भारत के किसी औद्योगिक ग्रुप से जुड़ा सबसे बड़ा कानूनी मामला है। अमेरिकी रेगुलेटर पिछले साल से ही अडानी ग्रुप के फाउंडर गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी को समन भेजने की कोशिश कर रहा है। एसईसी का कहना है कि उसे मौजूदा तरीकों से समन भेजने में सफलता मिलने की उम्मीद नहीं है। इसलिए उसने अदालत से सीधे ईमेल के जरिए समन भेजने की मंजूरी मांगी है।हालांकि अडानी ग्रुप ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। ग्रुप ने इन्हें बेबुनियाद बताया है और कहा है कि वे अपना बचाव करने के लिए हर कानूनी रास्ते का इस्तेमाल करेंगे। ग्रुप ने इस नई एसईसी फाइलिंग पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। कानून मंत्रालय ने भी इस पर कोई जवाब नहीं दिया है।

## दैनिक पंचांग

### गृह गोचर




| गृह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सुर्य | मकर | मे | मकर... | 06-14 बजे |
| चंद्र | मीन | मे | कुंभ.... | 08-05 बजे |
| मंगल | मकर | मे | मीन.... | 09-44 बजे |
| बुध | मकर | मे | मेष..... | 11-19 बजे |
| गुरु | मिथुन | मे | वृष.... | 13-03 बजे |
| शुक्र | मकर | मे | मिथुन.. | 15-06 बजे |
| शनि | मीन | मे | कर्क... | 17-17 बजे |
| राहु | कुंभ | मे | सिंह--- | 19-29 बजे |
| केतु | सिंह | मे | कन्या-- | 21-36 बजे |
| | | | तुला---- | 23-41 बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 01-50 बजे |
| | | | धनु..... | 04-04 बजे |

श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्- 1955885126
सूर्योदय 06-53
सूर्यास्त. 18-01
दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
मास - माघ शुक्ल पक्ष शनिवार 24 January 2026
तिथि - षष्ठी 00-40 रात तक उपरान्त सप्तमी
नक्षत्र - उ.भाद्रपद 14-16 तक उपरान्त रेवती
योग - शिव 14-01 तक उप. सिद्ध
करण - कौलव 13-16 तक उप. तैतिल

**पंचक**

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 09-40 11-04**

पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06-53 - 08-15 | अशुभ | लाभ | 18-01 - 19-42 | शुभ |
| शुभ | 08-15 - 09-40 | शुभ | उत्पात | 19-42 - 21-17 | अशुभ |
| रोग।। | 09-40 - 11-04 | अशुभ | शुभ | 21-17 - 22-53 | शुभ |
| उत्पात | 11-04 - 12-28 | अशुभ | अमृत | 22-53 - 00-28 | शुभ |
| चंचल | 12-28 - 13-53 | शुभ | चंचल | 00-28 - 02-04 | शुभ |
| लाभ | 13-53 - 15-17 | शुभ | रोग | 02-04 - 03-39 | अशुभ |
| अमृत | 15-17 - 16-42 | शुभ | काल | 03-39 - 05-15 | अशुभ |
| काल | 16-42 - 18-01 | अशुभ | लाभ | 05-15 - 06-53 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आपकी कोई ऐसी निजी घटना है जो आपको रोके हुए है और आपकी तरक्की की राह में बाधा बन रही है ।अगर आप खुद को गंभीर मुसीबतों से बचाना चाहते हैं तो इन मुद्दों को सुलझा लें । अपने रिश्तों की महत्ता समझने की कोशिश करें , अपने प्रयासों को रिश्तों की अहमियत देखकर ही निर्धारित करें ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज आपमें कुछ करने और दूसरों को प्रभावित करने की इच्छा बनी रहेगी । आप मजबूत और पक्के फैसले ले पायेंगे और ऐसा करना का आपका समय बिलकुल ठीक होगा । आप अपने पुराने कर्ज और अहसानों से भी मुक्त हो पायेंगे । आप अपनी शीघ्र विचार की क्षमता के कारण किसी की जरुरत के समय मदद कर पायेंगे ।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है । हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी । आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं । आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
बहुत से अच्छे मौके आपका इन्तजार कर रहे हैं लेकिन आपको उनके लिए पूरे तौर पर समर्पित कोशिशें करनी होंगी,जोकि इस समय आपके लिए कुछ मुश्किल लग रहा है । किसी ख़ास निजी समारोह के लिए इन मौकों को रोके रखना आपके लिए सही है । आप साधारणतया बहुत अच्छे हैं और इसीलिए आपके दोस्त आपसे लगाव रखते हैं ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आप आज किसी अपराजेय शक्तिपुंज के समान महसूस करेंगे और किसी भी विरोध पर आसानी से विजय हासिल कर लेंगे । आज का दिन उस काम को करने का बहुत अच्छा दिन है जो आप काफी समय से करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि आज आपको कोई नही रोक सकता । आज का दिन अपने सबसे महत्वपूर्ण काम करें,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप काल्पनिक से मूड में हैं । अलग अलग भूमिकाएं निभाने और कल्पनाओं में आपको बहुत मजा आता है । आप अपने लिए हर कहीं रोमांस ढूँढ लेते हैं। आपकी सपनों की एक दुनिया है जिसे आपको सच करने का मौका मिल सकता है । आप आज अपनी भावनाओं के वश में होकर संबंधों या करियर में कुछ असंभव सा हासिल करना चाहेंगे हालाँकि बड़े फैसले लेने के लिए यह समय ठीक नही है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आज आपको कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलेंगी । लेकिन चिंता ना करें,सब अच्छी खबरें होंगी । जिन कई चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे थे,वे आज पूरी होने वाली हैं । जिन कोशशों को आप अपनी और से व्यर्थ मान चुके थे,वे अंतत आज सफल होंगी । इसीलिए आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएं।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
अपने सृजनात्मक विचारों को कार्यान्वित करने का यह बहुत अच्छा समय है । अपने विचारों को बड़ा रखें तथा किसी बोद्धिक या व्यवसायिक प्रशिक्षण में हिस्सा लें, इससे आपको औरो पर बढ़त हासिल होगी । हालाँकि ऐसा करते हुए आपको कुछ वित्तीय परेशानियां आ सकती हैं ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है । आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं । आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी । अपने नए-पुराने दोस्तों के साथ समय बितायें और मजे करें । खरीदारी में विशेष आनंद आएगा ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज का दिन संकेत दे रहा है कि आज आप खूब आनंद उठाएंगे,लेकिन बेहतर यही होगा कि सुबह कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें । अपने कार्यकर्म की योजना अपने परिजनों के कार्यक्रम के अनुसार ही बनाएं ताकि बाद में कोई ग़लतफ़हमी या समस्या ना आये ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपकी एकाग्रता और विचारशक्ति इस समय अपने चरम पर है और इसीलिए आप अपने आसपास के लोगों की स्थिति के बारे में और भी संवेदनशील हैं । इससे आपको पिछले कुछ मतभेद सुलझाने में मदद मिलेगी। आप किसी ऐसे व्यक्ति के सम्पर्क में आ सकते हैं जिससे आप काफी पहले अलग हो गए थे ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आपको आज कोई अप्रत्याशित अनुभव हो सकता है । ऐसा नही है कि आप इससे परेशान ही होंगे लेकिन इससे आपके मन में हलचल जरूर मच जायेगी । इससे आपके दृष्टिकोण में ख़ासा बदलाव भी आ सकता है । अपनी भावनाओं को व्यक्त करने न घबराएं लेकिन यह समय अपने स्थान पर दूसरों की भावनात्मक मांगों को प्राथमिकता देने के लिए अधिक उपयुक्त है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

## सबसे बड़ी डील से पहले यूरोप ने दिया झटका, बांग्लादेश-वियतनाम से कैसे होगा मुकाबला?



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और यूरोपीय संघ के बीच इसी महीने ट्रेड डील की घोषणा होने की उम्मीद है। लेकिन उससे पहले यूरोप ने भारत को एक झटका दिया है। ईयू ने भारत के कुछ सामान पर एक्सपोर्ट बेनिफिट्स रोक दिए हैं। इनमें कपड़े, गहने, रसायन, प्लास्टिक, धातु और ट्रांसपोर्ट के सामान शामिल हैं।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब भारत और ईयू के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत अंतिम चरण में है। हालांकि भारत सरकार का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है, बल्कि पुरानी व्यवस्था का ही हिस्सा है और इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस फैसले से भारतीय निर्यातकों को पहले टैरिफ पर करीब 20% का फायदा मिलता था लेकिन वह अब खत्म हो गया है। साथ ही 1 जनवरी से ईयू का कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म भी लागू हो गया है। ईयू ने भारत के लिए जनरलाइज्ड स्कीम ऑफ प्रीफरेंसेज के फायदे रोक दिए हैं। इसका मतलब है कि 1 जनवरी से इन भारतीय सामानों पर ईयू में ज्यादा टैरिफ लगेगा।

जीएसपी एक ऐसी स्कीम है जिसके तहत विकसित देश विकासशील देशों के सामानों पर कम टैरिफ लगाते हैं ताकि उनके निर्यात को बढ़ावा मिल सके। अब इस स्कीम के तहत सिर्फ करीब 13% भारतीय निर्यात को ही फायदा मिलेगा। इसमें खेती और चमड़े के सामान शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बताया कि 2016 से ईयू धीरे-धीरे भारत के कई सामान पर जीएसपी बेनिफिट्स कम करता रहा है। इस वजह से वित्त वर्ष 2025 में भारत से ईयू को होने वाले कुल निर्यात का लगभग 47% (35.6 अरब डॉलर) हिस्सा जीएसपी के फायदे के दायरे से बाहर हो गया है। केवल 53% निर्यात (40.2 अरब डॉलर का) ही अभी भी जीएसपी के तहत आता है। जीएसपी के तहत भारत को मिलने वाले टैरिफ बेनिफिट्स साल 2016 में खनिज, रसायन, कपड़ा, धातु और ट्रांसपोर्ट के सामान के लिए रोके गए थे। 2019 में इसमें ट्रांसपोर्ट के कुछ और सामान जोड़े गए। 2023 में तो यह लिस्ट काफी बढ़ गई। इसमें रसायन, प्लास्टिक, चमड़ा, कपड़ा, पत्थर और कांच के उत्पाद, कीमती धातुएं, सामान्य धातुएं, मशीनरी, बिजली के उपकरण और रेल ट्रांसपोर्ट शामिल हो गए।

**किसे होगा फायदा?**

मंत्रालय ने यह भी बताया कि 1 दिसंबर, 2025 को जारी नियमों के अनुसार यही लिस्ट बढ़ाई गई है। 1 जनवरी, 2026 से 31 दिसंबर, 2028 तक इन सामानों पर जीएसपी के तहत मिलने वाले टैरिफ बेनिफिट्स सस्पेंड रहेंगे। उदाहरण के लिए कपड़े के उत्पाद पर पहले 12% टैक्स लगता था, लेकिन जीएसपी के तहत उसे सिर्फ 9.6% ही देना पड़ता था। अब जीएसपी का फायदा खत्म होने से निर्यातकों को पूरा 12% 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' ड्यूटी देनी होगी। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, ईयू द्वारा भारतीय निर्यात के लगभग 87% पर जीएसपीफायदे वापस लेने से औसतन 20% का टैरिफ बेनिफिट्स खत्म हो गया है।

## क्या तांबे का उतर गया रंग? पिछले साल दिया था 62% रिटर्न

### इस साल नुकसान, कॉपर स्टॉक्स बदहाल



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। साल 2026 में सोना और चांदी की कीमत तेजी से भाग रही हैं। हालांकि इनमें कल यानी गुरुवार को कुछ गिरावट आई थी, लेकिन आज शुक्रवार को फिर से तेजी आ गई। पिछले साल दोनों धातुओं ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। सोना और चांदी के अलावा पिछले साल कॉपर यानी तांबे ने भी निवेशकों की खूब झोली भरी। लेकिन इस साल यह सोना और चांदी के रिटर्न से खूब पिछड़ गया है। शुक्रवार को एमसीएक्स पर जनवरी डिलीवरी वाले तांबे की कीमत में थोड़ा सुधार आया। शाम 4 बजे इसका भाव प्रति किलो करीब 1277 रुपये था। लेकिन इसमें यह तेजी इस साल अभी तक उस प्रकार देखने को मिली, जैसी सोने और चांदी में मिली है।

पिछले साल बेस मेटल्स में तांबा सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला रहा था। लंदन में इसने 41% से अधिक और शंघाई में 33% का मुनाफा कमाया था, जो एक रिकॉर्ड तोड़ तेजी थी। एमसीएक्स पर तो इसका प्रदर्शन और भी शानदार रहा। साल 2025 में इसमें 62% का उछाल आया। लेकिन इस साल की शुरुआत से इसकी रफ्तार धीमी पड़ गई है। इस साल अब तक यह मेटल सपाट रहा है। एमसीएक्स पर 31 दिसंबर 2025 को तांबा प्रति किलो 1285 रुपये पर बंद हुआ था। आज शुक्रवार शाम 4 बजे यह करीब 1277 रुपये पर कारोबार कर रहा था। ऐसे में देखें तो इसमें इस साल अभी तक इसमें आधा फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है। ऐसे में इसने निवेशकों का नुकसान ही किया है। वहीं सोने और चांदी में खूब तेजी आई है। चांदी तो इस साल इन 23 दिनों में 40 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुकी है। वहीं सोने में भी 16 फीसदी से ज्यादा उछाल आया है। तांबे की कीमत में गिरावट के चलते कॉपर स्टॉक्स की मिली-जुली स्थिति देखने को मिली है। कुछ कंपनियों के शेयर में जहां तेजी आई है तो वहीं कुछ में गिरावट देखने को मिली है। कुछ कॉपर स्टॉक्स की स्थिति इस प्रकार रही रेलिगेयर ब्रोकिंग में रिसर्च के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अजीत मिश्रा के मुताबिक कॉपर में अस्थिरता बढ़ रही है।

## सोना 4300 बढ़कर 1.55 लाख के ऑल टाइम हाई पर

### 23 दिन में 22 हजार महंगा हुआ; चांदी आज 19,249 बढ़कर 3.19 लाख/किलो हुई



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। सोने के दाम आज यानी 23 जनवरी को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना 4,300 रुपए बढ़कर 1,55,428 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,51,128 रुपए पर था। वहीं, 1 किलो चांदी 19,249 रुपए बढ़कर 3,18,960 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले गुरुवार को ये 2,99,711 रुपए पर थी। इस साल सिर्फ 23 दिनों में सोना 22,233 रुपए और चांदी 88,540 रुपए महंगी हो चुकी है।

**1.90 लाख तक जा सकता है सोना**

रिसर्च हेड डॉ रेनिशा चैनानी के अनुसार, अगर अमेरिकी टैरिफ और मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ता है, तो सोना 2026 में 1,90,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी 4 लाख रुपए तक जा सकती है।

**2025 में सोना 75% और चांदी 167% महंगी हुई**

पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपए (75%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपए (167%) बढ़ा। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

## इंडिगो संकट के बाद एयरलाइन को लगा बड़ा झटका, शेयरों में चार प्रतिशत की गिरावट




नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के शेयर शुक्रवार को करीब 4% गिर गए। यह गिरावट तब आई जब इंडिगो ने दिसंबर तिमाही में अपने शुद्ध मुनाफे में 78% की भारी गिरावट दर्ज की।बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.87% गिरकर 4,723.60 रुपये पर बंद हुआ, जबकि एनएसई पर यह 3.79% टूटकर 4,722.50 रुपये पर पहुंच गया। इसी दौरान बीएसई सेंसेक्स 46.24 अंक गिरकर 82,261.13 पर और एनएसई निफ्टी 8.20 अंक टूटकर 25,281.70 पर बंद हुआ। कंपनी ने अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में 549.1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2,448.8 करोड़ रुपये था। इंडिगो ने बताया कि उड़ानों में भारी व्यवधान और नए श्रम कानूनों के लागू होने से कंपनी को बड़ा झटका लगा। तीसरी तिमाही में कंपनी को कुल 1,546.5 करोड़ रुपये का असर पड़ा। इसमें दिसंबर की शुरुआत में उड़ानों में व्यवधान से 577.2 करोड़ रुपये और नए श्रम कानूनों के कारण 969.3 करोड़ रुपये का नुकसान शामिल है। इसके अलावा उड़ान व्यवधान के मामले में इंडिगो पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। हालांकि, कंपनी की कुल आय बढ़कर 24,540.6 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 22,992.8 करोड़ रुपये थी।इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि दिसंबर की शुरुआत में बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द और देरी से परिचालन पर असर पड़ा। उन्होंने बताया कि असाधारण मदों को हटाकर कंपनी का अंतर्निहित लाभ करीब 31 अरब रुपये रहा। नियामक संस्था डीजीसीए ने उड़ानों में व्यवधान के बाद इंडिगो के शीतकालीन शेड्यूल में 10% कटौती कर दी थी। 3 से 5 दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द हुईं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई, जिससे 3 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए।

# कोठाकोंडा वीरभद्र स्वामी मंदिर



तेलंगाना के कोठाकोंडा वीरभद्र स्वामी मंदिर में श्रद्धालु भगवान को अनोखे रूप से कद्दू चढ़ाते हैं। यह परंपरा दक्ष यज्ञ में वीरभद्र के क्रोध को शांत करने के लिए कुशमंडम अर्पित करने की पौराणिक मान्यता से जुड़ी है। भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक कद्दू चढ़ाते हैं।

देश में कई ऐसे मंदिर हैं जिनकी अनोखी मान्यताएं हैं। लोग श्रद्धाभाव से भगवान के दर पर जाते हैं। मंदिर जाने वाले श्रद्धालु न सिर्फ नारियल फोड़ते हैं, हल्दी, केसर मिठाई चढ़ाते बल्कि सोने-चांदी का दान देते हुए दिखाई देते हैं। ये आमतौर पर भगवान को अर्पण की जाने वाली चीजें हैं, लेकिन अगर कोई अनोखी चीज चढ़ावा में दिखाई दे तो लोगों के मन में कौतुहल जरूर जाग जाता है कि इसे भगवान को अर्पित क्यों किया जा रहा है। जी हां, कुछ इसी तरीके का चढ़ावा तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले के कोथाकोंडा वीरभद्र स्वामी मंदिर में चढ़ाया जाता है।

श्रद्धालु भगवान को सबसे बड़ा भोग राजसी कद्दू चढ़ाते है। चाहे वे करोड़पति हों या गरीब श्रद्धालु। दरअसल, कोठाकोंडा वीरभद्र स्वामी के दर्शन करने वाले सभी श्रद्धालु मनोकामना पूरी होते ही अपना कद्दू उठाकर कोठाकोंडा में कतार में लग जाते हैं। वे वीरभद्र स्वामी को कद्दू अर्पित करते हैं। न केवल आम श्रद्धालु, बल्कि जन प्रतिनिधि और उच्च पदस्थ अधिकारी भी कद्दू और मूंछ लेकर भगवान की प्रार्थना करने आते हैं। इस मंदिर में यह परंपरा है कि श्रद्धालु कद्दू लेकर भगवान को मूंछ सहित कद्दू अर्पित करते हैं। मेले के दौरान हजारों कद्दू अर्पित किए जाते हैं।

**क्या है कद्दू चढ़ाने के पीछे मान्यता**

मान्यता के अनुसार, कद्दू का इतिहास बहुत पुराना है। इतिहास कहता है कि दक्षयज्ञ में वीरभद्र ने दक्ष की हत्या कर दी थी। वीरभद्र के क्रोध को शांत करने के लिए तमाम तरह के प्रयास किए गए। इस दौरान उन्हें प्रसन्न करने के लिए कुशमंडम यानी राजा का कद्दू, अर्पित किया गया था इसीलिए श्रद्धालु मानते हैं कि अगर वीरभद्र पर कद्दू चढ़ाते हैं तो वे प्रसन्न हो जाएंगे और उन्हें आशीर्वाद देंगे। इसी विश्वास के साथ भक्त कटे हुए कद्दू को लेकर दर्शन करने आते हैं।

यहां संक्रांति के अवसर पर मेला भी लगता है। कोठकोंडा वीरभद्र स्वामी मेले में हजारों राजा के कद्दू बेचे जाते हैं। मंत्री, जन प्रतिनिधि और पुलिस अधिकारी भी कटे हुए कद्दू को लेकर वीरभद्र के समक्ष प्रणाम करते हैं। वे राजा के कद्दू को वीरभद्र को अर्पित करते हैं और प्रणाम करते हैं। यही यहां की विशेषता है।

# कल रथ सप्तमी

## सही तिथि, पूजा विधि और मंत्र



रथ सप्तमी माघ मास की सप्तमी तिथि का पवित्र पर्व है। यह सूर्य देव की पहली किरण के पृथ्वी पर आगमन के अवसर को दर्शाता है। इस दिन सूर्य देव की पूजा और व्रत करने से पाप नष्ट होते हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है। रथ सप्तमी को माघी सप्तमी, महती सप्तमी या पुत्र सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। भक्त इस दिन शुभ मुहूर्त और पूजा विधि के अनुसार सूर्य देव की आराधना करते हैं।

माघ मास की सप्तमी तिथि को रथ सप्तमी के रूप में विशेष महत्व प्राप्त है। माना जाता है कि सृष्टि के आरंभ में सूर्य देव की पहली किरण इसी तिथि को पृथ्वी पर आई थी। रथ सप्तमी को माघी सप्तमी, महती सप्तमी, सप्त सप्तमी या पुत्र सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान सूर्य का अवतरण हुआ था और इसे सूर्य पूजा का सबसे शुभ अवसर माना जाता है।

रथ सप्तमी के दिन सूर्य देव की पूजा और व्रत करने से पापों का नाश होता है और व्यक्ति को उत्तम लोक में स्थान प्राप्त होता है। पद्म पुराण और भविष्य पुराण में इस व्रत की महिमा का उल्लेख मिलता है। इस बार रथ सप्तमी कब है, इसका शुभ मुहूर्त, पूजा विधि और मंत्र जानना भक्तों के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि वे इस पवित्र अवसर का सही ढंग से लाभ उठा सकें।

**रथ सप्तमी 2026 कब है?**

पंचांग के अनुसार, माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि इस बार 24 जनवरी, शनिवार की रात 12 बजकर 40 मिनट से शुरू होगी और 25 जनवरी, रविवार की रात 11 बजकर 11 मिनट तक रहेगी। इसलिए, उदया तिथि के अनुसार रथ सप्तमी इस बार 25 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन स्नान, दान, व्रत और सूर्य देव की पूजा करना शास्त्र अनुसार अत्यंत शुभ माना जाता है।

इस बार रथ सप्तमी और भी विशेष है क्योंकि यह दिन सूर्य जयंती के साथ-साथ रविवार के दिन पड़ रहा है, जो स्वयं सूर्य देवता को समर्पित माना जाता है। इसलिए इस दिन किए गए सभी पूजा और व्रत का फल अत्यंत शुभ और लाभकारी माना जाता है।

**रथ सप्तमी 2026 स्नान और पूजा का शुभ मुहूर्त**

**रथ सप्तमी के दिन स्नान करने का सबसे उत्तम समय सुबह 5:32 बजे से 7:12 बजे तक रहेगा। वहीं, सूर्य देव की पूजा, दान और व्रत करने का शुभ मुहूर्त सुबह 11:13 बजे से 12:33 बजे तक रहेगा। इस समय अवधि में पूजा करना सबसे फलदायी माना जाता है और भक्तों को इसका अधिक लाभ प्राप्त होता है।**

**रथ सप्तमी पूजा विधि और मंत्र**

माघी सप्तमी के दिन सूर्योदय के बाद स्नान करना चाहिए। इसके लिए पहले आक के सात पत्ते और बेर के सात पत्ते लेकर तिल और तेल से भरे दीपक में रखें और उसे सिर पर रख लें। इसके बाद सूर्य देवता का ध्यान करते हुए गन्ने के जल को हल्के से हिलाकर दीपक को बहते जल में प्रवाहित कर दें।

दीपक बहाने से पहले ₹नमस्ते रुद्ररूपाय रसानां पतये नमः। वरुणाय नमस्तेऽस्तु₹ मंत्र का उच्चारण करें।

इसके बाद ₹यद् यज्जन्मकृतं पापं यच्च जन्मान्तरार्जितम...₹ मंत्र का जाप करते हुए गंगाजल या चरणामृत से स्नान करें। इससे पाप नष्ट होते हैं और मन, वचन और कर्म से हुई गलतियां क्षमा होती हैं।

सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए अक्षत, पुष्प, दूर्वा, जल, गंध और सात आक के पत्ते और बदरी पत्र का प्रयोग करें।

सप्तसप्तिवह प्रीत सप्तलोकप्रदीपन, सप्तम्या सहितो देव गृहाणार्घ्य दिवाकर और जननी सर्वलोकानां सप्तमी सप्तसप्तिके, सप्तव्याहृतिके देवि नमस्ते सूर्यमण्डले बोलते हुए सूर्य देव को अर्घ्य दें।

यदि पास में सूर्य मंदिर हो तो वहीं बैठे और सूर्य भगवान की मूर्ति को अष्टदल कमल पर स्थापित करके संकल्प करें – ममाखिलकामना-सिद्ध्यर्थे सूर्यनारायणप्रीतये च सूर्यपूजनं करिष्ये। इसके बाद ॐ सूर्याय नमः या पुरुष सूक्तादि के मंत्रों से षोडशोपचार पूजा करें।

सप्तमी के दिन उपवास करके सूर्य पूजा करना विशेष लाभकारी माना जाता है। इस दिन रथ में सूर्य को स्थापित कर पूजा करने और प्रत्येक शुक्ल सप्तमी पर इसे दोहराने से जीवन के सात जन्मों के पाप दूर होते हैं। साथ ही, वर्ष के अंत में ब्राह्मण को दान करने से विशेष फल प्राप्त होता है।

# अपने बच्चों की स्टडी टेबल के पास लगाएं हंसों के जोड़े की तस्वीर, पढ़ने में हो जाएंगे अव्वल!

हर कोई सोचता रहता है कि घर में सुख-शांति बनी रहे। इसके लिए वे वास्तु से जुड़ी तमाम तरह की चीजें करते रहते हैं। दरअसल, घर में शांतिपूर्ण और सकारात्मक वातावरण बनाने के कई तरीके हैं। इनमें से एक खास तरीका हंसों के जोड़े की तस्वीर लगाना है। हंसों को लक्ष्मी का रूप कहा गया है और ये सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के मुख्य हॉल में, यानी जहां लोगों का आना-जाना अधिक होता है, पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके हंसों के जोड़े की तस्वीर रखना शुभ होता है। इससे अधूरे काम पूरे होते हैं, घर में कलह कम होती है और आर्थिक लाभ होता है। बच्चों के पढ़ने की जगह पर यह तस्वीर रखने से उनका मन शांत होता है, एकाग्रता बढ़ती है और सोचने की शक्ति में वृद्धि होती है।



**तस्वीर विवेक और पवित्रता का प्रतीक**

फोटो लगाना नकारात्मक ऊर्जाओं को दूर करता है। साथ ही साथ घर के मुखिया को नौकरी में मन की शांति प्रदान करता है और गृहिणी का आत्मविश्वास बढ़ाता है। गुरुजी ने कहा कि हंसों का विशेष महत्व है। हंसों के दूध के नियम के अनुसार, हंस दूध और पानी में अंतर कर केवल दूध ग्रहण करते हैं। यह विवेक और पवित्रता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि हंस को देवी लक्ष्मी का रूप और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने वाले दिव्य तत्व का प्रतीक माना जाता है। घर के प्रवेश द्वार या किसी ऐसी जगह पर जहां लोगों का आना-जाना अधिक हो, हंसों के जोड़े की तस्वीर रखने से घर में शांति आती है। विशेषकर यदि यह तस्वीर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके रखी जाए, तो अधूरे काम पूरे होते हैं, घर का शोर कम होता है और आर्थिक लाभ प्राप्त होते हैं।

**महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा**

गुरुजी ने सलाह दी है कि बच्चों के पढ़ने के स्थान पर या उनकी अध्ययन मेज के पास हंसों के जोड़े की तस्वीर रखने से उनका मन स्थिर और गंभीर होगा और उनकी सोचने की शक्ति बढ़ेगी। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और एकाग्रता बढ़ेगी। गृहस्थ को अपने काम में शांति मिलेगी और गृहिणी का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे परिवार में धैर्य, शांति और अच्छी योजना का माहौल बनेगा।

# हथेली में है यह खास निशान?

## करियर और बिजनेस में मिलेगी छप्परफाड़ कामयाबी!




हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, हमारी हथेली की रेखाएं और पर्वत हमारे भविष्य का आईना होते हैं। कई बार कड़ी मेहनत के बावजूद फल नहीं मिलता, तो कभी कम प्रयास में ही व्यक्ति ऊंचाइयों को छू लेता है। ज्योतिष शास्त्र में इसे योग का प्रभाव माना जाता है। आज हम एक ऐसे ही दुर्लभ और बेहद शुभ योग के बारे में बात कर रहे हैं, जिसका नाम है अमला योग। मान्यता है कि अगर आपकी हथेली में यह योग बन रहा है, तो समझ लीजिए कि आपको जीवन में राजाओं जैसी सुख-सुविधाएं और मान-सम्मान मिलने वाला है। आइए जानते हैं क्या है यह योग और कैसे पहचानें इसे अपनी हथेली में।

**क्या होता है अमला योग?**

हस्तरेखा विज्ञान में अमला योग को बेहद भाग्यशाली माना गया है। यह योग जिस व्यक्ति की हथेली में होता है, वह अपनी बुद्धि और कौशल के दम पर समाज में अपनी अलग पहचान बनाता है। ऐसे लोग न केवल आर्थिक रूप से समृद्ध होते हैं, बल्कि इनका स्वभाव भी बहुत परोपकारी और साफ-सुथरा होता है।

**कैसे बनता है आपकी हथेली में यह योग?**

अमला योग किसी एक रेखा से नहीं, बल्कि हथेली के तीन प्रमुख पर्वतों की स्थिति से बनता है। अगर आपकी हथेली में नीचे दिए गए तीन पर्वत उभरे हुए और साफ हैं, तो आपकी कुंडली में भी यह योग मौजूद है:

**सूर्य पर्वत:** अनामिका उंगली के ठीक नीचे वाले हिस्से को सूर्य पर्वत कहते हैं। अगर यह हिस्सा अच्छी तरह विकसित और साफ है, तो यह व्यक्ति को मान-सम्मान और सरकारी क्षेत्रों में सफलता दिलाता है।

**चंद्र पर्वत:** कलाई के ऊपर और अंगूठे के विपरीत दिशा में हथेली के निचले हिस्से को चंद्र पर्वत कहा जाता है। इसका विकसित होना मानसिक शांति, रचनात्मकता और विदेश यात्राओं का संकेत देता है।

**शुक्र पर्वत:** अंगूठे के नीचे वाले उभरे हुए हिस्से को शुक्र पर्वत कहते हैं। यह सुख-सुविधाओं, लग्जरी लाइफ और प्रेम का प्रतीक है।

**खास बात:** जब सूर्य, चंद्र और शुक्र ये तीनों पर्वत हथेली में बिना किसी कटी-फटी रेखा के, साफ और उभरे हुए दिखाई देते हैं, तब अमला योग का निर्माण होता है।

**करियर और बिजनेस में इसके फायदे**

**अपार धन-दौलत:** ऐसे लोगों के पास आय के एक से अधिक स्रोत होते हैं। बिजनेस में इन्हें छप्परफाड़ मुनाफा मिलता है।

**नौकरी में ऊंचा पद:** अगर आप नौकरी पेशा हैं, तो आप बहुत जल्द किसी ऊंचे प्रशासनिक पद या लीडरशिप रोल तक पहुंच सकते हैं।

**सामाजिक प्रतिष्ठा:** अमला योग वाले व्यक्ति को समाज में बहुत सम्मान मिलता है। लोग इनकी सलाह लेना पसंद करते हैं।

**स्थिर भाग्य:** इनका भाग्य उतार-चढ़ाव भरा नहीं होता, बल्कि एक बार सफलता मिलने के बाद इनकी तरक्की लगातार होती रहती है।

# कलियुग के चमत्कारी देव : विष्णुअवतारी श्री बाबा गंगाराम

विष्णु अवतारी बाबा गंगाराम और उनके राजस्थान (झुंझुनूं) स्थित पावन धाम श्री पंचदेव मंदिर के प्रति भक्तों की श्रद्धा प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. देश के कोने- कोने से भक्तगण बाबा के दरबार में आते हैं और अपनी श्रद्धा और भक्ति से बाबा की आराधना करते हैं. यह भक्तों की श्रद्धा और विश्वास का ही फल है कि उनकी सभी समस्त मनोकामनायें बाबा के दरबार में अवश्य पूरी होती हैं. प्रथम तो बाबा की चित्ताकर्षक प्रतिमा के दर्शन से ही भक्तों के सारे आन्तरिक क्लेश दूर हो जाते हैं एवं जो दिव्यानुभूति होती हैं , उससे जीवन में नई शक्ति का संचार होता हैं, यह सब अनुभव करके ही जाना जा सकता है.

सीकर-लोहारू राजमार्ग पर अवस्थित झुंझुनूं नगर में प्रवेश करते ही बाबा का धाम दृष्टिगोचर होने लगता है. यहाँ बाबा गंगाराम, भगवान शिव, पवनपुत्र हनुमान, माँ दुर्गा, माँ लक्ष्मी सहित कुल पांच मंदिर है. इसीलिए इस मंदिर का नाम 'श्री पंचदेव मंदिर' पड़ा. इस विशाल मंदिर का कलात्मक शिल्प, मनोहारी दृश्य एवं आध्यात्मिक वातावरण ब्रह्मानंद की अनुभूति कराता है. श्री पंचदेव मंदिर का निर्माण बाबा के स्वप्नादेश के बाद उनके परम आराधक श्री देवकीनंदन ने गंगादशहरा सन 1975 में झुंझुनूं में करवाया. मंदिर के कण-कण में भक्त शिरोमणि देवकीनंदन के त्याग- तपस्या व बलिदान की गूँज सुनाई देती है.

**बाबा गंगाराम प्राकट्य व लीलायें**

झुंझुनूं-राजस्थान में अग्रवंशीय वैश्यकुल में पिता झूथारामजी व माता लक्ष्मी देवी के यहाँ श्रावण शुक्ल दशमी सन 1895 को श्री विष्णु अंश से बाबा ने अवतार ग्रहण किया. कुलपुरोहित ने बाबा के अलौकिक जन्म-नक्षत्रों को देखकर बताया कि यह अवतारी बालक 'गंगा' के समान पाप विनाशक एवं 'राम' के समान पतित पावन होगा, अतएव इसका नाम ''गंगाराम' होगा. शुभाशुभ लक्षणों से उनके दिव्य गुणों का आभास परिजनों को बाल्यकाल से ही मिलने लगा था. युवावस्था तक बाबा के उद्गारों एवं विलक्षण शक्तियों की चर्चा आम हो चली थी, परन्तु गृहस्थी लोकाचार एवं मायामोह उन्हें बांध न पाया. वे उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जनपद के सफदरगंज नामक स्थान में कल्याणी नदी के तट पर पधारे और इसे अपनी कर्मभूमि बनाया. इसी कल्याणी नदी के जल में बाबा ने अपने विष्णु रूप का दर्शन भक्तों को कराया. पहले कल्याणी नदी में सिर्फ वर्षा ऋतु में ही जल प्रवाहित होता था, परन्तु बाबा के वहां पधारने के बाद से ही वह बारहमासी नदी के रुप में प्रवाहित होने लगी. उनके अद्भूत- अद्भुत चमत्कारों का वर्णन करना संभव नहीं है. जब तक जनसाधारण उन्हें पहचान पाते, बाबा मात्र 42 वर्ष की अल्पायु में ही स्वधाम प्रयाण कर गए.

**मंदिर निर्माण का स्वप्नादेश :-**

बाबा ने अपने विष्णुलोक गमन के करीब 30 वर्ष पश्चात अपने परमप्रिय भक्त देवकीनंदन को स्वप्न में अलौकिक दर्शन के द्वारा श्री पंचदेव मंदिर की स्थापना का आदेश दिया और उन्होंने अपनी भक्तिमती धर्मपत्नी गायत्रीदेवी के साथ गंगादशहरा सन 1975 में झुंझुनूं नगर में भव्य एवं विशाल पंचदेव मंदिर की स्थापना कराई. लाखों भक्तों की आस्था का प्रतीक श्री पंचदेव मंदिर मानव मात्र के कल्याण का केंद्र बिंदु बन गया.



**त्याग, तपस्या और भक्ति का इतिहासः**

भक्त शिरोमणि श्री देवकीनंदन एवं शक्ति स्वरूपा देवी गायत्री बाबा की लीलाओं के प्रबल वाहक थे. उन्होंने बाबा की भक्ति में तन-मन-धन न्योछावर करते हुये भक्ति का जो इतिहास लिखा, वो अभूतपूर्व है. झुंझुनूं में पंचदेव मंदिर की स्थापना के पश्चात उन्हें सांसारिक मोह माया से विरक्ति हो गई. उन्होनें अपनी करोड़ों की सम्पदा, चल-अचल संपत्ति का तिनके की भांति त्याग कर दिया और अपने दो पुत्र और चार पुत्रियों सहित मंदिर परिसर को ही अपना संसार समझकर बाबा की सेवा में समर्पित हो गए. राजा हरिश्चंद्र की भांति उनका ये त्याग, आज के भौतिक युग में स्वयं एक उदाहरण बन गया. बाबा की भक्ति करते-करते अंततः 21 अप्रैल 1992, वैशाख कृष्ण चतुर्थी को संसार को सत्य, त्याग एवं भक्ति का मार्ग दिखाने वाले भक्त शिरोमणि देवकीनंदन ने बाबा गंगाराम का नाम लेते- लेते अपने नश्वर शरीर को त्याग दिया.

**चिता पर अलौकिक चमत्कार**

जब उनके पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलीन किया जा रहा था, तब उनकी भक्तिमती धर्मपत्नी देवी गायत्री की करुण पुकार पर जलती हुई चिता से उनका दाहिना हाथ उपर उठकर आशीर्वाद देता हुआ लहराने लगा. मस्तक से जल की धारा बहने लगी और चेहरा बालरुप में परिणित हो गया. परमाराध्य बाबा गंगाराम की कृपा से सब कुछ संभव है. आज के इस घोर कलियुग में इससे बड़ा अलौकिक चमत्कार और क्या हो सकता है. चिता पर हुए चमत्कारों के चित्र आज भी वहां उपलब्ध है. जैसे राम के परमभक्त होने का गौरव भक्त हनुमान को मिला, वही स्थान बाबा गंगाराम के चरणों में भक्त देवकीनंदन को प्राप्त हुआ.

**शक्ति स्वरूपा माता गायत्री देवी**

शक्ति स्वरूपा माता गायत्री देवी आध्यात्मिक शक्तियों से परिपूर्ण परम तपस्विनी थी. भक्त शिरोमणि देवकीनंदन के महाप्रयाण के पश्चात मंदिर परिसर में अनवरत साधना में लीन रहते हुए उन्होंने लाखों भक्तो को उचित मार्गदर्शन व आशीर्वचन देकर उनका जीवन बदल दिया. वे करुणा, प्रेम, दया, परोपकार की साकार प्रतिमा एवं परम विदुषी थी. सीता अनुसुईया और सावित्री की भांति वे सत्य और त्याग की प्रतिमूर्ति थी. वे सदा भक्ति के चैतन्य लोक में रहती थी और प्रत्येक के हृदय की बात जानती थी. उनके मुख से जो भी निकला वो भक्तो के लिए मंत्रतुल्य हो गया. तत्पश्चात देवी गायत्री ने भी अपनी भक्ति और तप से बाबा गंगाराम की महिमा को सारे संसार में प्रकाशित करते हुए सन 2017 में महाप्रयाण किया.

**जारी**

# 'क्या मैं वाकई अभिनय कर सकती हूं?' भूमि ने बताया 'द रॉयल्स' के बाद क्यों लिया था एक्टिंग से नौ महीने का ब्रेक



भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी आगामी सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच भूमि पेडनेकर ने बताया कि पिछले साल आई 'द रॉयल्स' में उनकी एक्टिंग को लेकर हुई आलोचना ने उन्हें काफी प्रभावित किया। इससे प्रभावित होकर एक्ट्रेस ने नौ महीने का लंबा ब्रेक ले लिया। अब इस ब्रेक के बाद भूमि 'दलदल' से वापसी कर रही हैं। एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि आखिर क्यों उन्होंने बिना किसी घोषणा के ब्रेक लिया था।

**'द रॉयल्स' की आलोचना ने ब्रेक लेने पर किया मजबूर**

द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि मुझे बहुत ट्रोल किया गया। लेकिन इन सबके बीच बहुत सारी क्रिएटिव आलोचना भी हुई। इस सबने मुझे 2025 में अपने जीवन के लिए कुछ बहुत बड़े फैसले लेने के लिए प्रेरित किया। उनमें से एक ब्रेक लेना था। मैंने इसकी घोषणा नहीं की क्योंकि मैं इसे नाटकीय नहीं बनाना चाहती थी। 'दम लगा के हैशा' के बाद से मैं लगातार 10 साल से अभिनय कर रही हूं। उस किरदार के लिए भूमि ने 30 किलो वजन बढ़ाया था और तब से अपने किरदारों के लिए शारीरिक परिवर्तन करना उनका निरंतर प्रयास रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि यह सिर्फ शारीरिक बदलाव के बारे में नहीं है। यह इस बारे में भी है कि आप किसी किरदार की तैयारी करते समय भावनात्मक और मानसिक रूप से किन-किन चीजों से गुजरते हैं।

**जून से किसी सेट पर नहीं गईं**

भूमि ने बताया कि इन आलोचनाओं से मैं भावनात्मक रूप से पूरी तरह टूट चुकी थी। मैं एक अभिनेत्री के रूप में, एक इंसान के रूप में, भूमि के रूप में अपनी पहचान पूरी तरह खो चुकी थी। इसलिए मुझे पीछे हटना पड़ा। मैंने ब्रेक लिया। जून से मैं किसी सेट पर नहीं गई हूं। कई बार जब कोई कलाकार ऐसा स्वीकार करता है, तो इसे निगेटिव तरीके से देखा जाता है। लेकिन यह मैंने अपनी इच्छा से किया था। यह मेरे लिए सबसे अच्छा फैसला है। इस दौरान मैंने फिल्में देखीं, किताबें पढ़ीं, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में एक कोर्स किया और अपने जीवन के अनुभवों को बढ़ाने के लिए व्यापक यात्रा की।

**खुद से किए सवाल, ब्रेक लेना सही फैसला**

अपने ब्रेक के बारे में एक्ट्रेस ने बताया कि मेरे पास अब कोई वास्तविक अनुभव नहीं बचा था, जिसे मैं अपने अभिनय में इस्तेमाल कर सकूं। मेरा सबसे बड़ा डर हमेशा यही रहा है कि मैं कभी भी औसत दर्जे की अभिनेत्री नहीं बनना चाहती। मुझे लगता है कि मैं उस मुकाम तक पहुंच चुकी थी। मेरे लिए इसे स्वीकार करना और इससे मुंह न मोड़ना महत्वपूर्ण था। क्योंकि मैं जानती हूं कि मैं क्या कर सकती हूं। मैं खोई हुई थी, इसलिए मैंने अपने कुछ पुराने काम देखे। मैं सोच रही थी, क्या मैं सच में अभिनय कर सकती हूं? क्या मुझमें वह क्षमता है? हर अभिनेता के लिए उस दायरे से बाहर निकलना बहुत ज़रूरी है। उस अनुभव ने मुझे झकझोर दिया। मैं बहुत खुश हूं कि लोगों ने द रॉयल्स देखा। इससे कुछ अच्छा नतीजा निकला। लेकिन सबसे अच्छी बात यह हुई कि मैं भूमि से एक इंसान के तौर पर और एक अभिनेत्री के तौर पर फिर से जुड़ पाई।

**कई फिल्में ठुकराईं और अवॉर्ड्स फंक्शन को किया मना**

अब नौ महीने बाद मार्च में अपने पहले कोर्टरूम ड्रामा के साथ सेट पर वापसी कर रही हैं। उन्होंने कहा यह महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों द्वारा झेली जाने वाली यौन हिंसा के बारे में है। यह एक थिएटर फिल्म है। मैं पिछले दो महीनों से इस पर काम कर रही हूं। मैं फिल्म सेट पर जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। ब्रेक के दौरान मैंने फिल्में छोड़ दीं। मुझे साइनिंग अमाउंट वापस करने पड़े। मुझे कई चेक ठुकराने पड़े, जो कि बहुत बड़ी रकम होती है। बात सिर्फ फिल्में न करने की नहीं थी, बल्कि मैंने पब्लिक अपीयरेंस भी कम कर दी। मुझे कई अवॉर्ड शो और फैशन इवेंट्स को मना करना पड़ा। मैं बस सबसे अलग होना चाहती थी। मैं यह अनुभव करना चाहती थी कि अकेले रहना कैसा लगता है। अगर मैं सब कुछ खो दूं, तो क्या मैं जीवित रह पाऊंगी? मुझे पता है कि मैं जीवित रह पाऊंगी। भूमि ने अपने ब्रेक का श्रेय अभिनेता इमरान खान को भी दिया, जिन्होंने दस साल के ब्रेक के बाद वापसी की है।

**पुलिस अधिकारी के किरदार में 'दलदल' में आएंगी नजर**

फिलहाल अपनी फिल्म से पहले भूमि क्राइम-थ्रिलर शो 'दलदल' में नजर आएंगी। इसमें वो मुंबई की एक पुलिस अधिकारी रीता फरेरा के किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने 'द रॉयल्स' की शूटिंग खत्म करने के तुरंत बाद इस सीरीज की शूटिंग शुरू की थी। आदित्य रावल और समारा तिजोरी भी इस शो में हैं। 'दलदल' का निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है और यह 30 जनवरी को प्राइम वीडियो इंडिया पर रिलीज होगा।

# सालभर की तैयारी और 40 किताबें पढ़ने के बाद सचिन खेडेकर ने निभाया नेताजी का किरदार, बोले- 'यह एक तपस्या थी'

2004 में श्याम बेनेगल की फिल्म 'नेताजी सुभाष चंद्र बोसः द फॉरगॉटन हीरो' रिलीज हुई थी। यही वो फिल्म थी जिसमें सचिन खेडेकर ने नेताजी की भूमिका निभाई थी। आज 22 साल बाद भी सचिन उस किरदार की गूंज, उसकी जिम्मेदारी और उसका असर अपने भीतर महसूस करते हैं।

**यह किरदार नहीं, ऐतिहासिक वादा था**

'22 साल बाद भी आज जब मैं उस किरदार को याद करता हूं तो एक अजीब-सी सिहरन होती है। नेताजी का किरदार निभाना मेरे लिए सिर्फ अभिनय करने का मौका नहीं था बल्कि यह एक ऐतिहासिक वादा था कि मैं उनकी महान शख्सियत के साथ न्याय कर सकूं। हर सीन करते वक्त दिल में एक डर रहता था कि कहीं उनकी विशालता, उनकी सोच, उनकी आग- मेरे अभिनय से कम न हो जाए। यह किरदार मुझे आज भी याद दिलाता है कि अभिनय केवल मनोरंजन नहीं, कभी-कभी एक कर्तव्य भी होता है।'

'यह किरदार इतना पवित्र है कि उससे जोड़ा जाना ही मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे याद है, श्याम बेनेगल सर ने कहा था कि मेरी शक्ल-सूरत में थोड़ा बहुत नेताजी जैसा भाव दिखता है और



शायद इसी वजह से मुझे यह भूमिका मिली। इस किरदार की तैयारी में मैंने लगभग एक साल लगाया। इस दौरान बेनेगल सर ने मुझे नेताजी को समझने के लिए 40 से ज्यादा किताबें पढ़ने के लिए दी थीं। शूटिंग भी करीब एक साल चली और हर दिन मुझे लगता था कि मैं किसी साधारण फिल्म का हिस्सा नहीं, बल्कि एक विरासत को जी रहा हूं। जब आज भी कोई कहता है कि सचिन, उस फिल्म में सचमुच नेताजी दिखे तो वह मेरे करियर के किसी भी अवॉर्ड से बड़ा है। यह एहसास होता है कि शायद मैंने थोड़ी देर के लिए ही सही, लेकिन एक महान आत्मा को छू लिया था।

**'गुरुकुल में दाखिला लेने जैसा था**

'मैंने थिएटर में सुन रखा था कि जर्मन अभिनेताओं की हर हरकत का एक कारण होता है। लेकिन जब मैं उनके साथ बर्लिन में सेट पर खड़ा था, तब समझ आया कि उनकी तैयारी कितनी खतरनाक स्तर की होती है। उनके साथ बैठकर बातचीत करना, उनकी रिहर्सल देखना.. वह मेरे करियर का सबसे बड़ा सबक था। ऐसा लगा जैसे मैं अचानक किसी अंतरराष्ट्रीय गुरुकुल में पहुंच गया हूं जहां अभिनय की भाषा शब्दों से नहीं, शारीरिक अनुशासन से लिखी जाती है।'

**आज उनकी चुप्पियों को और खतरनाक बना दूं**

'आज अगर फिर से नेताजी का किरदार निभाने का मौका मिले, तो मैं उनकी चुप्पी पर ज्यादा काम करूंगा। वह बोले बिना भी पूरी भीड़ को हिला सकते थे। मैं उनके भीतर के स्ट्रगल, उनकी दुविधाएं और देश के भविष्य के लिए उनकी बेचैनी को और गहराई से पकड़ना चाहूंगा। नेताजी जब चुप होते थे, तब भी उनके भीतर तूफान चलता था, मैं आज उस तूफान को ज्यादा साफ दिखाता।'

'हमारी आज की ऑडियंस तेज, डिजिटल और टेक्निकली बहुत अवेयर है। लेकिन अगर कहानी में ईमानदारी हो, तो वह किसी भी पीढ़ी को पकड़ लेती है। नेताजी की कहानी सिर्फ इतिहास नहीं। यह जुनून, निडरता और बगावत की कहानी है और यह तीनों चीजें आज की पीढ़ी को सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं।'

**हमारे राष्ट्रनायकों पर और फिल्में बननी चाहिए**

'नेताजी एक रेबल थे... एक ऐसा नेता जो सिस्टम से सवाल पूछता था और समझौता नहीं करता था। हमारे युवा ही अगर अपने नायकों को नहीं जानेंगे तो आजादी के 75 साल मनाने का मतलब ही क्या रह जाएगा? मैं पूरी दृढ़ता से मानता हूं कि नेताजी, भगत सिंह, सरदार पटेल, अंबेडकर... इन सब पर और फिल्में बननी चाहिए। आजादी के 75 साल पूरे हुए हैं, लेकिन हमारी युवा पीढ़ी अभी भी अपने असली नायकों से पूरी तरह परिचित नहीं है। यह सिर्फ इतिहास की जरूरत नहीं... यह राष्ट्र की जरूरत है।'

# 'बॉर्डर 2' देखने गए फैंस को नहीं मिली 'धुरंधर 2' की झलक

'धुरंधर' के पहले पार्ट के बाद अब दर्शक इसके दूसरे भाग का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म का दूसरा भाग 19 मार्च को रिलीज होने वाला है। खबर थी कि फिल्म का टीजर 'बॉडर 2' की रिलीज के साथ रिलीज हो सकता है। मगर ऐसा नहीं हुआ। मेकर्स ने भी इस पर कोई जानकारी नहीं दी है। हालांकि आदित्य धर ने टीजर रिलीज पर एक हिंट जरूर दिया है।

**आदित्य धर ने बताया कब आएगा टीजर**

'धुरंधर' की दूसरी किश्त का फैंस को काफी इंतजार है। हालांकि मेकर्स ने इससे जुड़ा कोई टीजर या ट्रेलर अब तक रिलीज नहीं किया। अभी तक 'धुरंधर' के दूसके पार्ट का नाम भी सामने नहीं आया है। फैंस इसे 'धुरंधर 2' के नाम से ही बुला रहे हैं। अब आदित्य धर ने इस पर सोशल मीडिया के माध्यम से जवाब दिया है। सोशल मीडिया पर एक फैन ने मीम शेयर करते हुए आदित्य धर से कहा कि मजाक





नहीं, टीजर जल्दी जारी कीजिए। इस पर आदित्य धर ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करते हुए बताया कि इसका टीजर जल्द ही रिलीज होगा।

**'धुरंधर 2' और 'टाक्सिक' एक ही दिन होगी रिलीज**

2026 में रिलीज हुई 'बॉडर 2' के बाद अब लोगों को 'धुरंधर 2' की रिलीज का इंतजार है। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी। यह फिल्म सिनेमाघरों में फिल्म 'टाक्सिक' से टकराएगी। जिससे इसकी ओपनिंग पर असर पड़ सकता है। जहां 'धुरंधर 2' सिर्फ हिंदी में रिलीज होगी, वहीं 'टाक्सिक' अलग-अलग भाषाओं में पर्दे पर आएगी।

**'उरी' से जोड़ रहे हिंट**

'धुरंधर' ऐसी पहली फिल्म है जिसमें इसके दूसरे पार्ट का एलान पहले के साथ ही कर दिया गया। मेकर्स इसको पहले ही पार्ट में बनाना चाहते थे, जिस वजह से इसके दूसरे पार्ट की डेट भी साथ ही बता दी गई थी।

फिल्म के अंत में जसकीरत सिंह रंगी का नाम सामने आया था। इस फिल्म को विक्की कौशल की फिल्म 'उरी 'से जोड़ा जा रहा है, क्योंकि इस फिल्म में भी जसकीरत सिंह रंगी का जिक्र था।

# अनुभव सिन्हा की नई फिल्म 'अस्सी' की हुई घोषणा

'मुल्क' और 'थप्पड़' के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और अभिनेत्री तापसी पन्नू की जोड़ी एक बार फिर एक नई कहानी लेकर आ रही है। अनुभव सिन्हा की नई फिल्म 'अस्सी' की आज घोषणा की गई है। इस फिल्म में तापसी पन्नू प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में बाकी भी कई दिग्गज कलाकार नजर आएंगे। जानिए कब रिलीज होगी फिल्म?




# वेडिंग एनिवर्सरी पर नीलम कोठारी ने पति पर लुटाया प्यार, शेयर की साथ बिताए लम्हों की तस्वीरें



एक्ट्रेस नीलम कोठारी और समीर सोनी की शादी को आज 15 साल पूरे हो चुके हैं। इस खास मौके नीलम ने अपनी शादी और जिंदगी से जुड़े कई खूबसूरत और यादगार पलों की झलक शेयर है। उनकी इन तस्वीरों पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक खूब प्यार लुटा रहे हैं।

**सोशल मीडिया पर नीलम का खास पोस्ट**

नीलम कोठारी ने अपनी शादी की सालगिरह पर इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनके और पति समीर सोनी के साथ बिताए खास लम्हे नजर आ रहे हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने प्यार भरा कैप्शन लिखा, "15 साल और आगे भी जारी क्या शानदार सफर रहा है। शादी की सालगिरह मुबारक हो हनी।"

**सेलेब्स और फैंस ने दी बधाइयां**

एक्ट्रेस की इस पोस्ट पर एक्टर रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा कपूर साहनी, सोफी चौधरी और दीया मिर्जा ने हार्ट इमोजी के साथ प्यार जताया। वहीं महीप कपूर, भावना पांडे, डीन पांडे और बिपाशा बसु समेत कई सेलेब्स ने कमेंट कर कपल को सालगिरह की बधाई दी। फैंस ने भी नीलम के पोस्ट पर ढेर सारा प्यार लुटाया।

**नीलम कोठारी का प्रोफेशनल सफर**

बता दें, नीलम कोठारी 90 के दशक की सफल और लोकप्रिय एक्ट्रेसेस में से एक रही हैं। फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने खुद को एक टैलेंटेड ज्वेलरी डिजाइनर के रूप में भी स्थापित किया है। हाल ही में वह नेटफ्लिक्स के चर्चित रियलिटी शो 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' में नजर आई थीं, जहां उनके स्टाइल और पर्सनैलिटी को खूब पसंद किया गया। इसके अलावा नीलम इंटीरियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में भी कदम रख चुकी हैं।

# 'बॉर्डर 2' में सनी देओल ने खास अंदाज में दी पिता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि, गदगद हुए फैंस; दिए रिएक्शन





सनी देओल की अगुआई वाली फिल्म 'बॉर्डर 2' आज 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। दर्शक इस पर अच्छा रिस्पॉन्स दे रहे हैं। फिल्म 'बॉर्डर' के सीक्वल के क्रेडिट ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। सनी देओल ने अपने पिता और दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को खास अंदाज में श्रद्धांजलि दी है। धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को निधन हो गया था।

**सनी देओल ने पिता को दी श्रद्धांजलि**

फिल्म 'बॉर्डर 2' के शुरुआत में सभी कलाकारों के नाम दर्शाए गए हैं। हालांकि इसमें जिस तरह से सनी देओल का नाम दर्शाया गया है उससे फैंस हैरान हो गए हैं। क्रेडिट में सनी देओल के नाम के सामने लिखा आता है 'सनी देओल (धर्मेंद्र का बेटा)' इस नाम ने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दर्शक यह मान रहे हैं कि सनी देओल और फिल्म की टीम ने दिवंगत अभिनेता को श्रद्धांजलि दी है।

**सनी देओल के नाम पर फैंस ने दी प्रतिक्रिया**

सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सनी देओल के नाम के आगे धर्मेंद्र का नाम जोड़े जाने पर प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा है एक सुपरस्टार का परिचय देने का बहुत अच्छा तरीका है।

एक और यूजर ने लिखा है 'बॉर्डर 2' की टीम की तरफ से धर्मेंद्र जी को बहुत अच्छी तरह से श्रद्धांजलि दी गई है। एक और यूजर ने लिखा है सनी देओल जिन्हें शुरू में धर्मेंद्र के बेटे के रूप में पेश किया जाता है, वे सब कुछ अलग करते हैं।

यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है।

# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस, अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया; अभिनेता की फिल्म पर खूब मना जश्न




साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' आज 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए।

**अजित कुमार के फैंस ने मनाया जश्न**

अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें।

**गानों पर नाचते नजर आए फैंस**

सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे हैं। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया।

**मनकथा की स्टारकास्ट**

आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश हैं। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा हैं।

**अजित कुमार का वर्कफ्रंट**

आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था। एक्टर फरवरी 2026 में निर्देशक अधिक रविचंद्रन के साथ अपनी अगली फिल्म शुरू करेंगे।

# शादी रद्द होने के बाद नए विवाद से पड़ा पलाश मुच्छल का पाला, 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी का लगा आरोप

संगीतकार और सिंगर पलाश मुच्छल एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। हाल ही में क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ उनकी शादी टूटने की खबरों ने काफी चर्चा बटोरी थी और अब उन पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक 34 वर्षीय अभिनेता और निर्माता ने पलाश मुच्छल पर 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता विद्यान माने ने गुरुवार को सांगली के पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन देकर पलाश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस के अनुसार, दोनों की पहली मुलाकात 5 दिसंबर 2023 को सांगली में हुई थी।

शिकायत में दावा किया गया है कि जब विद्यान माने ने पलाश से फिल्ममेकिंग में निवेश को लेकर बातचीत की, तो पलाश ने उन्हें अपनी आने वाली फिल्म 'नजारिया' में पैसे लगाने का प्रस्ताव दिया। पलाश ने कथित तौर पर यह भरोसा दिलाया कि फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के बाद 25 लाख रुपये के निवेश पर करीब 12 लाख रुपये का मुनाफा होगा। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म में एक किरदार देने का भी वादा किया।

**मार्च 2025 तक दिए गए 40 लाख रुपये**



शिकायतकर्ता के अनुसार, इसके बाद उनकी पलाश से दो बार और मुलाकात हुई और मार्च 2025 तक उन्होंने अलग-अलग किस्तों में कुल 40 लाख रुपये पलाश को सौंप दिए। हालांकि, तय समय बीतने के बावजूद न तो फिल्म पूरी हुई और न ही निवेश से जुड़ा कोई लाभ मिला।

**पैसे मांगने पर नहीं मिला जवाब**

जब फिल्म का काम आगे नहीं बढ़ा, तो विद्यान माने ने अपने पैसे वापस मांगे, लेकिन आरोप है कि पलाश की ओर से उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आखिरकार, निराश होकर उन्होंने सांगली पुलिस का रुख किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल मामले की प्रारंभिक जांच की जा रही है।

**पलाश की तरफ से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं**

इस पूरे मामले पर पलाश मुच्छल की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**शादी रद्द होने के बाद बढ़ी मुश्किलें**

गौरतलब है कि यह विवाद पलाश और स्मृति मंधाना की शादी कैंसिल होने के करीब एक महीने बाद सामने आया है। दोनों की शादी 23 नवंबर को होने वाली थी, लेकिन स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना के अचानक अस्पताल में भर्ती होने के कारण समारोह टाल दिया गया था। बाद में, पलाश ने एक बयान जारी कर अपने रिश्ते के खत्म होने की पुष्टि की थी और सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोलिंग को लेकर दुख भी जताया था।



# जैसलमेर आने वाले टूरिस्ट्स को देना होगा 'यात्री कर'

> जोधपुर-बाड़मेर रोड पर बनेंगे 2 टोल नाके > एंट्री पर 50-200 रुपए तक भरने होंगे



जैसलमेर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जैसलमेर में नगर परिषद ने 22 साल बाद फिर से शहर में प्रवेश करने वाले पर्यटक वाहनों पर यात्री कर लगाने का फैसला किया है। राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग से स्वीकृति मिल चुकी है और गजट नोटिफिकेशन जारी होते ही यह कर लागू कर दिया जाएगा। इसके लिए जोधपुर रोड और बाड़मेर रोड पर दो टोल नाके बनाए जाएंगे, जहां से सबसे अधिक पर्यटक वाहन जैसलमेर में प्रवेश करते हैं। वाहनों की श्रेणी के अनुसार 50 से 200 रुपए तक यात्री कर तय किया गया है। नगर परिषद के अनुसार पर्यटन सीजन में भारी संख्या में वाहनों के कारण सफाई व्यवस्था, सड़क रखरखाव और पर्यटकों की सुविधाओं पर अतिरिक्त खर्च आता है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए एंट्री पॉइंट्स पर यात्री कर लगाने का निर्णय लिया गया है। नगर परिषद को यात्री कर से सालाना लाखों रुपए के राजस्व की उम्मीद है। पर्यटन सीजन में यह राशि और बढ़ सकती है, जिससे शहर की सफाई, सड़कों के रखरखाव और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने में खर्च की जाएगी। उनका मानना है कि इस व्यवस्था से शहर के विकास कार्यों के लिए जरूरी संसाधन जुटाए जा सकेंगे।

**पर्यटन सीजन में बढ़ता दबाव बना वजह**

जैसलमेर एक छोटा शहर है, लेकिन अक्टूबर से मार्च के पर्यटन सीजन में यहां लाखों पर्यटक पहुंचते हैं। बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही से शहर की सड़कों पर दबाव बढ़ता है, जाम की स्थिति बनती है और प्रदूषण में भी इजाफा होता है। इन्हीं कारणों से अतिरिक्त बजट की जरूरत महसूस की गई।

**कहां कटानी होगी रसीद?**

नगर परिषद ने 2 प्रमुख रास्तों पर एंट्री पॉइंट बनाने का फैसला किया है। एक एंट्री गेट जोधपुर रोड पर बनेगा, जहां से जयपुर, जोधपुर और बीकानेर की ओर से आने वाले अधिकतर पर्यटक प्रवेश करते हैं। दूसरा एंट्री गेट बाड़मेर रोड पर बनाया जाएगा, जहां से गुजरात और दक्षिण राजस्थान की ओर से आने वाले वाहनों का दबाव रहता है। इन नाकों को पार करते समय पर्यटक वाहनों को निर्धारित शुल्क जमा कर रसीद लेनी होगी।

**स्थानीय निजी गाडियों को छूट, टैक्सी पर लगेगा टैक्स**

नगर परिषद ने साफ किया है कि स्थानीय निवासियों की निजी गाडियों पर यह यात्री कर लागू नहीं होगा। हालांकि, जैसलमेर नंबर की टैक्सी भी इस टैक्स के दायरे में आएगी। यानी शहर की स्थानीय टैक्सी और बाहर से आने वाली टैक्सी दोनों को एंट्री शुल्क देना होगा। यह टैक्स केवल पर्यटकों और कॉमर्शियल उपयोग में आने वाले वाहनों पर लागू रहेगा।

## नगर परिषद का फैसला और सरकारी स्वीकृति

नगर परिषद ने शहर में बढ़ते पर्यटक दबाव को देखते हुए यह नया यात्री कर लागू करने का निर्णय लिया है। नगर परिषद आयुक्त लजपाल सिंह सोढा के अनुसार इस प्रस्ताव को राज्य सरकार के स्वायत्त शासन विभाग से मंजूरी मिल चुकी है।

गजट नोटिफिकेशन जारी होने के बाद इसे शहर की सीमा में प्रभावी कर दिया जाएगा। जैसलमेर में टूरिस्ट सीजन में सैलानियों की बम्पर आवक होती है। इसके चलते नगर परिषद ने शहर में प्रवेश करने वाले पर्यटक वाहनों पर यात्री कर लगाने का फैसला किया है। जैसलमेर में टूरिस्ट सीजन में सैलानियों की बम्पर आवक होती है। इसके चलते नगर परिषद ने शहर में प्रवेश करने वाले पर्यटक वाहनों पर यात्री कर लगाने का फैसला किया है।

# राजस्थान में जनगणना-2027 की तारीख तय

> पहली बार सेल्फ सेंसस का विकल्प



जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में जनगणना-2027 की तैयारी शुरू हो गई है। पहले फेज में मकान सूचीकरण का काम 16 मई से 14 जून तक किया जाएगा। पहली बार आम लोगों को सेल्फ सेंसस (स्व गणना) करने का विकल्प भी मिलेगा, जो 1 मई से 15 मई तक किया जा सकेगा।

सांख्यिकी विभाग ने बताया कि आमजन के लिए जल्द ही एक पोर्टल और एप शुरू किया जाएगा। इसमें लोग खुद अपनी जानकारी अपलोड कर सकेंगे, जिसे जनगणना कर्मचारियों द्वारा वेरिफाई किया जाएगा। स्व गणना पूरी होने के बाद सरकारी कर्मचारी घर-घर जाकर हाउस लिस्टिंग करेंगे। पहले फेज में केवल मकानों की सूची बनाई जाएगी। अगले साल लोगों की गिनती होगी। इस बार पहली बार जातीय जनगणना भी की जाएगी। दूसरे फेज की अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी।

**कर्मचारियों के ट्रांसफर पर रोक**

जनगणना पूरी होने तक (लगभग 15 महीनों तक) कर्मचारियों का ट्रांसफर नहीं होगा। इसमें कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, शिक्षक, पटवारी और ग्राम सचिव शामिल हैं। करीब 2 लाख कर्मचारी-अफसर और 1.60 लाख प्रगणक इस काम में लगाए जाएंगे। जनगणना में पूछे जाने वाले सवाल पहले फेज के लिए केंद्र सरकार ने 33 सवाल तय किए हैं। इनमें मकान का मालिकाना हक, घर का पक्का या कच्चा होना, मोबाइल/स्मार्टफोन/इंटरनेट सुविधा, अनाज का प्रकार और खाना पकाने की व्यवस्था जैसे सवाल शामिल हैं। राजस्थान में मई से शुरू हो रहे इस काम के जरिए सरकारी और आमजन दोनों मिलकर जनगणना प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाएंगे।

**केंद्र के निर्देश पर जारी हुई अधिसूचना**

इससे पहले केंद्र सरकार ने इसी माह अधिसूचना जारी कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच जनगणना 2027 के पहले चरण यानी मकान सूचीकरण का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत प्रत्येक राज्य को 30 दिनों की अवधि तय करनी थी, जिस दौरान यह अभियान संचालित किया जाएगा।

## सियाचिन से छुट्टी पर घर लौट रहे अग्निवीर की दर्दनाक मौत

भरतपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के भरतपुर जिले से एक विचलित कर देने वाली खबर सामने आई है। सियाचिन ग्लेशियर जैसी दुर्गम जगह पर तैनात भारतीय सेना के अग्निवीर पुष्पेंद्र (22) का शव उनके घर से महज तीन किलोमीटर दूर झाड़ियों में लहूलुहान हालत में मिला।

पुष्पेंद्र तीन महीने बाद छुट्टी लेकर घर लौट रहे थे और उन्होंने पहुंचने से कुछ देर पहले ही अपने पिता को फोन कर जल्द घर आने की बात कही थी। डेढ़ घंटे में घर पहुंच जाऊंगा पुष्पेंद्र के ताऊ शेर सिंह ने बताया कि पुष्पेंद्र गुरुवार को फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे थे और वहां से बस द्वारा मथुरा आए। शाम करीब 7 बजे उन्होंने अपने पिता विजय सिंह को फोन कर बताया कि वह मथुरा पहुंच गए हैं और अगले डेढ़ घंटे में घर पहुंच जाएंगे। घर में खुशी का माहौल था और परिजन उनके आने का इंतजार कर रहे थे।

**खोजबीन के दौरान मिला शव**

जब रात 10 बजे तक पुष्पेंद्र घर नहीं पहुंचे और उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आने लगा, तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। भाई रूपेंद्र और पिता ग्रामीणों के साथ उन्हें ढूंढने निकले। रात करीब 12 बजे पीपला गांव के पास सड़क किनारे झाड़ियों में पुष्पेंद्र का शव मिला।

## सालियों ने जूते छिपाए, लौटाने के लिए मांगे 11000 रुपये, नहीं दिए तो दुल्हन ने करवा दी एफआईआर

झुंझुनूं, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के सीकर जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी की पारंपरिक रस्म जूता छुपाई विवाद की वजह बन गई। मामूली समझी जाने वाली इस रस्म में 11 हजार रुपये की जिद ऐसी बढ़ी कि फेरों के बाद ही शादी टूट गई। हालात यहां तक पहुंच गए कि बारात बिना दुल्हन के लौट गई और दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। जानकारी के अनुसार, इस शादी समारोह पर दोनों परिवारों ने मिलकर करीब 30 से 40 लाख रुपये खर्च किए थे। सभी रस्में विधिवत पूरी हो चुकी थीं, फेरे भी संपन्न हो गए थे और विदाई की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान जूता छुपाई की रस्म में दूल्हे की सालियों ने जूते लौटाने के बदले 11 हजार रुपये नेग की मांग रख दी।

**मजाक से शुरू हुई बात बनी टकराव की वजह**

वर पक्ष ने शुरुआत में इसे हल्के-फुल्के अंदाज में लिया और कम रकम देने की पेशकश की। लेकिन सालियां अपनी मांग पर अड़ गईं। धीरे-धीरे माहौल गरमाता चला गया और मामला मजाक से निकलकर आपसी प्रतिष्ठा और जिद पर आ गया। शादी का खुशनुमा माहौल देखते ही देखते बहस और तनाव में बदल गया।

**दूल्हे की मांग से और बिगड़े हालात**

विवाद बढ़ने पर दूल्हे ने भी गुस्से में आकर पलटवार किया। उसने 5 लाख रुपये नकद और एक बुलेट बाइक की मांग रख दी। दूल्हे ने साफ कह दिया कि मांग पूरी नहीं होने पर वह बिना दुल्हन के ही बारात वापस ले जाएगा। इस अप्रत्याशित मांग से कन्या पक्ष स्तब्ध रह गया।

**दुल्हन ने लिया शादी तोड़ने का फैसला**

मौके पर मौजूद रिश्तेदारों और बुजुर्गों ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। अंततः दुल्हन ने दूल्हे की मांगों को दहेज के समान मानते हुए शादी से इनकार कर दिया और विवाह तोड़ने का निर्णय ले लिया। घटना के बाद दुल्हन पक्ष ने थाने पहुंचकर दूल्हे और उसके परिजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया।

## रिहायशी इलाकों में 'फेफड़ों का दुश्मन' बने 80 अवैध स्टोन कटर, जेडीए के पास लिस्ट

**फिर भी कार्रवाई शून्य**



जोधपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। शहर के आवासीय क्षेत्रों और खनन क्षेत्रों के पास अवैध रूप से संचालित हो रहे स्टोन कटरों ने आम जनता का जीना मुहाल कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के पास प्रदूषण विभाग द्वारा सौंपी गई 80 अवैध स्टोन कटरों की सूची मौजूद है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं।

प्रदूषण और शोर से नागरिक बेहाल बिना किसी भू-रूपांतरण और वैधानिक अनुमति के चल रहे ये स्टोन कटर पर्यावरण नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। प्रदूषण विभाग की सूची मिलने के बाद भी जेडीए द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाना विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। एक तरफ जेडीए का अतिक्रमण निरोधक दस्ता छोटी-मोटी अवैध कॉलोनियों और निर्माणों पर पीला पंजा चलाने में फुर्ती दिखाता है, लेकिन अवैध स्टोन कटरों के मामले में यह दस्ता 'मौन' नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध संचालकों और अधिकारियों के बीच गहरी सांठगांठ के कारण कार्रवाई फाइलों में ही दफन है। बार-बार शिकायतों के बाद भी सुनवाई न होने से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही इन अवैध स्टोन कटरों को बंद या शहर से बाहर शिफ्ट नहीं किया गया, तो वे बड़े स्तर पर प्रदर्शन और कानूनी रास्ता अख्तियार करेंगे।

राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी में बदलाव

# 13 महिला आईएएस को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी

**हाइलाइट्स**

> सभी 41 जिलों के प्रभारी सचिव बदले
> 13 महिला आईएएस को मिली अहम जिम्मेदारी
> संभागीय आयुक्तों को जिला प्रभार
> एपीओ अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारी



जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान की भजनलाल सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ब्यूरोक्रेसी में व्यापक स्तर पर बदलाव किए हैं। इस क्रम में प्रदेश के सभी 41 जिलों के प्रभारी सचिवों की अदला-बदली कर दी गई है। नई सूची में 13 जिलों की जिम्मेदारी महिला आईएएस अधिकारियों को सौंपी गई है, जिससे प्रशासन में महिला नेतृत्व की भागीदारी और मजबूत हुई है।

**संभागीय आयुक्तों को अपने क्षेत्र में जिला प्रभार**

इस फेरबदल के तहत सभी संभागीय आयुक्तों को उनके ही संभाग के किसी एक जिले का प्रभारी सचिव बनाया गया है। माना जा रहा है कि इससे प्रशासनिक समन्वय बेहतर होगा और जिलों में निर्णय प्रक्रिया को गति मिलेगी। वहीं, एपीओ चल रहे दो अधिकारियों को भी जिला प्रभार दिया गया है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि उन्हें जल्द ही नियमित पदस्थापना मिल सकती है। ऐसे में आने वाले समय में तबादला सूची जारी होने की भी संभावना जताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले फरवरी 2024 में जिलों के प्रभारी सचिव बदले गए थे।

**वरिष्ठ अधिकारियों को प्रमुख जिलों की जिम्मेदारी**

सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव भवानी देथा को जोधपुर, खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत को उदयपुर, यूडीएच के प्रमुख सचिव देबाशीष पृष्टि को बीकानेर, खेल सचिव नीरज के. पवन को अजमेर और डीओआईटी सचिव रविकुमार सूरपुर को कोटा का प्रभारी सचिव बनाया गया है। केंद्र से प्रतिनियुक्ति समाप्त कर लौटे आईएएस पी.सी. किसन को दौसा तथा एपीओ खजान सिंह को सलूंबर जिले की जिम्मेदारी दी गई है।

**13 महिला आईएएस बनीं जिला प्रभारी सचिव**

इस सूची में 13 महिला आईएएस अधिकारियों को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है, जिनमें जयपुर और भरतपुर जैसे संभाग मुख्यालय भी शामिल हैं। प्रमुख सचिव गायत्री राठौड़ को जयपुर और सहकारिता सचिव आनंदी को भरतपुर का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा राज्य भंडारण निगम की सीएमडी आरूषि अजेय मलिक और प्रमुख सचिव मंजू राजपाल को भीलवाड़ा, पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियार को बूंदी तथा भरतपुर संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया को डीग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**नेहा गिरी को डूंगरपुर, परिवहन सचिव शुचि त्यागी को करौली**

आजीविका निदेशक नेहा गिरी को डूंगरपुर, परिवहन सचिव शुचि त्यागी को करौली, समग्र शिक्षा की राज्य परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल को कोटपूतली-बहरोड़ और जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम को खैरथल-तिजारा का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों को जयपुर में बने-रोबोट ने मारा था

**मेड इन इंडिया के तहत बने 3 रोबोट आर्मी में शामिल-दिल्ली में परेड में दिखेंगे**



जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना की ओर से मानव रहित रोबोट 'जीना' का इस्तेमाल किया गया था। इस आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन में भारी हथियारों से लैस तीन आतंकवादी मारे गए थे।

वहीं, ऑटोनॉमस यूजीवी डैगर को हाल ही भारतीय सेना की 50 पैरा (स्पेशल फोर्सेज) में शामिल किया गया है। डैगर भारत का पहला पूरी तरह से स्वदेशी व नेक्स्ट-जेन ऑटोनॉमस रोबोट है। डैगर रोबोट युद्ध क्षेत्र में घायलों को निकालकर सुरक्षित स्थान तक लाने की खूबी रखता है। ये रोबोट जयपुर में बनाए गए हैं। जयपुर के क्लब फर्स्ट रोबोटिक्स की ओर से इन्हें 'मेक इन इंडिया' के तहत सीतापुरा क्षेत्र में डिजाइन कर तैयार किया गया है। इन रोबोट को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड में 26 जनवरी को दिखाया जाएगा। देश की राजधानी दिल्ली में आर्मी ग्राउंड व्हीकल (यूजीवी) 'डैगर' और ऑटोनॉमस हथियारबंद 'जीना' का वैभव देखने को मिलेगा। दुश्मन के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई के आधार पर विशेष रूप से इन्हें डिजाइन किया गया है।

# जयपुर-विधायक निधि से खर्चा करने में मंत्री से आगे एमएलए

> कालीचरण, कुलदीप और हंसराज सबसे आगे रहे > किसने कम खर्चा किया

**इन विधायक ने सबसे कम रुपए खर्च किए**




जयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजस्थान में भजनलाल सरकार के दो साल पूरे हो गए हैं। सरकार अगले माह अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करने जा रही है। लेकिन विधायक निधि (एमएलए लेड) में से खर्चा करने के मामले में विधायक कुछ मंत्रियों से भी आगे हैं। जयपुर के 19 विधायकों में से कई अपनी विधायक निधि का 50 फीसदी पैसा भी खर्च नहीं किया है। जयपुर में झोटवाड़ा से विधायक और सरकार में खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने एमएलए लेड से सबसे कम रुपए खर्च किए हैं। राज्यवर्धन सिहं राठौड़ ने पिछले 2 साल में अपने विधायक कोटे की 10 करोड़ रुपए की राशि में से 92 लाख रुपए ही सेंशन किए हैं। जो कुल राशि का 10 फीसदी से भी कम है। सबसे कम रुपए सेंशन करने में दूसरा नंबर आदर्श नगर से कांग्रेस के विधायक रफीक खान हैं। रफीक खान ने दो साल में अपने विधायक कोटे की 10 करोड़ रुपए की राशि में से केवल 1.76 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इस सूची में तीसरा नंबर जमवारामगढ़ से भाजपा विधायक महेन्द्र पाल मीणा का हैं। जिन्होंने अब तक 2.57 करोड़ रुपए की ही राशि स्वीकृति की है।

**इन्होंने खोला जनता के लिए पिटारा**

विधायक कोष से आमजन के सबसे ज्यादा काम करवाने वाले विधायकों में पहला नंबर कोटपूतली से विधायक हंसराज पटेल का है, जिन्होंने विधायक कोष से अब तक 7.80 करोड़ रुपए के कामों की स्वीकृति जारी की है। मालवीय नगर से भाजपा विधायक कालीचरण सराफ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। कालीचरण सराफ ने करीब 7.61 करोड़ रुपए की स्वीकृतियां दी है। वहीं, विराटनगर से विधायक कुलदीप ने करीब 7.60 करोड़ रुपए के कामों की स्वीकृतियां जारी की है।

**डिप्टी सीएम ने जारी की 7.21 करोड़ की स्वीकृति**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधायक कोष से सांगानेर में अब तक 5.02 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति जारी हुई है। जो 2 साल के कुल विधायक कोष का 50 फीसदी है। वहीं, डिप्टी सीएम दीया कुमारी अब तक अपने क्षेत्र में विधायक कोष से 7.21 करोड़ रुपए से ज्यादा की स्वीकृतियां जारी कर चुकी हैं। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने अपने विधानसभा क्षेत्र दूदू में विकास कार्यों के लिए अपने विधायक कोष से अब तक 5.87 करोड़ रुपए के विकास कार्य स्वीकृत कर चुके है।

**इन विधायक ने सबसे ज्यादा रुपए खर्च किए**




## राजस्थान में स्थापित होगी भारत की पहली जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी

उदयपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। वेदांता समू की कंपनी और दुनिया की अग्रणी एकीकृत जिंक उत्पादक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने आज खनन क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। कंपनी ने राजस्थान की अपनी प्रसिद्ध रामपुरा आगुचा माइंस में भारत की पहली जिंक टेलिंग्स रीसाइक्लिंग फैसिलिटी विकसित करने के लिए सीआईएमआईसी (सीआईएमआईसी) ग्रुप की कंपनियों-सेडगमैन और लेटन एशिया-को इंजीनियरिंग और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) का कॉन्ट्रैक्ट देने की घोषणा की है।

वेस्ट से वेल्थ : कचरे से निकलेगी चांदी और जिंक आमतौर पर खनन के बाद बचे हुए बारीक अवशेषों (टेलिंग्स) को बेकार मान लिया जाता है। हालांकि, हिंदुस्तान जिंक की यह नई फैसिलिटी उन्नत तकनीक का उपयोग कर इन अवशेषों से जिंक और चांदी जैसी मूल्यवान धातुओं को वापस निकालेगी। यह कदम न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि संसाधनों के अधिकतम उपयोग की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।

**3,823 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश**

हिंदुस्तान जिंक ने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए 3,823 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है। यह प्लांट 10 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाला होगा। कंपनी का लक्ष्य इसे शून्य कर्ज के साथ अगले 28 महीनों में पूरा करने का है। यह प्रोजेक्ट कंपनी की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह अपनी उत्पादन क्षमता को दोगुना करने के लिए 12,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

## अमृतधाम आश्रम में सत्संग 26 जनवरी को

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मण्डल के सत्संग प्रभारी राजकुमार दायमा के अनुसार विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मण्डल के तत्वावधान में सुधांशु महाराज के आदेशानुसार साप्ताहिक विडिओ सत्संग 26 जनवरी को अमृतधाम आश्रम के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह भी सुबह ठीक 10:31 बजे मिशन के केंद्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौड द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तुरंत बाद 11:30 बजे मासिक सत्संग आयोजित किया जाएगा। सत्संग की विशेष श्रृंखला में नागपुर में आयोजित विराट भक्ति सत्संग की विशेष सीडी दिखाई जाएगी। 12:30 बजे गुरु वंदना और गुरु आरती की जाएगी तथा 1 बजे भंडारा-महाप्रसाद का वितरण होगा। समस्त सत्संग धर्म प्रेमियों और समस्त दीक्षित गुरु भाई-बहनें समयानुसार पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाए। मिशन हैदराबाद मण्डल के महामंत्री अशोक कुमार अग्रवाल ने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## राज्यपाल उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 : विजेताओं की घोषणा

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल ने वर्ष 2024 में पहली बार राज्यपाल उत्कृष्टता पुरस्कार की स्थापना की थी। इन पुरस्कारों को 26 जनवरी 2025 को पर्यावरण संरक्षण, दिव्यांगजन कल्याण, खेल एवं क्रीड़ा तथा संस्कृति के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को प्रदान किया गया था। वर्ष 2025 के लिए राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण, जनजातीय विकास, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परोपकार तथा कॉर्पोरेट स्वयंसेवा के क्षेत्रों में असाधारण योगदान और स्वैच्छिक सेवा को मान्यता देने हेतु राज्यपाल उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करने का प्रस्ताव रखा। इसके लिए नवंबर 2025 में पात्र व्यक्तियों और संस्थाओं से ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यमों से नामांकन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त नामांकनों की गहन जांच एक प्रतिष्ठित चयन समिति द्वारा की गई, जिसकी अध्यक्षता के. पद्मनाभैया, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व केंद्रीय गृह सचिव, पद्म भूषण सम्मानित एवं चेयरमैन, एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया, हैदराबाद ने की। जूरी के अन्य सदस्यों में सी.आर. बिस्वाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व विशेष मुख्य सचिव, डॉ. सुनीता कृष्णन, पद्मश्री सम्मानित, प्रसिद्ध समाजसेविका एवं महिला अधिकार कार्यकर्ता, डॉ. चिन्नबाबू सुनकवल्ली, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तथा रमेश काज़ा, सचिव जनरल, सोसाइटी फॉर साइबराबाद सिक्योरिटी काउंसिल शामिल थे। वर्ष 2025 के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में चयनित पुरस्कार विजेता में महिला सशक्तिकरण, रमा देवी कन्नेगंती, हैदराबाद, जनजातीय विकास: थोडसम कैलाश, वाघापुर, आदिलाबाद जिला, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परोपकार : डॉ. प्रद्युत वाघरे, हैदराबाद, कॉर्पोरेट स्वयंसेवा: वी. राजन्ना शामिल हैं। संस्थागत श्रेणी में चयनित पुरस्कार विजेता में महिला सशक्तिकरण: साई सोशल एम्पावरमेंट सोसाइटी, घटकेसर, जनजातीय विकास, इंडिजिनस डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (आईडीओ), गट्टुमल्ला गांव, भद्राद्री-कोत्तागुडेम जिला, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परोपकार, रामदेवराव अस्पताल, हैदराबाद, कॉर्पोरेट स्वयंसेवा: गिव फॉर सोसाइटी, घटकेसर शामिल हैं। प्रत्येक पुरस्कार के अंतर्गत दो लाख रुपये नकद तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार विजेताओं को 26 जनवरी 2026 को लोक भवन, हैदराबाद में आयोजित विशेष समारोह में राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

## 209 रन का टारगेट 15.2 ओवर में चेज, कप्तान सूर्यकुमार और ईशान किशन की फिफ्टी






रायपुर, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने न्यूजीलैंड पर इस सीरीज की लगातार दूसरी जीत हासिल की। टीम ने कीवियों को 7 विकेट से हराया। भारतीय टीम ने 209 रन के टारगेट को 15.2 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 37 बॉल पर नाबाद 82 रनों की नाबाद पारी खेली। जबकि ईशान किशन ने 32 बॉल पर 76 रन बनाए।

दोनों के बीच 122 रन की साझेदारी हुई। अभिषेक शर्मा जीरो और संजू सैमसन 6 रन बनाकर आउट हुए।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 208 रन बनाए। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने नाबाद 47 रन की पारी खेली। रचिन रवींद्र ने 44 रन बनाए। भारत से कुलदीप यादव ने 2 विकेट झटके।

## नितल हाउसिंग प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री जन आवास योजना-3ए के तहत आज आवेदन का अंतिम दिन

जयपुर, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री जन आवास योजना-3ए के अंतर्गत विकसित नितल हाउसिंग प्रोजेक्ट के लिए आवेदन करने का आज अंतिम अवसर है।

यह आवासीय परियोजना जयपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) से अनुमोदित एवं रेरा में पंजीकृत है। परियोजना का विकास नितल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स एलएलपी द्वारा किया जा रहा है। यह परियोजना वाटिका इंफोटेक सिटी, अजमेर रोड, जयपुर में स्थित है, जहां स्टूडियो एवं 3 बीएचके अपार्टमेंट्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

परियोजना के अंतर्गत पात्र आवेदकों को 90 प्रतिशत तक होम लोन की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही आवासीय परिसर में क्लब हाउस, स्विमिंग पूल सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस परियोजना में केंद्रीय एवं राज्य कर्मचारी, कॉरपोरेट्स तथा प्रवासी राजस्थानवासी वर्ग के लिए 1 लाख तक की विशेष छूट का भी प्रावधान रखा गया है।

स्टूडियो फ्लैट के लिए आवेदन राशि 66,000 एवं मूल्य 23.00 लाख निर्धारित किया गया है, जबकि 3 बीएचके फ्लैट के लिए आवेदन राशि 96,000 एवं मूल्य 44.00 लाख रखा गया है। इच्छुक आवेदक आज ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का पकड़ा गया अवैध भंडारण

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना ड्रग कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन (टीजीडीसीए) की निरीक्षण टीमों ने आदिलाबाद में मौथो अरविंद कुमार नामक व्यक्ति से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का अवैध भंडार जब्त किया है। आरोप है कि वह गायों को यह इंजेक्शन देकर दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए इनका इस्तेमाल कर रहा था। आदिलाबाद पुलिस के समन्वय से टीजीडीसीए ने उसके पास से ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन होने का दावा करने वाली 109 बिना लेबल वाली पारदर्शी पीईटी बोतलें (प्रत्येक 200 मिलीलीटर) जब्त कीं। टीजीडीसीए के अनुसार, ऑक्सीटोसिन का उपयोग दूध निकालने के लिए किया जाता है, लेकिन बार-बार इसका प्रयोग करने से पशु इसकी लत का शिकार हो जाते हैं और बिना इंजेक्शन के स्वाभाविक रूप से दूध देने की क्षमता खो देते हैं। इससे पशुओं के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं।

जांच में पाया गया कि अरविंद कुमार ने ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का अवैध रूप से भंडारण किया था, जिनका इस्तेमाल दुधारू पशुओं में दुरुपयोग के लिए किया जाना था। टीजीडीसीए ने स्पष्ट किया कि पशुओं में ऑक्सीटोसिन का अनधिकृत उपयोग कानूनन अपराध है। टीजीडीसीए के महानिदेशक शाहनवाज कासिम ने बताया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का अवैध भंडारण और बिक्री दंडनीय अपराध है, जिसमें पांच साल तक की कैद का प्रावधान है। टीजीडीसीए ने कहा कि मामले की आगे जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। आम जनता ऐसी घटनाओं की सूचना टोल फ्री नंबर 1800-599-6969 पर दे सकती है, जो कार्यदिवसों में सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहता है।

## कुमकुम में मिलावट पर सख्त कार्रवाई की तैयारी

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए नियामक प्राधिकरणों ने धार्मिक स्थलों पर बेचे जाने वाले कुमकुम और अन्य रंगीन पाउडर में सस्ते व असुरक्षित रसायनों की मिलावट करने वाली विनिर्माण इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फैसला किया है। अधिकारियों के अनुसार, पारंपरिक और जैव-अपघटनीय सामग्री की जगह अब कई अनियमित इकाइयों में सस्ते सिंथेटिक औद्योगिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक हैं। ये रासायनिक पाउडर अक्सर अनुष्ठानों के बाद जल निकायों में विसर्जित कर दिए जाते हैं, जिससे प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

हाल ही में भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल (डीसीजीआई) ने सभी राज्य ड्रग कंट्रोल प्रशासन को धार्मिक स्थलों पर बिकने वाले कुमकुम, हल्दी और अन्य अनुष्ठानिक पाउडर के नमूने लेकर उनकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम, 1940 और सौंदर्य प्रसाधन नियम, 2020 के तहत इनके नियमन को प्राथमिकता देने को कहा गया है। कानून के तहत कुमकुम को सौंदर्य प्रसाधन की श्रेणी में रखा गया है। इसके साथ ही, विषैले रसायनों वाले सिंथेटिक पाउडर को 'मिलावटी' घोषित कर निर्माताओं और विक्रेताओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी, खासकर उन मामलों में जहां बिना लेबल या खुले बर्तनों में पाउडर बेचे जा रहे हैं।

जांच में इन पाउडरों में लेड ऑक्साइड, मरकरी सल्फेट, कॉपर सल्फेट, मैलाकाइट ग्रीन, एज़ो डाई और कोबाल्ट जैसे खतरनाक रसायनों की मौजूदगी सामने आई है। इनके संपर्क से त्वचा रोग, आंखों को नुकसान, सांस संबंधी दिक्कतें और लंबे समय में कैंसर का खतरा हो सकता है। भविष्य में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी कुमकुम उत्पादों को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के आईएस 10999:2021 मानक के अनुरूप होना अनिवार्य कर दिया गया है। अब हर पैकेट पर निर्माता का लाइसेंस नंबर, बैच विवरण और सभी सामग्रियों की पूरी जानकारी स्पष्ट रूप से देना जरूरी होगा।

## बसंत पंचमी पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शुक्रवार की सुबह से ही शहर और उपनगरों के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। इस अवसर पर विशेष रूप से देवी सरस्वती के मंदिरों को सजाया गया था। बड़ी संख्या में परिवार पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए मंदिरों में पहुंचे। इस शुभ दिन पर श्रद्धालु देवी सरस्वती का आशीर्वाद लेने के साथ-साथ अपने बच्चों का 'अक्षरभ्यासम' भी कराते नजर आए। सुबह से ही मंदिरों में पूजा के लिए लंबी कतारें लगी रहीं और पुजारी विधि-विधान से पूजा संपन्न कराने की तैयारियों में व्यस्त दिखाई दिए।

## एनएमडीसी में राजभाषा अधिकारियों की संगोष्ठी आयोजित




हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। इस्पात मंत्रालय के तत्वावधान में एनएमडीसी मुख्यालय, हैदराबाद ने 23 जनवरी को राजभाषा अधिकारियों की अखिल भारतीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में अखिल भारतीय अधीनस्थ उपक्रमों के राजभाषा अधिकारी एवं उच्चाधिकारी, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), हैदराबाद-सिकंदराबाद के सदस्यों एनएमडीसी की भारत में स्थित सभी परियोजनाओं एवं कार्यालयों के राजभाषा अधिकारियों एवं कार्मिकों ने प्रतिभागिता की।

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता श्रीमती जी. प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक), एनएमडीसी लिमिटेड ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में आनन्द भोई, संयुक्त निदेशक (राजभाषा), भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधांशु वर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने भाग लिया। अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में डॉ.वी. वेंकटेश्वर राव, सहायक महाप्रबंधक (रा.भा.)- से.नि., केनरा बैंक एवं डॉ. राजनारायण अवस्थी, सदस्य-सचिव, नराकास भी मंच पर मौजूद थे।

सुधांशु वर्मा ने भाषण में इस्पात मंत्रालय के अधिकारियों, इसके उपक्रमों से आए राजभाषा अधिकारियों का राजभाषा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए जा रहे योगदान की प्रशंसा की। रूद्र नाथ मिश्र ने एनएमडीसी में राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। श्रीमती जी. प्रियदर्शिनी ने राजभाषा हिंदी को अत्यंत सरल तथा मीठी बोली बताते हुए राजभाषा के क्षेत्र में प्राप्त पुरस्कारों एवं उपलब्धियों के लिए बधााई दी तथा सभी से अपने कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग करने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आनन्द भोई ने कहा कि राजभाषा संगोष्ठी के आयोजन से राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में सहायता मिलती है तथा दूसरे संगठनों को एनएमडीसी की तरह प्रति वर्ष राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन करना चाहिए।

इसके पश्चात संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ.वी. वेंकटेश्वर राव ने 'राजभाषा प्रबंधन' पर पीपीटी के माध्यम से अपने विचार रखे जो उपस्थित राजभाषा अधिकारियों के लिए महत्वपूर्ण थे। संगोष्ठी के तीसरे सत्र के अतिथि वक्ता डॉ. राजनारायण अवस्थी ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अनुवाद' विषय पर अपना सत्र लिया। संगोष्ठी का संचालन देबाशीष घोष, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुश्री सुरेखा, अप्रेंटिस प्रशिक्षु ने सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर सभी राजभाषा अधिकारी उपस्थित रहे। राजेश कुमार गोंड, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा मेगा मेडिकल कैंप कल

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा क्षत्रिय (राजपूत) ट्रस्ट बोर्ड के सहयोग से 159वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप रविवार 25 जनवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक अंबरपेट रोड नंबर 6 स्थित महाराणा प्रताप फंक्शन पैलेस में आयोजित किया जाएगा।

अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किम्स सनशाइन हॉस्पिटल बेगमपेट द्वारा जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी, बीपी जांच, आरबीएस की सेवा दी जाएगी। शिविर में रेनबो चिल्ड्रन्स हार्ट के विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। साथ ही इंस्टीट्यूट अवसर पर लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद साधुराम आई हॉस्पिटल, दोमल गुडा द्वारा रोगियों के नेत्रों की जांच कर निशुल्क चश्मे तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। अवसर पर सामान्य जांच डॉ. अखिल क्लिनिक के जनरल फिजिशियन डॉ. अखिल सुगंधी और डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी द्वारा दी जाएगी। अवसर पर दांतों की जांच एसएनआर डेंटल के डॉ.एस. तेजस्वी नवनीत राज द्वारा की गई। फिजियोथैरेपी की सेवा बजाज फिजियो केयर की डॉ.मीता बजाज द्वारा दी जाएगी। शिविर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा एक रोगी को कृत्रिम अंग व रोगियों के लिए निशुल्क डायलिसिस की सेवा दी जाएगी। इसके लिए रोगी को अपने पूर्व के चिकित्सा रिपोर्ट लानी होगी ताकि उनको सही परामर्श दिया जा सके। यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा लेकिन शिविर में नाम पंजीकरण दोपहर 12 बजे तक ही किया जाएगा। शिविर के लिए संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, गोपाल सिंह, कुंदन सिंह, रघुनंदन सिंह से संपर्क किया जा सकता है।




**कृष्णा गोपाल सेवा समिति ने आज बसंत पंचमी पर अनाथ बच्चों को किताबें और स्टेशनरी का सामान दिया। अध्यक्ष कपिल कुमार अग्रवाल सचिव सचिन अग्रवाल संयुक्त सचिव मनोज गुप्ता कोषाध्यक्ष कुश अग्रवाल ईसी सदस्य सुनील दराडे संजय धन्नावत**

## सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न




हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण भारत कान्यकुब्ज सभा के तत्वावधान में सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम उप्पुगुडा स्थित कान्यकुब्ज भवन में संपन्न हुआ। पुरोहित पंडित बिर्ज किशोर तिवारी एवं किरण कुमार जोशी, अतुल शुक्ल, मानस तिवारी द्वारा बटुकों धनुष प्रसाद तिवारी, प्रणय शुक्ल, शिखर तिवारी, पी.संस्कार, कबीर शर्मा, भूपेशशर्मा, रुद्रांशशर्मा, लोकेश कुलकर्णी, तेजेसतिवारी, रितिक तिवारी, कुश्ग्र मिश्र, प्रिथ्विक तिवारी, आदित्य तिवारी, आशीष, अभिषेक, श्रीकांत कुलकर्णी, बी चेतन सिंड, हेमंत सिंड, पाण्डेय शिवश, अभिनव तिवारी, प्रधान कुमार शुक्ल, विनय कुमार शुक्ल, साईं दत्त मिश्र, आदित्य शुक्ल, कुशल दुबे, ऍम.आशीष, राहुल दुबे को हवन एवं वैदिक मंत्रोचारण के बीच ब्रह्मचर्य की दीक्षा दी एवं जानेउ धारण कराया।

कार्यक्रम में समाज के अलावा अन्य समाज के लगबग 500 बन्धुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के भव्यता प्रदान करने में अध्यक्षता डॉ. राम कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विजय पाल पाण्डेय, गोपाल प्रसाद शुक्ल, बाला प्रसाद तिवारी, श्रीमती शोभा दुबे, जय शंकर प्रसाद तिवारी, राजेंदर प्रसाद तिवारी, विनोद प्रसाद तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ल, दुर्गा प्रसाद मिश्र, प्रेम सुंदर शुक्ल, राहुल मिश्र श्रीदत शुक्ला, लक्ष्मीनारायण


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें। द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**संख्याः एनडब्ल्यू/148/डब्ल्यू।।।/ टेंडर नोटिस/2025-26, दि.21-01-2026** PUB/1800

निविदा विवरण को पहले ही **वेबसाइटः www.ireps.gov.in** पर अपलोड किया गया है।

**क्रम संख्याः 1,** निविदा संख्याः टी-2025-26-1-101, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.7,90,12,922.80, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.5,45,100.00, कार्य पूरा करने की अवधिः बारह महिने, कार्य विवरणः नांदेड स्टेशन पर बल्लास्ट लेस्स ट्रैक का प्रावधान। (130 किमी प्रति घण्टा- की स्पीड- रोड2-720एम हेतु बीएलटी-आयएफएस की नई डिजाइन की ट्रेल), निविदा प्रपत्र मूल्य रु.शून्य

**क्रम संख्याः 2,** निविदा संख्याः टी-2025-26-3-102, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.4,34,45,271.76, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.3,67,200.00, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजनः एमएमआर-एमयुड सेक्शनः एडीइएन/पीएयुज क्षेत्राधिकार के तहत कार्य पूरा करने की अवधि बारह (12) महिने (तीन महिने (03) मोबिलाइजेशन या सक्रियण अवधि मिलाकर) हेतु यांत्रिक पध्दति द्वारा परभणी (पीबीएन) बाल्लास्ट डिपो पर 50 एमएम गेज हार्ड एवं ड्यूरेबुल मशीन से कुचला हुवा स्टोन बाल्लास्ट की आपूर्ति व इसका ढेर लगाना तथा इसे ही या उक्त को हापर/ट्राफिक बाल्लास्ट वैगान में लदान करना। निविदा प्रपत्र मूल्य रु.शून्य

**क्रम संख्याः 3,** निविदा संख्याः टी-2025-26-3-103, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.6,05,86,691.58, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.4,52,900.00, कार्य पूरा करने की अवधिः नौ महिने, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू-।- नांदेड डिवीजनः एसएसइ/पी.वे/एलएसआर क्षेत्राधिकारः विविध याड्र्स पर प्रस्तावित सुरक्षा संबंधित यार्ड का सुधार व उन्नयन कार्य (आईआरपीएसएम प्रोजेक्ट आयडीः11.04.31.25.3.53.009)। एसडब्ल्यू-।।- नांदेड डिवीजनः एसएसइ/पी.वे/एडब्ल्यूडी क्षेत्राधिकारः विविध याड्र्स पर प्रस्तावित सुरक्षा संबंधित यार्ड का सुधार व उन्नयन कार्य (आईआरपीएसएम प्रोजेक्ट आयडीः11.04.31.25.3.53.010)। निविदा प्रपत्र मूल्य रु.शून्य

**क्रम संख्याः 4,** निविदा संख्याः टी-2025-26-3-104, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.9,70,79,850.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.6,35,400.00, कार्य पूरा करने की अवधिः चौबीस महिने, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजनः एमएमआर-एमयुइ सेक्शनः एडीइएन/पीएयुज क्षेत्राधिकार के तहत कार्य पूरा करने की अवधि चौबीस (24) महिने (तीन महिने (03) मोबिलाइजेशन या सक्रियण अवधि मिलाकर) हेतु यांत्रिक पध्दति द्वारा पिंगली (पीआयजेड) बाल्लास्ट डिपो पर 50 एमएम गेज हार्ड एवं ड्यूरेबुल मशीन से कुचला हुवा स्टोन बाल्लास्ट की आपूर्ति व इसका ढेर लगाना तथा उक्त इसे ही हापर/ट्राफिक बाल्लास्ट वैगान में लदान करना। निविदा प्रपत्र मूल्य रु.शून्य

**क्रम संख्याः 5,** निविदा संख्याः टी-2025-26-3-105, एथारिटीः को-आर्ड., निविदा मूल्य रु.8,15,66,689.05, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.5,57,800.00, कार्य पूरा करने की अवधिः नौ महिने, कार्य विवरणः एसडब्ल्यू-।- नांदेड डिवीजनः एमएमआर-एडब्ल्यूबी सेक्शन (एसआरडीइएन/डब्ल्यू/एनइडी) 115 किमी बाड लम्बाई या फेन्सिन्ग लेन्थ (फेज-।) हेतु एनएचएआय एन्टि-क्रैश बैरियर/डब्ल्यू-बीएम स्टील फेन्सिंग का इस्तेमाल करते हुए स्पीड 130 किमी प्रति घंटा तथा इससे अधिक के लिए ट्रैक की ओर सेफ्टी फेन्सिंग/बाउण्डरी वाल का प्रावधान।

(आईआरपीएसएम आयडी 11.04.16.24.3.53.002, वित्तीय वर्ष 2024-25) (शेष कार्य-केवल नालियों का कार्य)।

एसडब्ल्यू-।।- नांदेड डिवीजनः एडब्ल्यूबी -जे सेक्शन (एसआरडीइएन/डब्ल्यू/एनइडी) 85 किमी बाड लम्बाई या फेन्सिन्ग लेन्थ (फेज-।) हेतु एनएचएआय एन्टि-क्रैश बैरियर/डब्ल्यू-बीएम स्टील फेन्सिंग का इस्तेमाल करते हुए स्पीड 130 किमी प्रति घंटा तथा इससे अधिक के लिए ट्रैक की ओर सेफ्टी फेन्सिंग/बाउण्डरी वाल का प्रावधान।(आईआरपीएसएम आयडी 11.04.16.24.3.53.001, वित्तीय वर्ष 2024-25) (शेष कार्य-केवल नालियों का कार्य)।

एसडब्ल्यू-।।।- नांदेड डिवीजनः एमएमआर -जे सेक्शन (एसआर.डीइएन/डब्ल्यू/एनइडी) 64.58 किमी बाड लम्बाई या फेन्सिन्ग लेन्थ (फेज-।।) हेतु एनएचएआय एन्टि-क्रैश बैरियर/डब्ल्यू-बीएम स्टील फेन्सिंग का इस्तेमाल करते हुए स्पीड 130 किमी प्रति घंटा तथा इससे अधिक के लिए ट्रैक की ओर सेफ्टी फेन्सिंग का प्रावधान। (आईआरपीएसएम आयडी 11.04.16.24.3.53.004, वित्तीय वर्ष 2024-25) (शेष कार्य-केवल नालियों का कार्य)। निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य ।

**क्रम संख्याः1,** निविदा संख्याः टी-202526-1-101, तत्समान स्वभाव का कार्य ( रु.50 लाख मूल्य से अधिक) -पैसेंजर रन्निंग लाइन्स पर इंडियन रेलवेज या वर्ल्ड रेलवेज सिस्टम्स या मेट्रो रेलवे परियोजनाओं से जुडा बाल्लास्ट लेस्स ट्रैक (बीएलटी) निर्माण कार्य शामिल हो संबंधित कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य।

**क्रम संख्याः2,** निविदा संख्याः टी-202526-3-102, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख मूल्य से अधिक) -ई-1- क्षेत्रीय रखरखाव कार्य रहित कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य, जिसमें ।) मशीन से कुचला हुवा ग्रेडेड स्टोन एग्रेगेट्स या रेलवे ट्रैक बाल्लास्ट की आपूर्ति। (या) ।।) लचीली या कठोर पक्की सडकें अथवा रिजीड पेवमेंट का निर्माण या ग्रैन्युएल सब-बेस (जीएसबी) बिछाना। (या) ।।।) नींव या फाउंडेशन का निर्माण तथा कांक्रीट में प्रमुख पुलों की सब स्ट्रक्चर या सुपर स्ट्रक्चर निर्माण कार्य शामिल हो।

**क्रम संख्याः3,** निविदा संख्याः टी-202526-3-103, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख मूल्य से अधिक)-ट्रैक रखरखाव कार्य को मिलाकर कोई भी रेलवे ट्रैक कार्य।

**क्रम संख्याः4,** निविदा संख्याः टी-202526-3-104, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख मूल्य से अधिक)- ई-1- क्षेत्रीय रखरखाव कार्य रहित कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य, जिसमें ।) मशीन से कुचला हुवा ग्रेडेड स्टोन एग्रेगेट्स या रेलवे ट्रैक बाल्लास्ट की आपूर्ति। (या) ।।) फ्लेक्सीबुल या रिजीड पेवमेंट अथवा लचीली पक्की सडकों का निर्माण या ग्रैन्युएल सब-बेस (जीएसबी) बिछाना। (या) ।।।) नींव या फाउंडेशन का निर्माण तथा कांक्रीट में मुख्य पुलों की सब स्ट्रक्चर या सुपर स्ट्रक्चर निर्माण कार्य शामिल हो।

**क्रम संख्याः5,** निविदा संख्याः टी-202526-3-105, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख मूल्य से अधिक)- कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य (ट्रैक कार्यो/क्षेत्रीय कार्यो को छोडकर)।

उपरोक्त निविदा दि.13-02-2026 के 15.00 बजे बंद होगी।

**--वरिष्ठ विभागीय अभियंता/को-आर्डिनेशन/नांदेड**

**निविदा संख्याः जीटीएल-इएम-67-2025-26, दि.22-01-2026** PUB/1798

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा संख्याः जीटीएल-इएम-67-2025-26**

**कार्य विवरणः** अदोनिः एबीएस फेज-।। के तहत स्टेशन का प्रस्तावित अपग्रेडेशन या उन्नयन कार्य। (1) स्टेशन बिल्डिंग की पहली मंजिल का निर्माण कार्य। (2) इलेक-एम कार्य, (3) डिजीटल डिस्प्ले बोड्र्स, एस&टी कार्य, (4) इलेक-टीआरडी कार्य, (5)फुल सीओपी का प्रावधान, (6) लोकल आर्ट, (7) दिव्यांग शौचालयों का कार्य -बिजली व्यवस्थाएं।

**अनुमानित मूल्य रु.5,22,15,159.65**

**बंद करने की तिथि व समयः 12-02-2026 के 15.00 बजे**

निविदा की बोली लगाने या टेंडर बिड्डिंग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुध्दिपत्र, यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर जारी किया जायेगा। निविदाकार, निविदा दस्तावेज को, निःशुल्क रुप में http://www.ireps.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

**नोटः** इस ई-निविदा में भाग लेने/बोली लगाने हेतु निविदाकार के पास वैध डीएससी (डिजीटल सिग्निचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुंटकल**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्याः डीआरएम/वर्क्स/बीजेडए/03/2026, दि.22-01-2026** PUB/1799

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु विवरित हरेक तिथि के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम संख्याः1,** निविदा संख्याः ई-01-दक्षिण-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः कार्य का नामः एसडब्ल्यू ।-ओजीएलः एसएसइ/डब्ल्यू/ओजीएल में ओजीएल कालोनी रिप्लेसमेंट अकाउंट पर नये स्टाफ क्वार्टर्स टाइप-IV (2 संख्यक), टाइप-।।। (5संख्यक) का प्रावधान। आईआरपीएसएम 11.06.51.25.3.55.005

एसडब्ल्यू ।।-जीडीआरः सीनि. डीइएन/दक्षिण/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/एनएलआर सब डिवीजन के अंतर्गत जीडीआर पर जेड'स एएनएस सीनियर टेक्नीशियनों हेतु नये स्टाफ क्वार्टर्स टाइप ।।।- 8संख्यक का निर्माण। आईआरपीएसएम 11.06.51.25.3.55.004

कार्य पूरा करने की अवधिः 12 (बारह) महिने, निविदा मूल्य रु.5,13,65,566.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.4,06,800.00, बंद करने की तिथिः 06-02-2026

**क्रम संख्याः2,** निविदा संख्याः इ-02-पूर्व-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः कार्य का नामः इएलएस/बीजेडए- प्रस्तावित विस्तारित एमएल बे (2 स्पैन्स) सिविल पोर्शन युक्त हैड्रालिक व्हील प्रेस-इन(500टी) मशीन का प्रावधानः दो स्पैन्स (2 x13x9.5 मीटर) द्वारा विजयवाडा छोर की ओर आच्छादित शेड सहित एमएल बे का विस्तार, एक स्पैन ( x17x9.5 मीटर) द्वारा विजयवाडा छोर की ओर आच्छादित शेड सहित एचएल बे का विस्तार तथा अनुमानित लंबाई 4% मीटर हेतु विजयवाडा की तरफ-एमएल, एचएल व एलएल बे के बीच क्रूस ट्रैक का प्रावधान। कार्य पूरा करने की अवधिः 12 (बारह) महिने, निविदा मूल्य रु. 2,46,31,304.00, पूर्व धरोहर राशि रु. 2,73,200.00, बंद करने की तिथिः 13-02-2026

**क्रम संख्याः 3, निविदा संख्याः इ-03-पूर्व-बीजेडए-2026,** कार्य विवरणः कार्य का नामः दो वर्ष की अवधि हेतु डीइएन/इस्ट/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/लाइन्स/बीजेडए सब डिवीजन के एसएसइ/पी-वे/साउथ/बीजेडए में बीजेडए-आरएमवी, बीजेडए-जीएलए, बीजेडए-एमटीएमआय तथा बीजेडए यार्ड के बीच स्टेशनों के एप्रोचेस में कपडों को उठाना या रैग्स पिकिंग कार्य। कार्य पूरा करने की अवधिः 24 (चौबीस) महिने, निविदा मूल्य रु.36,89,430.00, पूर्व धरोहर राशि रु.73,800.00, बंद करने की तिथिः 13-02-2026

निविदा शर्तें/अन्य कार्य विवरणों जैसे संपूर्ण कार्य जानकारी, उपरोक्त कार्य का तत्समान स्वभाव का कार्य, अर्हता मानदंड आदि, वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, तत्संबंधित किसी भी परिवर्तनों /शुध्दिपत्रों को नोट करने हेतु निविदा बंद होने की तिथि से पहले वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

यह निविदा सूचना, विभागीय रेलवे प्रबंधक (कार्य), दक्षिण मध्य रेलवे, विजयवाडा स्थित कार्यालय पर रखे हुए नोटिस बोर्ड पर भी दर्शाया गया है तथा विजयवाडा डिवीजन के एडीइएन सब-डिवीजनल आफिसों में भी दर्शाया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), विजयवाडा**

**ई-निविदा सूचना संख्याः13 से 14/2025-26** PUB/1797

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता (रखरखाव), गुंटूर द्वारा आईआरईपीएस **पोर्टलः www.ireps.gov.in** के माध्यम से निम्न ई-निविदाएं आमंत्रित है।

**क्रम संख्याः01,** निविदा शीर्षकः गुंटूर डिवीजनः चिटयाल्ला स्टेशन पर स्टाफ क्वार्टर्स टाइप-।। (10 युनिट्स) का निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं।

निविदा संदर्भ संख्याः जीएनटी-इ.13.2025-26, दि.20-01-2026, अनुमानित मूल्य रु.55,46,509.90, पूर्व धरोहर राशि रु.1,10,900.00, निविदा प्रपत्र मूल्य (गैर-वापसी) रु.शून्य ।

**क्रम संख्याः02,** निविदा शीर्षकः 1) गिद्दलूर स्टेशन पर पुराने जर्जर स्टाफ क्वार्टर्स टाइप-।(10 युनिट्स) का रिप्लेसमेंट या प्रतिस्थापन। 2)गुंटूर डिवीजनः सत्तेनापल्ली स्टेशन पर स्टाफ क्वार्टर्स टाइप-।। (10 युनिट्स) का निर्माण कार्य। 3) गुंटूर डिवीजन-नडीकुडी स्टेशन पर पुराने जर्जर स्टाफ क्वार्टर्स टाइप-।(14 युनिट्स) का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट करना-बिजली व्यवस्थाएं। निविदा संदर्भ संख्याः जीएनटी-इ.14.2025-26, दि.20-01-2026, अनुमानित मूल्य रु.1,76,78,351.67, पूर्व धरोहर राशि रु.2,38,400.00, निविदा प्रपत्र मूल्य (अप्रतिदेय) रु. शून्य

ई-बिड्स की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समयः 11-02-2026 के 15.30 बजे तक

अन्य अधिक संचार/शुध्दिपत्र को केवल **ई-पोर्टलः www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जायेगा।

**विभागीय बिजली अभियंता, रखरखाव, गुंटूर**

A2274

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी व निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें। द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**सीजीएचएस दरों पर आपातस्थिति में रेलवे लाभार्थियों के प्रति रेफरल हास्पीटल के रुप में एम्पैनलमेंट हेतु निजामाबाद पर विख्यात निजी अस्पतालों से रुचि की अभिव्यक्ति** PUB/1801

चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, हैदराबाद डिवीजन, हेल्थ युनिट निजामाबाद द्वारा सीजीएचएस पर रेलवे लाभार्थियों के प्रति रेफरल हास्पीटल के रुप में एम्पैनलमेंट या सूचीबध्दता हेतु निजामाबाद पर स्थित विख्यात निजी अस्पतालों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित है।

यदि इच्छुक होनेपर, लिफाफे में मुहरबंद की गयी अपने-अपने रुचि की अभिव्यक्ति (इओआय) को, रेफरल हास्पीटल्स के एम्पैनलमेंट हेतु (इओआय)'' अंकित कर, दि.02-02-2026 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर प्रेषित करें।

A2282 **चीफ मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, हैदराबाद**

**स्वतंत्र वार्ता**

Email : svaarttha2006@gmail.com svaarttha@rediffmail.com svaarttha2006@yahoo.com

Epaper : epaper.swatantravaartha.com

For Advertisement : swadds1@gmail.com

# रणजी ट्रॉफी में सरफराज खान का दोहरा शतक

## > मुंबई ने पहली पारी में बनाए 560 रन

हैदराबाद, 23 जनवरी (एजेंसियां)। राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड के मुकाबले में सरफराज खान के दोहरे शतक की बदौलत मुंबई ने पहली पारी में 560 रन बनाकर मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से रोमांचित करने वाले सरफराज खान जब मुंबई के लिए उजले कपड़ों में उतरे तो उनकी बल्लेबाजी उनकी क्षमता के मुताबिक ही निखरकर सामने आई। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे सरफराज खान ने 219 गेंद पर 9 छक्कों और 19 चौकों की मदद से 227 रन की पारी खेली। उनकी इसी पारी के दम पर मुंबई पहली पारी में 560 रन बना सकी। सरफराज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट का यह पांचवां दोहरा शतक था। पारी के दौरान दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने 5,000 रन



भी पूरे किए। सरफराज खान ने चौथे विकेट के लिए सिद्धेश लाड के साथ 249 रन की अहम साझेदारी की। इसके अलावा, सरफराज ने सुवेद परकर के साथ भी छठे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की।

सिद्धेश लाड ने 179 गेंद पर 2 छक्कों और 10 चौकों की मदद से 104 रन बनाए। वहीं सुवेद ने 98 गेंद पर 1 छक्के और 11 चौकों की मदद से 75 रन की पारी खेली। इसके अलावा, मुंबई के लिए सलामी बल्लेबाजों अखिल हर्वाडेकर ने 27 और आकाश आनंद ने 35 रन की पारी खेली। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी हुई।

अथर्व अंकोलेकर ने भी 22 गेंद पर 35 रन बनाए। हैदराबाद की तरफ से सीटीएल रक्षण सबसे सफल गेंदबाज रहे। रक्षण ने 24 ओवर में 107 रन देकर 4 विकेट लिए। रोहित रायडू ने 2 विकेट लिए। कप्तान मोहम्मद सिराज, नीतिन साई यादव और कोडीमेला मधुशन हिमतेजा को 1-1 विकेट मिला।

## मिल्ने चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

स्पोर्ट्स डेस्क, 23 जनवरी (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह काइल जैमीसन को न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया गया है। मिल्ने को यह चोट एसए20 लीग में पिछले रविवार एमआई केप टाउन के खिलाफ सनराइजर्स ईस्टर्न केप की ओर से खेलते हुए लगी थी। वे अपने पहले ही ओवर में चोटिल हो गए थे। बाद में स्कैन में चोट के गंभीर होने की पुष्टि हुई, जिसके चलते उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

जैमीसन अभी भारत के खिलाफ चल रही सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं। जैमीसन पहले वर्ल्ड कप स्क्वॉड में बतौर ट्रैवलिंग रिजर्व शामिल थे। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में वदलाव की डेड लाइन 31 जनवरी तक है। इसके बाद किसी भी रिप्लेसमेंट के लिए आईसीसी से मंजूरी लेनी होगी।

# एक और वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी की दौड़ में भारत

## इस चैंपियनशिप के लिए लगाई बोली



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारत 2028 में होने वाले दो बड़े अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए प्रयास कर रहा है जिसके लिए राष्ट्रीय महासंघ ने भुवनेश्वर में विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अहमदाबाद में विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगाई है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 2024 के अंत में विश्व एथलेटिक्स प्रमुख सेबेस्टियन को के भारत दौरे के दौरान ही अहमदाबाद में 2028 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बोली लगा दी थी। ताजा घटनाक्रम में एएफआई ने भुवनेश्वर में 2028 विश्व इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी बोली लगाई है। विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने बुधवार को भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम परिसर में अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और पूर्व एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमरीवाला के साथ ओडिशा सरकार के अधिकारी भी मौजूद थे। विश्व एथलेटिक्स मार्च में 2028 और 2030 जूनियर विश्व चैंपियनशिप के मेजबान देशों की घोषणा करेगा। विश्व इंडोर चैंपियनशिप के मेजबान शहर की घोषणा भी इसी महीने होने की संभावना है। मालूम हो कि एएफआई ने 2028 एशियन इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए भी भुवनेश्वर को लेकर बोली लगाई है। यह इंडोर स्टेडियम मार्च में भारत की पहली राष्ट्रीय इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। अहमदाबाद 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा और वह 2031 विश्व (सीनियर) एथलेटिक्स चैंपियनशिप और 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी बोली लगा रहा है।

# पीवी सिंधु को मैच के दौरान रेड कार्ड

## कोर्ट पर दिखा हाई वोल्टेज ड्रामा; लक्ष्य का सफर खत्म



नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में सफर क्वार्टरफाइनल में ही थम गया। शुक्रवारको खेले गए मुकाबले में सिंधु को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फी के हाथों सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। चेन यू फी ने यह मुकाबला 21-13, 21-17 से अपने नाम किया।

**कोर्ट पर दिखा जबरदस्त ड्रामा**

मैच के दौरान जकार्ता के कोर्ट नंबर 1 पर काफी ड्रामा देखने को मिला। दूसरे गेम में 12-17 से पीछे चल रही सिंधु ने एक लाइन कॉल को लेकर नाराजगी जताई, जिसके चलते उन्हें पहले पीला कार्ड और फिर लाल कार्ड दिखाया गया। हालांकि, बाद में मैच रेफरी के हस्तक्षेप के बाद लाल कार्ड को रद्द कर दिया गया।

लाल कार्ड हटने के बाद सिंधु ने जबरदस्त जज्बा दिखाया और लगातार अंक जीतते हुए स्कोर 17-18 तक पहुंचा दिया। लेकिन अंत में वह इस लय को बरकरार नहीं रख सकीं और दूसरा गेम 17-21 से गंवा बैठीं। पहले गेम में चेन यू फी पूरी तरह हावी रहीं। उन्होंने सिंधु के बैकहैंड पर हाफ स्मैश और फिर फोरहैंड पर तेज स्मैश लगाकर दबाव बनाया। सिंधु ने गेम के अंत में कुछ बेहतरीन नेट शॉट्स खेले, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**लक्ष्य सेन भी बाहर, थाई खिलाड़ी ने किया उलटफेर**

भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन भी इंडोनेशिया मास्टर्स में आगे नहीं बढ़ सके। क्वार्टरफाइनल में उन्हें थाईलैंड के 21 वर्षीय पनिचापोन तीरारत्साकुल के हाथों करीबी मुकाबले में हार झेलनी पड़ी। कोर्ट नंबर 2 पर खेले गए इस मैच में थाई खिलाड़ी की रफ्तार और लगातार स्मैशों के सामने लक्ष्य सेन संघर्ष करते नजर आए। दुनिया में 12वें स्थान पर काबिज और सातवें वरीय लक्ष्य सेन को विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर मौजूद पनिचापोन ने 20-18, 22-20 से हराया। हालांकि, लक्ष्य की डिफेंस काबिले-तारीफ रही, लेकिन निर्णायक मौकों पर थाई खिलाड़ी ने बाजी मार ली। पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन की हार के साथ ही इंडोनेशिया मास्टर्स 2025 में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

अब भारतीय खिलाड़ी आगामी टूर्नामेंट्स में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे दौर में सबालेंका

## मेदवेदेव दो साल बाद ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में, अल्काराज ने 87 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की

मेल्बोर्न, 23 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में शुक्रवार को टॉप सीड आर्यना सबालेंका, मेन्स के वर्ल्ड नंबर-1कार्लास अल्काराज, डेनियल मेदवेदेव और विटोरिया म्बोको तीसरे राउंड में जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

सबालेंका ने कड़े संघर्ष के बाद अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है। सबालेंका ने यह मैच 7-6 (4), 7-6 (7) से जीता। अब चौथे दौर (प्री-क्वार्टर फाइनल) में उनका सामना 19 साल की उभरती हुई कनाडाई खिलाड़ी विटोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को हराकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

**दो टाइब्रेकर तक खिंचा सबालेंका का मैच**

पिछले चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका के लिए पोटापोवा के खिलाफ जीत आसान नहीं रही। पहले सेट में सबालेंका 6-5 और 40-0 से आगे थीं, लेकिन पोटापोवा ने तीन सेट पॉइंट बचाकर खेल को टाइब्रेकर में खींच दिया। टाइब्रेकर में भी स्कोर 3-3 से बराबर होने के बाद सबालेंका ने अनुभव का फायदा उठाया और बैकहैंड विनर के साथ पहला सेट जीता।

दूसरे सेट में कहानी और भी रोमांचक रही। पोटापोवा एक समय 4-0 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 4-4 कर दिया। दूसरे टाइब्रेकर में पोटापोवा के पास सेट जीतने के तीन मौके थे, लेकिन दबाव के पलों में सबालेंका ने अपना संयम बनाए रखा और मैच अपने नाम किया। मैच के बाद ऑन-कोर्ट इंटरव्यू में सबालेंका ने अपनी विपक्षी खिलाड़ी की जमकर



तारीफ की। उन्होंने कहा, 'पोटापोवा ने अविश्वसनीय टेनिस खेला। मैं लगभग पूरे मैच में बैकफुट पर थी। खेल में कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आपको बस लड़ना होता है और जीत के लिए जूझना पड़ता है, आज का दिन वैसा ही था।'

**19 साल की विटोरिया म्बोको पहली बार प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची**

कनाडा की 19 साल की विटोरिया म्बोको के लिए 23 जनवरी का दिन ऐतिहासिक रहा। उन्होंने क्लारा टॉसन को तीन सेटों के मुकाबले में 7-6(5), 5-7, 6-3 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में जगह बनाई है। जॉन कैन एरिना में हुआ यह मैच उतार-चढ़ाव से भरा रहा, जहां दोनों खिलाड़ियों ने बेसलाइन से लंबी रैलियां कीं।

**निर्णायक सेट में दिखाया म्बोको ने दम**

दूसरे सेट में कई मौके गंवाने के बाद म्बोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में अपनी लय वापस पा ली। उन्होंने लगातार तीन गेम जीतकर 4-1 की बढ़त बना ली। टॉसन ने वापसी की कोशिश की और दो गेम जीते, लेकिन म्बोको ने अपनी पावर और सटीक शॉट्स के दम पर जीत सुनिश्चित की। म्बोको ने अपनी इस जीत पर कहा, 'यह सब खुद पर विश्वास का नतीजा है। मैं पहली बार यहां खेल रही हूं और चौथे दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।'

**डेनियल मेदवेदेव 2024 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे**

दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। 29 साल मेदवेदेव ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए मुकाबले में हंगरी के फाबियन मारोजसन को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में 6-7, 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। 2024 के बाद यह पहली बार है जब मेदवेदेव किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे हैं।

# आईसीसी की डेडलाइन तक बांग्लादेश ने जवाब नहीं दिया

## > स्कॉटलैंड को शामिल करने की तैयारी में काउंसिल

स्पोर्ट्स डेस्क, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश टीम का टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होना लगभग तय माना जा रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने आईसीसी की ओर से दी गई 24 घंटे की डेडलाइन के भीतर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया। क्रिकबज के अनुसार, इसी वजह से इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) अब बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल करने की तैयारी कर रही है।

बांग्लादेश बोर्ड ने पहले ही सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आईसीसी ने गुरुवार को बोर्ड को एक दिन का अतिरिक्त समय दिया, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया है। इससे आईसीसी के सामने स्थिति साफ



नहीं हो पाई है।

**हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं**

बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को नेशनल टीम के खिलाड़ियों के साथ आज ढाका में बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने कहा, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता अब भी बनी हुई है।'

**बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार क्यों किया**

1. बांग्लादेश में हिंदुओं की लगातार हो रही हत्याओं के विरोध में बीसीसीआई ने बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करवा दिया। बीसीबी ने इसका विरोध किया।

2. मुस्तफिजुर को बाहर किए जाने को बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टियों ने मुद्दा बना दिया। फिर यूनुस सरकार ने अपने देश में आईपीएल प्रसारण पर बैन लगा दिया। इसके बाद क्रिकेट बोर्ड ने भारत में वर्ल्ड कप ना खेलने की मांग की जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया।

**पाकिस्तान ने समर्थन किया था, लेकिन बहिष्कार नहीं**

एक दिन पहले बांग्लादेश को उम्मीद थी कि पीसीबी उसके समर्थन में टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा। पाकिस्तानी बोर्ड ने आईसीसी बोर्ड मीटिंग में सपोर्ट भी किया, लेकिन टूर्नामेंट से हटने की बात नहीं कही। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप खेलने के फैसले पर फिर विचार कर सकता है।

# टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले ही लगा बड़ा झटका

## एक साथ 2 स्टार खिलाड़ी बाहर, एक और पर मंडरा रहा खतरा

स्पोर्ट्स डेस्क, 23 जनवरी (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका की टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी को बड़ा झटका लगा है। टीम के तीन अहम बल्लेबाज टोनी डी जोरजी, डोनोवन फेरेरा और डेविड मिलर चोटिल हो गए हैं। ये चोटें वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज और भारत व श्रीलंका में होने वाले वर्ल्ड कप से ठीक पहले लगी हैं। डी जोरजी को तो वर्ल्ड कप से बाहर ही कर दिया गया है, जबकि फेरेरा भी वर्ल्ड कप नहीं खेल पाएंगे। मिलर की स्थिति भी अनिश्चित है और उनका खेलना फिटनेस टेस्ट पर निर्भर करेगा।

**टी20 वर्ल्ड कप से होना पड़ा बाहर**

टोनी डी जोरजी को दाहिने हैमसट्रिंग में चोट लगी थी, जो पिछले महीने भारत के खिलाफ हुई वनडे सीरीज के दौरान लगी थी। उनकी चोट से उबरने में उम्मीद से ज्यादा समय लग रहा है। इसलिए, टीम मैनेजमेंट ने उन्हें जल्दी वापस लाने का जोखिम नहीं उठाने का फैसला किया है। इस वजह से, डी जोरजी वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 वर्ल्ड कप 2026 दोनों से बाहर हो गए हैं।

**दो खिलाड़ियों को किया गया शामिल**

डोनोवन फेरेरा को बाएं कॉलरबोन में फ्रैक्चर हुआ है। यह चोट उन्हें 17 जनवरी को एसए20 लीग के एक मैच के दौरान लगी थी। इस चोट के कारण, यह आक्रामक बल्लेबाज वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। इन चोटों के चलते, साउथ अफ्रीका ने



वर्ल्ड कप के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम में दो नए खिलाड़ियों को शामिल किया है। रयान रिकेल्टन और ट्रिस्टन स्टब्स को टीम में जगह मिली है। रिकेल्टन की टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी की मजबूती और स्टब्स की ताबड़तो बल्लेबाजी करने की क्षमता टीम के बल्लेबाजी क्रम को और मजबूत बनाएगी।

**डेविड मिलर भी हुए चोटिल**

वरिष्ठ बल्लेबाज डेविड मिलर की चोट भी चिंता का विषय बनी हुई है। उन्हें एडक्टर मसल में चोट लगी है, जो खेलते समय लगी थी। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। वर्ल्ड कप में उनका खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह टूर्नामेंट से पहले फिटनेस टेस्ट पास कर पाते हैं या नहीं। उनकी जगह, रुबिन हरमन को टी20 टीम में शामिल किया गया है। साउथ अफ्रीका अपना टी20 वर्ल्ड कप 2026 अभियान 9 फरवरी को अहमदाबाद में कनाडा के खिलाफ शुरू करेगा। टीम ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, यूएई और कनाडा के साथ है।

# डेविड वार्नर ने सिडनी थंडर के साथ एक साल का करार बढ़ाया

सिडनी, 23 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर लीग क्रिकेट में फिलहाल अपना जलवा बरकरार रखना चाहते हैं। मौजूदा बीबीएल में सिडनी थंडर के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वॉर्नर ने अगले सीजन के लिए भी टीम के साथ करार कर लिया है। सिडनी थंडर ने इसकी जानकारी शुक्रवार को दी। सिडनी थंडर के साथ एक साल का करार बढ़ने पर 39 साल के वार्नर ने कहा, मैं थंडर के साथ एक और सीजन खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक मुश्किल साल था। हम इस सीजन में मैदान पर उतरी टीम से कहीं बेहतर टीम हैं और लगातार अच्छा खेल नहीं दिखा पाए। हमारे फैंस का समर्थन, हर गेम में बड़ी संख्या में आना, इसने मेरे रुकने के फैसले में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। वार्नर ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे पास इस टीम और इस गेम को देने के लिए बहुत कुछ है।

# अजीब तरीके से रन आउट हुए अभिमन्यु ईश्वरन, साल भर का सूखा नहीं कर पाए खत्म

नई दिल्ली, 23 जनवरी (एजेंसियां)। बंगाल के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन रणजी ट्रॉफ के एक मुकाबले में अजीब तरीके से रन आउट हो गए। रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के एलीट राउंड का दूसरा फेज गुरुवार से शुरू हो गया। पहले दिन कुल 16 मुकाबले शुरू हुए। इसी में एक मैच बंगाल और सर्विसेज के बीच भी शुरू हुआ। इस मुकाबले से बंगाल के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन का रन आउट सुर्खियों में आ गया। अभी तक आपने क्रिकेट में कई अजीब रनआउट देखे होंगे, लेकिन अभिमन्यु ईश्वरन का रन आउट काफी अजीब था। अभिमन्यु को अपना यह रन आउट कुछ तो इसलिए भी चुभा क्योंकि वह अपनी गलती की वजह से अजीब तरीके से आउट हुए। इसके अलावा यह रन इसलिए भी चुभा क्योंकि वह शतक से बस 19 रन दूर थे।

**28वें शतक से चूके अभिमन्यु**

अभिमन्यु के लिए यह रन आउट इसलिए भी परेशान करने वाला था क्योंकि वह शतक के काफी करीब आकर अपनी गलती की वजह से



और खराब किस्मत के कारण आउट हुए। अगर वह इस शतक को पूरा कर लेते तो फर्स्ट क्लास क्रिकेट में साल भर के शतक के सूखे को खत्म कर देते। अभिमन्यु अगर यह शतक बना लेते तो यह उनका फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 28वां शतक होता। बंगाल के कप्तान अभिमन्यु का विकेट 41वें ओवर की आखिरी गेंद पर गिरा। दरअसल, सर्विसेज के तेज गेंदबाज आदित्य कुमार की एक गेंद को सुदीप चटर्जी ने सीधे गेंदबाज की तरह ही खेला। अभिमन्यु ने नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़े थे। उन्हें लगा कि ओवर खत्म हो चुका है और ड्रिंक ब्रेक का इशारा किया गया है। यही सोचकर वह तुरंत क्रीज से बाहर निकल गए। उन्होंने इस दौरान रन लेने की कोशिश नहीं की, लेकिन आदित्य कुमार के फॉलो-थ्रू में गेंद उंगलियों को छूती हुई नॉन-स्ट्राइकर एंड के स्टंप्स से जा टकराई और बेल्स नीचे गिर गईं। उस वक्त ईश्वरन क्रीज से बाहर थे। गेंदबाज ने इसके बाद अपील कर दी और ऑन-फील्ड अंपायरों ने थर्ड अंपायर को रेफर कर दिया। रिव्यू में नजर आया कि जिस वक्त गेंद स्टंप्स पर जाकर लगी उस समय वह क्रीज से बाहर थे और थर्ड अंपायर ने आउट करार दे दिया। ईश्वरन के विकेट के साथ 151 रन की वह साझेदारी भी टूट गई थी जो उन्होंने सुदीप चटर्जी के साथ की।

# फोन टैपिंग मामले में केटीआर एसआईटी के सामने पेश



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव शुक्रवार को हैदराबाद पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के सामने पूछताछ के लिए जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन में पेश हुए। यह पूछताछ पूर्व बीआरएस सरकार से जुड़े कथित फोन टैपिंग मामले को लेकर की गई। केटी रामाराव को अकेले ही पुलिस स्टेशन में प्रवेश करने की अनुमति दी गई, जबकि पूर्व मंत्री टी हरीश राव सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को बाहर ही रोक दिया गया। एसआईटी ने उन्हें सीआरपीसी की धारा 160 के तहत नोटिस जारी कर सुबह 11 बजे उपस्थित होने को कहा था।

इससे पहले उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब केटी रामाराव तेलंगाना भवन से पुलिस स्टेशन के लिए रवाना हुए। बड़ी संख्या में बीआरएस कार्यकर्ता उनके वाहन के पीछे चल पड़े। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास किया और तेलंगाना भवन के गेट बंद कर दिए। इस दौरान महिला नेताओं समेत कई कार्यकर्ता घायल हो गए।

बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और पुलिस पर पार्टी कार्यालय में जबरन घुसने का आरोप लगाया। पुलिस द्वारा तेलंगाना भवन को चारों ओर से घेरने और आवाजाही रोकने से स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। वहीं, जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन के पास बीआरएस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री एर्राबेली दयाकर राव, कोप्पुला ईश्वर सहित अन्य नेताओं ने धरना देते हुए पुलिस कार्रवाई की निंदा की और पूछताछ की प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

## हवाई अड्डे पर यात्री के सामान से गोली मिली

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को तिरुपति से हैदराबाद पहुंचे एक यात्री के सामान में गोली मिलने के बाद शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर सुरक्षा को लेकर हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, नियमित सुरक्षा जांच के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने यात्री के सामान में एक गोली पाई, जिसके बाद तुरंत सतर्कता बढ़ा दी गई। सीआईएसएफ कर्मियों ने गोली को जब्त कर लिया और आगे की जांच के लिए यात्री को आरजीआईए पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने यात्री को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि गोली उसके पास कैसे पहुंची और क्या इसका किसी लाइसेंसी हथियार से कोई संबंध है।

# सरकारी जूनियर कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध : रमण राव



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार एवं इंटरमीडिएट बोर्ड के निर्देशों के अनुसार स्थानीय सुल्तानाबाद नगर स्थित सरकारी जूनियर कॉलेज में मेगा पेरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज प्रभारी प्राचार्य जी. श्रीधर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संयुक्त करीमनगर जिला इंटरमीडिएट विशेष अधिकारी वी. रमण राव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी जूनियर कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण मानकों के साथ निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा सरकार कॉलेजों के विकास हेतु निरंतर प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षकों की है, उतनी ही अहम जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। इसी उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कॉलेज में स्थापित वॉल ऑफ फेम का उल्लेख करते हुए छात्रों से अपील की कि वे कॉलेज के पूर्व छात्रों को आदर्श मानकर आगे बढ़ें और जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त करें। कार्यक्रम में पेद्दापल्ली जिला इंटरमीडिएट शिक्षा अधिकारी डी. कल्पना ने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर बल देते हुए अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों को प्रतिदिन कॉलेज भेजें। उन्होंने कहा कि आगामी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न डाला जाए और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए।

इस बैठक में कॉलेज हॉस्टल वार्डन अंजैया, अभिभावक पद्मा, रामचंदर, श्रीनिवास, यशोदा, श्यामला, भाग्यलक्ष्मी, हरिकृष्ण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी अध्यापकगण भी शामिल हुए।

## पेंटर की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल पुलिस ने गौडावेल्ली गांव में बुधवार को हुई एक पेंटर की हत्या के मामले में शुक्रवार को 50 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान एम. लिंगम के रूप में हुई है, जो पेशे से चरवाहा है और मृतक का किराएदार भी था। मृतक जी. लक्ष्मा रेड्डी (42) बुधवार रात अपने घर में मृत पाए गए थे। उनके सिर पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी लिंगम ने लक्ष्मा रेड्डी से कुछ पैसे उधार लिए थे। कर्ज चुकाने से बचने के इरादे से उसने कथित तौर पर हत्या की योजना बनाई। आरोप है कि लिंगम ने कुल्हाड़ी से हमला कर लक्ष्मा रेड्डी की मौके पर ही हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे जांच जारी है और सभी पहलुओं की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

# जीएचएमसी मुख्यालय में मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जीएचएमसी मुख्यालय स्थित पनवर हॉल में जीएचएमसी के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के साथ मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त आयुक्त वेणु गोपाल ने कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त मंगा तय्यारू, विजिलेंस अतिरिक्त एसपी नरसिंह रेड्डी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस सरकार के लिए पुलिस का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता : शब्बीर अली

### निजामाबाद ग्रामीण पुलिस स्टेशन के नए भवन का उद्घाटन



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार पुलिस बल को मजबूत करने और पुलिस कर्मियों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। यह बात सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने शुक्रवार को कांतेश्वर में नवनिर्मित निजामाबाद ग्रामीण पुलिस स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर कही।

शब्बीर अली ने कहा कि प्रभावी पुलिसिंग और बेहतर जनसेवा के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार राज्यभर में जर्जर पुलिस थाना भवनों को बदलने के लिए विशेष रूप से धनराशि आवंटित कर रही है।

सरकार के सलाहकार पी. सुधर्शन रेड्डी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को पूरा करने और कानून-व्यवस्था की निगरानी को और सुदृढ़ करने के लिए नए पुलिस स्टेशनों की आवश्यकता है।

निजामाबाद ग्रामीण विधायक भूपति रेड्डी ने नए पुलिस स्टेशन का स्वागत करते हुए पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी ने पुलिस कर्मियों को तकनीक अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने सीसीटीवी निगरानी, गश्त बढ़ाने और साइबर अपराध व नशीली दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ विशेष रूप से युवाओं में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में आर्मूर विधायक राकेश रेड्डी, जिला कलेक्टर इला त्रिपाठी, पुलिस आयुक्त साई चैतन्य, आईजी चंद्रशेखर (मल्टीजोन-1) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## यूओएच में छात्रों का प्रदर्शन



हैदराबाद, 23 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) के हिंदी विभाग में आयोजित एक सेमिनार के दौरान एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय के खिलाफ की गई टिप्पणियों के विरोध में गुरुवार को छात्रों ने परिसर में प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि सेमिनार में वक्ता डॉ. नीरजा माधव ने समलैंगिकता को अप्राकृतिक बताया और एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय को एड्स जैसी बीमारियों के प्रसार से जोड़ा। इन बयानों को छात्रों ने भेदभावपूर्ण और हानिकारक बताया। एसएफआई इकाई ने हिंदी विभाग से इन टिप्पणियों की निंदा करते हुए आधिकारिक बयान जारी करने की मांग की।

साथ ही छात्रों और शिक्षकों के लिए लिंग और यौनिकता से जुड़ी जागरूकता कार्यशालाएं नियमित रूप से कराने की भी मांग की गई। वहीं, हिंदी विभाग ने स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि वह वक्ता के बयानों से सहमत नहीं है। विभाग ने स्पष्ट किया कि वक्ता अपने बयानों के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए कदम उठाए जाएंगे।












Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.